आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
गुरु अर्जुनदेव जयंती

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 83 | उज्जैन, गुरुवार 09 अप्रैल, 2026 | वैशाख कृष्ण 7 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

### धार जिले के गोंदीखेड़ा चारण गांव में इंदौर के चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड के जैसा मामला

# बेडरूम में कराई पति की हत्या, बॉयफ्रेंड को दी थी 1 लाख की सुपारी

## पत्नी ने रो-रोकर पुलिस को लूट और बंधक बनाने की आपबीती सुनाई थी, वह खुद अपने पति की कातिल निकली

दैनिक अवन्तिका ▶▶ धार

धार जिले के गोंदीखेड़ा चारण गांव में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात एक ऐसा हत्याकांड हुआ, जिसने सबको झकझोर दिया। जिस पत्नी ने रो-रोकर पुलिस को लूट और बंधक बनाने की आपबीती सुनाई थी, वह खुद अपने पति की कातिल निकली।

पुलिस ने महज 6 घंटे की जांच में उस पत्नी का नकाब उतार दिया, जिसने अपने प्रेमी के साथ मिलकर इस पूरी वारदात की पटकथा लिखी थी। जांच में सामने आया कि प्रियंका पुरोहित (27) ने अपने पति देवकृष्ण पुरोहित को रास्ते से हटाने के लिए अपने प्रेमी कमलेश (33) के साथ साजिश रची। इस साजिश के तहत कमलेश ने अपने साथी सुरेंद्र पिता प्रताप सिंह को करीब 1 लाख रुपए की सुपारी दी थी और पूरी घटना को लूट का रूप देने की पहले से प्लानिंग की गई थी। पुलिस ने इस मामले में आरोपी पत्नी और प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं सुपारी लेने वाला आरोपी सुरेंद्र फरार है।



देवकृष्ण-प्रियंका | कातिल पत्नी | प्रेमी कमलेश

### पुलिस को कैसे हुआ शक?

एसपी मयंक अवस्थी के नेतृत्व में जब जांच शुरू हुई तो प्रियंका के बयानों में विरोधाभास नजर आया।

- **सिर पर 12 इंच गहरा घाव:** हमला इतना सटीक और वीभत्स था कि यह सामान्य लूट नहीं, बल्कि रंजिश लग रही थी।
- **संदेहास्पद आचरण:** प्रियंका के बयानों में बार-बार बदलाव और मोबाइल का गायब होना पुलिस को खटक गया।
- **घटनास्थल के साक्ष्य:** सूत्रों के मुताबिक, घटनास्थल से कुछ ऐसी चीजें मिली हैं जिनसे आशंका जताई जा रही है कि कत्ल के बाद आरोपी प्रेमी और प्रेमिका के बीच शारीरिक संबंध भी बने थे।

### लूट का सामान घर में ही छिपा कर रखा था

- धार पुलिस के मुताबिक, यह मामला ठीक वैसा ही है, जैसा इंदौर के चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड में हुआ था। वहां भी पत्नी सोनम ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति को रास्ते से हटाया था। गोंदीखेड़ा में भी प्रियंका ने अपने प्रेमी कमलेश के साथ मिलकर पति देवकृष्ण की हत्या को 'लूट' का रंग देने की कोशिश की।
- दराज से सोने-चांदी के गहने गायब बताए गए थे। हालांकि पुलिस जांच में सामने आया कि कथित लूट का सामान घर में ही छिपाकर रखा गया था, जिससे पूरी कहानी पर शक और गहरा गया।

### मनगढ़ंत कहानी बताई: बदमाशों ने हाथ-पैर बांधे और लूट ले गए

वारदात के बाद प्रियंका ने पुलिस को बताया कि रात में अज्ञात बदमाश घर में घुसे और उन दोनों को अलग-अलग कमरों में बंधक बना लिया। उसने दावा किया कि बदमाश 3 लाख के जेवर और 50 हजार कैश लूट ले गए और विरोध करने पर उसके पति की हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में धारा 331(8), 311, 103(1), 3(5) बीएनएस के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### महज 15 साल की उम्र में हुई थी शादी

जांच में सामने आया कि देवकृष्ण और प्रियंका की शादी बचपन (15 साल की उम्र) में ही हो गई थी। प्रियंका अकसर घर से बाहर रहती थी और उसका समाज के ही कमलेश नामक व्यक्ति के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रियंका 5-6 दिन पहले ही अपने मायके से लौटी थी और शायद तभी इस हत्या की अंतिम योजना तैयार की गई थी।

### सख्ती के आगे टूटा कातिल पत्नी का सब्र

देर रात जब पुलिस ने प्रियंका से कड़ाई से पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कुबूल कर लिया। उसने बताया कि उसने ही प्रेमी कमलेश के साथ मिलकर देवकृष्ण को रास्ते से हटाने की साजिश रची थी ताकि वे दोनों साथ रह सकें।

## देश विदेश

### देशद्रोह केस में 11 साल बाद जेल से बाहर आएगा रामपाल

**चंडीगढ़।** सतलोक आश्रम के प्रमुख रामपाल को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हत्या व अन्य धाराओं में दर्ज केस में उम्रकैद की सजा काट रहे रामपाल को जमानत मिल गई है। रामपाल 11 साल, 4 महीने और 20 दिन से जेल हिसार सेंट्रल जेल-2 में बंद है। वह आज जेल से बाहर आ सकता है। हिसार सेंट्रल जेल-2 के सुपरिंटेंडेंट उमेश कुमार ने बताया कि हाईकोर्ट के जमानत ऑर्डर संबंधित कोर्ट में जाएंगे। उसके बाद वहां बॉन्ड भरा जाएगा। इसके बाद ऑर्डर जेल आएंगे। फिर रामपाल को जेल से रिलीज किया जाएगा। रामपाल को 19 नवंबर 2014 को हिसार जिले के बरवाला स्थित सतलोक आश्रम से गिरफ्तार किया गया था। हाईकोर्ट ने उसे कोर्ट की अवमानना के एक मामले में पेश होने का आदेश दिया था, लेकिन वह पेश नहीं हुआ।

### खड़गे ने गुजरातियों पर दिए बयान पर खेद जताया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को गुजरातियों से जुड़े विवादित बयान पर खेद जताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि मेरे बयान को जानबूझकर गलत तरीके से पेश किया गया। मैं शब्दों पर खेद व्यक्त करता हूं। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, खड़गे ने रविवार को केरल के इडुक्की में कहा था कि राज्य के लोग पढ़े-लिखे और समझदार हैं और उन्हें गुमराह नहीं किया जा सकता, जबकि गुजरात और कुछ अन्य जगहों के लोग अनपढ़ हैं। उधर, गुजराती समुदाय के लोगों ने खड़गे के बयान को लेकर आज दिल्ली में कांग्रेस कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। खड़गे के खिलाफ नारेबाजी की और मांफी मांगने की अपील की।

### जाकिर खान बोले

### धुरंधर से इंडस्ट्री की जली



**भड़कीं अमीषा पटेल बोलीं- नेगेटिविटी मत फैलाओ, शाहरुख-सलमान के पास ज्यादा सुपरहिट, गदर भी याद दिलाई**

**मुंबई।** स्टैंड-अप कॉमेडियन जाकिर खान के फिल्म इंडस्ट्री पर दिए गए एक बयान पर एक्ट्रेस अमीषा पटेल और जवान डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद भड़क गए हैं। दरअसल, हाल ही में स्क्रीन अवॉर्ड होस्ट करते हुए जाकिर खान ने कहा था कि धुरंधर 2 की फिल्म इंडस्ट्री के लोग कितनी भी तारीफ करें, लेकिन असल में उनकी फिल्म से जली है। अमीषा पटेल ने जाकिर खान के इस बयान पर जवाब देते हुए ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा है, नेगेटिविटी फैलाना बंद करो। फिल्म इंडस्ट्री ने धुरंधर को हमेशा महत्व और सम्मान दिया है। शाहरुख खान, सलमान खान, सनी देओल, ऋतिक रोशन, अजय देवगन जैसे सुपरस्टार्स ने सिर्फ एक नहीं बल्कि 25 से ज्यादा मेगा हिट फिल्में दी हैं और आगे भी देते रहेंगे। चिल करो, गदर तो सबने कई सालों से पहले ही मचा रखी है और आगे भी मचाते रहेंगे। पठान और फाइटर जैसी फिल्में बना चुके डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद ने भी जाकिर खान के बयान की निंदा की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा है, जुहू-बांद्रा के लोगों ने पिछले 50 सालों में सभी ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। उनके कॉन्ट्रीब्यूशन को कम आंकने के लिए बहुत बड़ा बेवकूफ होना पड़ेगा। स्क्रीन अवॉर्ड में जाकिर खान ने फिल्म इंडस्ट्री पर निशाना साधते हुए कहा था, लोग कितना भी धुरंधर 2 को बधाई देते हुए पोस्ट डाल दें, रील डाल दें या पब्लिक इंटरव्यू में ये कह दें कि ये उनकी पसंदीदा फिल्म है, लेकिन सच तो ये है दोस्तों कि धुरंधर से सबकी जली तो है। देखिए बम फिल्म में फूटे ल्यारी में, पर धुआं हुआ है जुहू से बांद्रा में। जुहू-बांद्रा से जाकिर का मतलब था, फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोग। जो ज्यादातर उसी जगह रहते हैं।

### टीएमसी का आरोप- चुनाव आयोग ने 5 मिनट में भगाया

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर तृणमूल कांग्रेस और चुनाव आयोग आमने-सामने आ गए हैं। सांसद डेरेक ओ ब्रायन के नेतृत्व में टीएमसी का प्रतिनिधि मंडल बुधवार सुबह दिल्ली में चुनाव आयोग से मिलने पहुंचा। डेरेक ने कहा कि हमने एसआईआर के मुद्दे पर समय मांगा था, लेकिन मीटिंग के दौरान हमारे साथ खराब व्यवहार किया गया। मुख्य चुनाव आयुक्त ने हमें सिर्फ 5 मिनट में भगा दिया। डेरेक ओ ब्रायन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि बैठक सुबह 10.02 बजे शुरू हुई और 10.07 बजे खत्म हो गई। चुनाव आयोग के सूत्रों के मुताबिक, डेरेक ओ ब्रायन ने सीईसी को बोलने से रोका और धमकी दी। वह कोई बात सुन ही नहीं रहे थे। उधर, विपक्षी दलों ने शाम इस मुद्दे पर प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई थी।

### महादेव एप की 'स्पेलिंग' बदली, नए नाम से फिर सक्रिय हुआ सट्टा सिंडिकेट

**रायपुर।** जांच एजेंसियों से बचने के लिए ऑनलाइन सट्टेबाजी वेबसाइट महादेव सट्टा एप के संचालकों ने इसके नाम की स्पेलिंग में छोटा सा बदलाव कर लोगों को फिर झांसा देना शुरू कर दिया है। नए नाम की स्पेलिंग में डबल ए का उपयोग किया गया है। वर्ष 2023 में ईडी ने लगभग 6 हजार करोड़ रुपये के मनी लांड्रिंग मामले की जांच के बाद इस एप पर कार्रवाई की गई थी, लेकिन अब यह आइपीएल और चुनावी सीजन में फिर से सक्रिय हो गया है। इस एप पर क्रिकेट मैचों के परिणामों के साथ-साथ ओवर में बनने वाले रन, विकेट गिरने आदि पर दांव लगाए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त बंगाल, तमिलनाडु, केरलम, असम और पुडुचेरी के विधानसभा चुनावों में किस दल के कितनी सीटें जीतने के अनुमान और राजनीतिक संभावनाओं पर भी सट्टेबाजी की जा रही है।

### इंदौर नगर निगम का 8 हजार करोड़ के बजट पर परिषद में चर्चा

# वंदे मातरम न कहने पर हंगामा

## कांग्रेस पार्षद फौजिया शेख बोलीं- इस्लाम में इजाजत नहीं, इस बयान से बढ़ा विवाद

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



नगर निगम का आठ हजार करोड़ का बजट पेश होने के बाद आज परिषद में चर्चा हुई। सदन में हुए भारी हंगामे के बाद पार्षद फौजिया ने वंदे मातरम गीत पर सफाई दी है। इसके बाद महापौर ने उनकी मानसिकता पर सवाल उठा दिया। वहीं, इन सब के बीच बहुमत के आधार पर बजट को मंजूरी दे दी गई और सम्मेलन समाप्ति की घोषणा कर दी गई।

वहीं, इससे कुछ ही देर पहले पार्षद रूबिना खान ने एक विवादित बयान दे दिया। उन्होंने वंदे मातरम गीत को लेकर चले आ रहे हंगामे को लेकर कहा कि अगर एक बाप की औलाद हो तो बुलवाकर दिखाओ। फौजिया ने कहा कि उनका धर्म इस्लाम उन्हें ऐसा करने की अनुमति नहीं देता। साथ ही पार्षद रूबिना खान द्वारा सभापति को मुन्ना भैया कहकर संबोधित करने पर सदन में विवाद खड़ा हो गया।

### नेता प्रतिपक्ष से माफी मांगने की उठी मांग

भोजनावकाश के बाद सदन की कार्यवाही शुरू हुई और नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने प्रश्नोत्तरकाल का समय बढ़ाने की मांग की तो भाजपा पार्षदों ने मंगलवार को दर्शक दीर्घा में हुए हंगामे पर नेता प्रतिपक्ष से माफी मंगवाने की मांग की। सभापति ने कहा कि मंगलवार को सदन में कुछ घटना हो सकती थी, इसके लिए नेता प्रतिपक्ष को माफी मांगना चाहिए। इसे लेकर काफी देर तक तक दोनों पक्षों की तरफ से हंगामा होता रहा।

### रेपो रेट में बदलाव नहीं लोन महंगे नहीं होंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नए वित्त वर्ष की पहली मीटिंग में रेपो रेट में बदलाव नहीं किया गया है। इसे 5.25% पर बरकरार रखा है। इससे लोन महंगे नहीं होंगे और ईएमआई नहीं बढ़ेगी। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 8 अप्रैल को मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी के फैसलों की जानकारी दी। इससे पहले फरवरी में भी रेपो रेट में बदलाव नहीं हुआ था। आरबीआई ने आखिरी बार दिसंबर 2025 में ब्याज दर 0.25% घटाकर 5.25% की थी। आरबीआई जिस रेट पर बैंकों को लोन देता है, उसे रेपो रेट कहते हैं।

## राऊ में स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी, खाली कराया परिसर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के राऊ क्षेत्र के दिल्ली पब्लिक स्कूल को बुधवार को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिला। सुबह करीब 8.23 बजे स्कूल प्रबंधन को यह मेल मिला, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई और एहतियात के तौर पर पूरे स्कूल परिसर को खाली कराकर छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची, साथ ही बम निरोधक दस्ता को भी बुलाया गया। टीम ने स्कूल के हर हिस्से की बारीकी से जांच की, ताकि किसी भी संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक का पता लगाया जा सके। बताया जा रहा है कि ईमेल में ड्रोन के जरिए स्कूल को उड़ाने की धमकी दी गई थी, जिससे प्रबंधन और अभिभावकों में दहशत फैल गई। हालांकि, जांच के दौरान अब तक कोई भी संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार, यह धमकी भरा मेल सीमा नाम से भेजा गया है। साइबर टीम ईमेल आईडी के आधार पर जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि मेल कहां से भेजा गया।

### मुरैना में गश्त पर निकली थी टीम

# रेत माफिया ने वन रक्षक को ट्रैक्टर से कुचला, मौके पर ही दम तोड़ा

## हत्या के बाद रेत से भरी ट्राली लेकर भाग निकला आरोपी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मुरैना

मुरैना में रेत का अवैध परिवहन कर रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली ड्राइवर ने वन रक्षक को कुचल दिया। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात दिमनी थाना इलाके में रानपुर गांव चौराहे के पास बुधवार सुबह करीब 6 बजे की है।

पुलिस ने बताया कि वन विभाग की 6 सदस्यीय टीम रूटीन गश्त पर निकली थी। इसी दौरान सामने से रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली आती दिखी। टीम ने रुकने का इशारा किया तो ड्राइवर विनोद कोरी ने रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर भागने की कोशिश की। वन रक्षक हरकेश गुर्जर रोकने के लिए आगे बढ़े तो विनोद ने उनको कुचल दिया। फिर ट्रैक्टर-



ट्रॉली लेकर भाग निकला। पास ही बने पेट्रोल पंप के सीसीटीवी में आरोपी विनोद कोरी की तस्वीरें कैद हुई हैं। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़, एसपी समीर सौरभ और डीएफओ हरिशचंद्र बघेल मौके पर पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों से बात की। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

### कानपुर में 20 साइबर ठगों को दौड़ाकर पकड़ा

एजेंसी ▶▶ कानपुर

यूपी में एक और 'मिनी जामताड़ा' का भंडाफोड़ हुआ है। कानपुर पुलिस 17 गाड़ियों के साथ फिल्मी स्टाइल में पहुंची। ड्रोन से रेकी करते हुए पूरे इलाके को चारों ओर से घेर लिया। फिर खेतों में बनीं झोपड़ियों में से 20 साइबर ठगों को अरेस्ट किया। यहां से ही ये लोग ठगी का धंधा चलाते थे। पुलिस के अनुसार, साइबर ठग देशभर में लोगों को कभी पुलिस अधिकारी बनकर तो कभी आवास योजना या बैंक लोन के नाम पर झांसा देते थे। पकड़े गए सभी ठग 5वीं, 8वीं या 11वीं पास हैं। पुलिस की यह कार्रवाई घाटमपुर के रेउना क्षेत्र में की गई।

### विदिशा मंडी में गेहूं 2200 से नीचे बिका, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी ने कहा

# सरकारी योजनाएं केवल कागजों तक सीमित

दैनिक अवन्तिका ▶▶ विदिशा

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी मंगलवार को केंद्रीय कृषि मंत्री के गृह जिले विदिशा पहुंचे। उन्होंने विदिशा कृषि मंडी में किसानों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान पटवारी ने केंद्र और राज्य सरकार पर किसानों की अनदेखी का आरोप लगाया।

मंडी में पटवारी के अचानक पहुंचने से हलचल मच गई। उन्होंने किसानों से सीधी बातचीत की, उनके साथ जमीन पर बैठकर भोजन किया और मंडी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पटवारी ने कहा कि वे किसानों की आवाज उठाने आए हैं। पटवारी ने ट्रैक्टर पर चढ़कर किसानों से गेहूं के भाव की जानकारी ली। किसानों ने बताया कि उन्हें फसल का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है और ज्यादातर गेहूं



2200 रुपए प्रति क्विंटल से नीचे बिक रहा है। इस पर पटवारी ने सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि किसानों के साथ न्याय नहीं हो रहा है।

जीतू पटवारी ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे आंदोलन करेंगे। पटवारी ने शिवराज सिंह चौहान के निवास पर एक दिन का उपवास करने और फिर भोपाल से उज्जैन तक ट्रैक्टर से जाकर मुख्यमंत्री मोहन यादव के घर तक पहुंचने की बात कही।

### शिवराज सिंह चौहान और सीएम मोहन यादव को घेरा

जीतू पटवारी ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और वर्तमान मुख्यमंत्री मोहन यादव पर निशाना साधा। पटवारी ने आरोप लगाया कि सरकारी योजनाएं केवल कागजों तक सीमित हैं। उन्होंने यह भी कहा कि समर्थन मूल्य पर खरीदी की तारीखें लगातार बढ़ाई जा रही हैं, जो किसानों के साथ धोखा है। पटवारी ने बताया कि मंडी में 2000 से अधिक किसान अपनी उपज लेकर आए हैं, लेकिन उन्हें उचित दाम नहीं मिल रहा है। उन्होंने 10 तारीख से समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी शुरू करने की मांग की।

## सेंसेक्स 2946 अंक चढ़कर 77,563 पर बंद



एजेंसी ▶▶ मुंबई

अमेरिका और ईरान के बीच 2 हफ्ते के सीजफायर के ऐलान के बाद बुधवार 8 अप्रैल को शेयर बाजार में तेजी रही। सेंसेक्स 2946 अंक (3.95%) चढ़कर 77,563 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 874 अंक (3.78%) ऊपर है, ये 23,997 पर बंद हुआ।

आज ऑटो, रियल्टी और बैंकिंग शेयरों में ज्यादा खरीदारी रही। निफ्टी का ऑटो, बैंकिंग, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और रियल्टी इंडेक्स 5% ऊपर बंद हुए। अमेरिका और ईरान के बीच 40 दिन से जारी जंग पर 2 हफ्ते के लिए ब्रेक लग गया है। दोनों देशों ने पाकिस्तान-चीन की मध्यस्थता के बाद इस सीजफायर पर सहमति जताई है। समझौते के तहत अमेरिका, इजराइल और ईरान एक-दूसरे पर हमले रोकेंगे, साथ ही ईरानी सेना की मदद से होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जाएगी। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान को तबाह करने की चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा था कि अगर होर्मुज स्ट्रेट से रास्ता नहीं मिला तो वह ईरान की पूरी सभ्यता खत्म कर देंगे।

### ईरान का कुवैत में अटैक, ट्रम्प ने आज 2 हफ्ते तक जंग रोकने का ऐलान किया था

# ईरानी ऑयल रिफाइनरी पर सीजफायर के बाद भी हमला

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

ईरान में सीजफायर के ऐलान के कुछ घंटों बाद हमला हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आज ईरान के लवन आइलैंड की तेल रिफाइनरी को निशाना बनाया गया। लोकल समय के मुताबिक सुबह करीब 10 बजे हमले के बाद रिफाइनरी में आग लग गई।

इस बीच कुवैत ने भी दावा किया कि सीजफायर के बावजूद ईरान की ओर से ड्रोन हमला किया गया। कुवैत के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल सऊद अब्दुलअजीज अल-ओतैबी के मुताबिक, सुबह से अब तक 28 ईरानी ड्रोन इंटरसेप्ट (मार गिराए) गए हैं।

अल-ओतैबी के अनुसार, कुछ ड्रोन देश के दक्षिणी हिस्से तक पहुंचे और अहम ठिकानों को निशाना बनाया। इन ठिकानों में तेल के बड़े प्लांट, बिजली घर और पानी के डीसैलिनेशन प्लांट शामिल हैं, जिनसे जुड़ी सुविधाओं को नुकसान हुआ है। दरअसल, अमेरिका और ईरान के बीच आज करीब 40 दिन बाद 2 हफ्ते के सीजफायर पर सहमति बनी है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बताया कि यह फैसला पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ की अपील के बाद लिया गया।



### युद्धविराम के बीच भारतीयों के लिए नई एडवाइजरी

- पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच भारत सरकार ने ईरान में रह रहे अपने नागरिकों के लिए नई एडवाइजरी जारी की है। हालात को देखते हुए भारतीय दूतावास ने लोगों को जल्द से जल्द सुरक्षित तरीके से ईरान छोड़ने की सलाह दी है।
- भारत ने बुधवार को ईरान में मौजूद अपने नागरिकों के लिए ताजा एडवाइजरी जारी की। ईरान में भारतीय दूतावास ने साफ कहा है कि सभी भारतीय नागरिक जितनी जल्दी हो सके देश छोड़ दें। दूतावास ने लोगों से अपील की है कि वे केवल सुझाए गए सुरक्षित रास्तों का ही इस्तेमाल करें।

### ट्रम्प की गुलामी कर रहे शहबाज

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर विवाद हो गया है। इस पोस्ट में उन्होंने अमेरिका से ईरान पर हमला न करने की समय सीमा बढ़ाने की अपील की थी। पोस्ट की एडिट हिस्ट्री में ड्राफ्ट- पाकिस्तानी पीएम का मैसेज दिखने के बाद सोशल मीडिया पर इसे लेकर कई दावे किए जा रहे हैं। लोग सवाल उठा रहे हैं कि क्या यह मैसेज पहले से ही तैयार किया गया था। कुछ यूजर्स का कहना है कि यह मैसेज व्हाइट हाउस के निर्देश पर लिखा गया लगता है। वहीं, कुछ लोग यह भी कह रहे हैं कि ट्रम्प पाकिस्तान की नीतियों को प्रभावित कर रहे हैं और यह पाकिस्तानी प्रधानमंत्री की ओर से उनकी गुलामी करने जैसा है। हालांकि, पाकिस्तान का कहना है कि वह अमेरिका और ईरान के बीच सुलह कराने की कोशिश कर रहा है और खुद को मध्यस्थ के रूप में पेश कर रहा है।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का बुधवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## बदइंतजामी में बदमिजाजी...

खुसूर फुसूर

बुधवार को अपरांह में बदइंतजामी में बदमिजाजी की स्थिति देखी गई है। इंतजाम की जिम्मेदारी वर्दी एवं प्रशासन की थी और उसी में कमी थी। इसके बाद भी वर्दी के धरातल पर जिम्मेदार अपनी खीज आम वाहन चालकों से बदमिजाजी करते देखे गए। अपरांह के समय में जिले के गुरूजनों की रैली थी। यह रैली कंट्रोल रूम से होती हुई प्रदेश के मुखिया जी के निवास की ओर जा रही थी। इसके चलते सडक की एक लेन पैक हो गई। दशहरा मैदान से कंट्रोल रूम आने वाली सिंगल लेन पर दोनों तरफ का यातायात भी जिम्मेदारों की कृपा से जारी रहा। इस दौरान वाहन गुत्थम गुत्था होने लगे तो वर्दी वाले दो सितारा साहब संभवतः इंतजाम के जिम्मेदार जी वाहन चालकों के साथ बदमिजाजी के हाल में आ गए । आवागमन करने वालों ने उनकी बदमिजाजी को नजरअंदाज किया और आपसी विवेक से काम लेते हुए जैसे तैसे वाहनों को इधर-उधर करते हुए निकाल लिया। खास तो यह था कि जब कंट्रोल रूम से रैली दशहरा मैदान की ओर जाना था तो उसी सिंगल लेन के वाहनों को डायवर्ट किया जाना था। दशहरा मैदान से कंट्रोल रूम वाली लेन के आवागमन में खलल डालने या कंट्रोल रूम से दशहरा मैदान की ओर जाने वाले वाहनों को रोका जाना था। एक तो बदइंतजामी की ओर उपर से बदमिजाजी भी। खुसूर झ्रफुसूर रही की इसे ही अधिकारों के नाजायज उपयोग की स्थिति कहा जाता है।

## आज संपूर्ण शहर में नहीं होगा जलप्रदाय

**उज्जैन।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी संधारण खंड, उज्जैन नगर पालिक निगम द्वारा जानकारी दी गई है कि दिनांक 09 अप्रैल 2026 (गुरुवार) को गंभीर नदी से आने वाली मुख्य राइजिंग मेन (गऊघाट हेतु) पर पीडब्ल्यूडी रोड़ चौड़ीकरण एवं नर्मदा लाइन जोड़ने का कार्य किया जाएगा। उक्त कार्य के द्वितीय चरण के सुधार के लिए शटडाउन लिया जा रहा है। जिसके चलते दिनांक 10 अप्रैल 2026 (शुक्रवार) को संपूर्ण शहर में जलप्रदाय नही होगा। नगर निगम द्वारा शहरवासियों को हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया गया है।

## किसानों की फसल खरीदने और एफआईआर के विरोध में सड़क पर उतरे कार्यकर्ता

**उज्जैन।** उज्जैन में बुधवार को कांग्रेस पार्टी ने संकुल भवन स्थित कलेक्टर कार्यालय के बाहर किसानों की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। शहर एवं जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में, प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता रैली निकालकर विरोध जताने पहुंचे।

स्विमिंग पूल चौराहा (देवास रोड) से शुरू हुई रैली में महेश परमार, दिनेश जैन बोस, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी, सुरेंद्र मरमट, रवि राय सहित कई नेता शामिल हुए। यहां से रैली कोठी रोड होते हुए संकुल भवन पहुंची, जहां कांग्रेस कार्यकताओं ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इस दौरान विधायक अपने ऊपर स्लोगन लिखकर पहुंचे, जिनमें किसानों की फसल खरीदी और दर्ज एफआईआर वापस लेने की मांग प्रमुख रही।

## ट्रैंडिंग





श्री महाकालेश्वर मंदिर में ग्रीष्मकाल से बचाव के लिए ठंडक की बयार की व्यवस्था

# भगवान को शीतलता के लिए गलंतिका, भक्तों के लिए रेड कारपेट

### ठंडक के लिए 50 जम्बो कुलर दान में मिले, गला तर करने के लिए भी शुद्ध पेयजल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन





भगवान से भक्त और भक्त से भगवान की उक्ति को श्री महाकालेश्वर मंदिर में चरितार्थ किया जा रहा है। वैशाख एवं ज्येष्ठ माह में भगवान को शीतलता के लिए पवित्र नदियों के जल की गलंतिका बांधी गई है। भक्तों के लिए रेड कारपेट से लेकर कुलर एवं शीतल जल की व्यवस्था की जा रही है। ग्रीष्म काल से बचाव के लिए में व्यवस्था में ठंडक की बयार दी जा रही है। भगवान एवं भक्त दोनों इस शीतलता में हैं।

हलाहल कंठ में धरने वाले भगवान श्री महाकालेश्वर के लिए परंपरानुसार शीतलता की व्यवस्था वैशाख एवं ज्येष्ठ माह में की जाती है। भगवान की इस व्यवस्था के साथ ही भक्तों की व्यवस्था भी सुदृढता ले रही है। दानदाताओं के सहयोग से इसे और सक्षम बनाया जा रहा है।

### गलंतिका से सतत जलाभिषेक

परंपरानुसार विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर भगवान को 03 अप्रैल (वैशाख कृष्ण प्रतिपदा) से 29 जून (ज्येष्ठ पूर्णिमा) तक 11 मिट्टी के कलशों के माध्यम से सतत जलधारा हेतु गलंतिका लगाई गई है। इन कलशों में गंगा, सिंधु, सरस्वती, यमुना, गोदावरी, नर्मदा, कावेरी, सरयू, क्षिप्रा एवं गण्डकी जैसी पवित्र नदियों का स्मरण, आव्हान एवं ध्यान मंत्रों के साथ जल स्थापित कर भगवान श्री महाकालेश्वर पर निरंतर शीतल जलधारा अर्पण प्रारंभ हुआ है। यह अभिषेक प्रतिदिन प्रातः भस्मारती के पश्चात प्रारंभ होकर सायंकालीन पूजन तक निरंतर है। इस वर्ष ज्येष्ठ मास के पुरुषोत्तम मास (अधिकमास) होने के कारण एक माह अतिरिक्त कुल तीन माह भगवान को शीतलता के लिए जलधारा अर्पित की जाएगी।

### भक्तों के लिए 50 जम्बो कुलर मिले

भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की ग्रीष्म ऋतु में गर्मी से बचाव के लिए संजीव कुमार गुप्ता, समरकूल होम अप्लायंसेज गाजियाबाद एवं पंडित राधेश्याम शास्त्री द्वारा 50 नग जम्बो कूलर दान किए गए। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया।



### भक्तों के लिए जुटाई व्यवस्था

ग्रीष्म ऋतु में लगातार बढ़ते तापमान को ध्यान में रखते हुए मंदिर प्रबंध समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए विशेष व्यवस्थाएं जुटाई गई है। विगत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष व्यवस्था को और अधिक सुदृढता प्रदान की गई है। श्रद्धालुओं के लिए संपूर्ण दर्शन पथ पर मैट (मेटिंग) बिछाई गई है। दर्शन मार्ग के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर शीतल पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई है। मंदिर परिसर एवं दर्शन पथ पर ठंडी एवं स्वच्छ हवा का सतत प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए कुलर लगाए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, घुटन, निर्जलीकरण (डिहाइड्रेशन) एवं अन्य आकस्मिक स्वास्थ्य समस्याओं से निपटने के लिए मंदिर परिसर में आपात चिकित्सा व्यवस्था सुदृढ़ की गई है। प्रशिक्षित चिकित्सा स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई है।

### बाबा साहब को पुष्प अर्पित कर मानव श्रृंखला बनाई, रैली के साथ पहुंचे मुख्यमंत्री के गृह निवास पर ज्ञापन देने

# टीईटी के विरूद्ध शिक्षकों की हुंकार





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बुधवार को जिले के शिक्षकों ने हुंकार भरी है। प्रदेश में टीईटी के विरूद्ध आंदोलन के तहत जिले में भी आंदोलित शिक्षकों ने बडी संख्या में घंटाघर चौक पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बाद में शिक्षकों ने मानव श्रृंखला बनाकर एकता का परिचय दिया। इसके साथ ही रैली के रूप में मुख्यमंत्री के दशहरा मैदान स्थित गृह निवास पर पहुंचकर अपनी मांगों के समर्थन में ज्ञापन दिया है।

लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल का ळएळ परीक्षा सम्बन्धी आदेश निरस्त कर माननीय सर्वोच्च न्यायालय में शिक्षकों का पक्ष रखने एवं अध्यापक संवर्ग से 01-07-2018 को नवीन शैक्षणिक संवर्ग में सम्मिलित शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना करने की मांग को लेकर शिक्षक आंदोलित हुए हैं। इसी के तहत बुधवार को अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले प्रदर्शन किया गया।

संघ के शेख हनीफ मोहम्मद ने बताया कि घंटाघर चौक पर सभी का दोपहर में एकत्रिकरण किया गया। यहां पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के उपरांत मानव श्रृंखला बनाई गई। इसके उपरांत सभी यहां से रैली के रूप में शहीद पार्क,घास मंडी होते हुए पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचे जहां पर प्रशासन के प्रतिनिधि के रूप में नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। इसके साथ ही कंट्रोल रूम से रैली में शामिल करीब 1000 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मुख्यमंत्री गृह निवास का रूख किया। यहां पर ओएसडी श्री साहु एवं शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि मुकेश जैन को मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। उनका कहना था कि ळएळ परीक्षा आदेश से मप्र के शिक्षक मानसिक तनाव से गहरे अवसाद में है, 5 लाख शिक्षकों के परिवारों पर रोजी-रोटी छिनने का संकट आने से जनहानि हो सकती है, फ्ळए अधिनियम लागू होने के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को ळएळ परीक्षा से छूट प्रदान करने एवं प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा गणना करते हुए ग्रेच्युटी व पेंशन की पात्रता का आदेश प्रदान किए जाएं

### ये मांगे हैं प्रमुख

1-RTE अधिनियम 2009 अंतर्गत कक्षा एक से आठ तक पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए ळएळ परीक्षा अनिवार्य होने के सम्बन्ध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 1 सितंबर 2025 को दिए गए फैसले में मध्यप्रदेश सरकार शिक्षकों का पक्ष पुनर्विचार याचिका के माध्यम से रखें एवं लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा 3 मार्च 2026 को जारी आदेश को भी तत्काल प्रभाव से निरस्त करें।

2-अध्यापक संवर्ग से नवीन शैक्षणिक संवर्ग में 1 जुलाई 2018 से नियुक्त शिक्षकों को क्रमोन्नति-पदोन्नति के समान ही अवकाश नगरीकरण, ग्रेच्युटी/पेंशन की पात्रता में सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से करते हुए कोष एवं लेखा विभाग की IFMS पोर्टल पर प्रविष्ट नियुक्ति दिनांक 1 जुलाई 2018 को विलोपित कर सेवा में भर्ती की वास्तविक प्रथम नियुक्ति दिनांक की प्रविष्टि करवाई जाए।

# आयुक्त ने नगर निगम के विभिन्न विभागों का निरीक्षण कर की व्यवस्थाओं की समीक्षा

### अन्यकर विभाग के उपस्थिति रजिस्टर की जांच, वसूली की ली जानकारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने बुधवार को निगम मुख्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रथम तल स्थित शहरी गरीबी उपशमन प्रकोष्ठ एवं भूतल स्थित अन्यकर (राजस्व) विभाग और स्टोर रूम का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उनके साथ अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, उपायुक्त योगेन्द्र पटेल, सहायक आयुक्त प्रफुल्ल गठरे,राघवेन्द्र सिंह पालिया तथा जनसंपर्क अधिकारी पवन कुमार मौजूद रहे।

आयुक्त ने शहरी गरीबी उपशमन प्रकोष्ठ का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि अनावश्यक रूप से हितग्राहियों को खड़ा न रखा जाए। उनके बैठने की उचित व्यवस्था की जाए तथा आवेदन प्राप्त कर पावती दी जाए। आवश्यकता होने पर ही हितग्राहियों को रोका जाए।

भूतल निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि यहां स्वास्थ्य विभाग एवं अन्यकर विभाग का संचालन होता है, जबकि अन्य कक्षों में स्टोर विभाग की सामग्री रखी गई है। आयुक्त ने स्टोर कक्षों के ताले खुलवाकर निरीक्षण किया, जहां सामग्री अव्यवस्थित पाई गई। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सामग्री को व्यवस्थित रखने एवं नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही आयुक्त ने अन्यकर (राजस्व) विभाग का निरीक्षण करते हुए उपस्थिति रजिस्टर एवं बाजार वसूली से संबंधित रजिस्टर की जांच की तथा वसूली कार्य में लगे कर्मचारियों की जानकारी भी प्राप्त की।

# दत्त अखाड़ा के पास बनेगा नया सिंहस्थ मेला कार्यालय

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ की तैयारी में जुटे अधिकारियों ने नया सिंहस्थ मेला कार्यालय मेला क्षेत्र में बनाने की प्लानिंग की है। यह मेला कार्यालय दत्त अखाड़ा के पास बनाया जाना प्रस्तावित है।

कुछ दिनों पहले इसके लिए भूमि पूजन की तैयारी भी कर ली गई थी, लेकिन भू-अर्जन से जुड़ी प्रक्रिया पूरी नहीं होने से ऐनवक्त पर कार्यक्रम स्थगित करना पड़ा था। वर्तमान में सिंहस्थ मेला कार्यालय कोठी क्षेत्र में है, जिसका संचालन सिंहस्थ 2016 के पहले शुरू हो गया था। वर्तमान में इस भवन में सिंहस्थ मेला कार्यालय का कामकाज तो एक-दो कक्ष में ही सिमट कर रह गया है। बाकी के हिस्से में स्मार्ट सिटी सहित अन्य विभाग संचालित हो रहे हैं। इस कार्यालय के होते हुए नए मेला कार्यालय बनाने की जरूरत क्यों पड़ी? के जवाब में अधिकारियों का तर्क हैं कि नया मेला कार्यालय मेला क्षेत्र में होने से गतिविधियों के संचालन में सहुलियत होगी।

जरूरतमंदों को अपने काम-काज करवाने में मदद मिलेगी। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने बताया मंत्री मंडलीय बैठक के बाद नए सिंहस्थ मेला कार्यालय के लिए निर्माण शुरू किया जा सकता है। मेला कार्यालय में सिंहस्थ मेला अधिकारी व सिंहस्थ प्राधिकरण के अध्यक्ष अपने अमले के साथ बैठते हैं। वैसे तो एक मेले से दूसरे मेले की अवधि तक के 12 वर्ष तक इस कार्यालय में गतिविधियां चलती है लेकिन मेले के पूर्व के कुछ वर्षों में गतिविधियां तेज हो जाती है। मेला क्षेत्र से जुड़ी संपूर्ण जानकारी इस कार्यालय में रहती है। मेले के दौरान भूमि आवंटन व वहां की सुविधाओं का लेखा-जोखा भी यहां रहता है।

**धार्मिक मान्यताओं के अनुसार जो श्रद्धालु वैशाख माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि का व्रत रखते हैं, उनकी हर मनोकामना पूरी होती है और जीवन में हर जगह सफलता मिलती है। वैशाख का महीना भगवान विष्णु को समर्पित है।**

# 13 अप्रैल को वरूथिनी एकादशी व्रत श्रद्धालुओं के लिए लाभदायी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

वरूथिनी एकादशी व्रत प्रत्येक वर्ष वैशाख मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को रखा जाता है। इस वर्ष यह व्रत 13 अप्रैल को रखा जाएगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार जो श्रद्धालु वैशाख माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि का व्रत रखते हैं उनकी हर मनोकामना पूरी होती और जीवन में हर जगह सफलता मिलती है। वैशाख का महीना भगवान विष्णु को समर्पित है। इस व्रत के नियमों को लेकर विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। इसी क्रम में आइए जानते हैं कि वरूथिनी एकादशी व्रत को सफल बनाने के लिए क्या खाना चाहिए और किन चीजों से परहेज करना चाहिए।



### वरूथिनी एकादशी पर क्या खाएं

अगर आप निर्जला व्रत नहीं रख रहे हैं, तो आप केले, सेब, संतरे, अंगूर, पपीता जैसे फल खा सकते हैं। ये शरीर को ऊर्जा देते हैं और पचने में हल्के होते हैं।

घर का बना दूध, दही, छाछ और पनीर खाना अच्छा रहता है। ये शुद्ध होते हैं और व्रत के लिए उपयुक्त होते हैं।

बादाम, किशमिश, काजू और अखरोट जैसे सूखे मेवे (ड्राई फ्रूट्स) खाए जा सकते हैं। ये ऊर्जा बढ़ाते हैं और पेट को लंबे समय तक भरा हुआ रखते हैं।

आलू, शकरकंद और अरबी को हल्का पकाकर खाया जा सकता है। ये व्रत के भोजन में आम तौर पर शामिल होते हैं।

कुट्टू का आटा और सिंघाड़े का आटा व्रत के लिए अच्छे विकल्प हैं। इनसे रोटी या पकौड़े बनाए जा सकते हैं।

साबूदाने की खिचड़ी या उससे बने अन्य व्यंजन खाए जा सकते हैं जो व्रत के दौरान एक महत्वपूर्ण भोजन माना जाता है।

चाय या कॉफी पी जा सकती है, लेकिन बेहतर यही है कि इसे बिना दूध और चीनी के सादा ही पिया जाए।

### वैशाख महीने के कृष्ण पक्ष, एकादशी व्रत कन्यादान के फल के समान फलदायी

हिंदू धर्म में एकादशी व्रत का विशेष महत्व है, और जब बात वरूथिनी एकादशी की हो, तो इसकी महिमा और भी बढ़ जाती है। वैशाख महीने के कृष्ण पक्ष की इस एकादशी को सौभाग्य और पुण्य देने वाली तिथि माना गया है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, इस व्रत को करने से व्यक्ति को भारी तपस्या के बराबर फल मिलता है। साल 2026 में यह व्रत कब किया जाएगा? आइए यहां इसकी सही तिथि व समय जानते है।

### वरूथिनी एकादशी 2026 कब है?

हिंदू पंचांग के अनुसार, वैशाख महीने के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि देर रात 01 बजकर 16 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, इसका समापन 14 अप्रैल को देर रात 01 बजकर 08 मिनट पर होगा। पंचांग को देखते हुए वरूथिनी एकादशी का व्रत 13 अप्रैल को रखा जाएगा।

नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | गुरुवार, 09 अप्रैल, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### मामला अवैध होर्डिंग का नगरीय प्रशासन मंत्री को भी नहीं जानकारी

**इंदौर।** शहर में बीआरटीएस ग्रीन बेल्ट जमीन मेट्रो लाइन पर अवैध लॉलीपॉप विज्ञापन बोर्ड और बीआरटीएस पर ठेका खत्म होने के बावजूद यूनीपोल लगाने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा हैं। दरअसल इस मामले के खुद मध्यप्रदेश के नगरीय प्रशासन विभाग संभाल रहे और इंदौर एक से विधायक कैलाश विजयवर्गीय भी अनभिज्ञ दिखे। जब उनसे अवैध होर्डिंग मामले के बारे में उनसे पूछा गया तो वह निगम अफसरों पर जमकर नाराज भी दिखे। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच का बातें कही हैं। किस तरह से बीआरटीएस पर कंपनी का ठेका खत्म होने के बावजूद नवलखा, भंवरकुआ, सहित लगभग पूरे बीआरटीएस पर अवैध रूप से यूनीपोल, और अन्य विज्ञापन बोर्ड लगाए जा रहे हैं। जबकि मेट्रो लाइन पर भी दीपक एडवर्टाइज कंपनी ने भी लॉलीपॉप ठोक दिए हैं। नगर निगम के मार्केट विभाग अमले और अपर आयुक्त आकाश सिंह को इसकी भनक तक नहीं लगी।

### कमलेश्वर पटेल पर दांव लगा सकती है कांग्रेस

**इंदौर।** 11 मई में आगामी राज्य में भाजपा की दो और कांग्रेस की एक सीट पर राज्यसभा चुनाव होना है। अभी तीसरी सीट खाली नहीं हुई है, लेकिन दोनों पार्टियों में शाह-मात का खेल शुरू हो गया है। भाजपा इस कोशिश में है कि इस बार कांग्रेस से जैसे भी हो तीसरी सीट छीनी जाए। वहीं कांग्रेस बाहरी और आंतरिक समीकरणों के आधार पर प्रत्याशी खड़ा कर भाजपा की मुश्किल बढ़ाने की मंशा पर काम करने जा रही है। इसके लिए पार्टी के बड़े नाम पर पूर्व मंत्री कांतिलाल भूरिया फिट बैठ रहे हैं। माना जा रहा है कि वे रणनीति में फिलहाल एक-दो दिन के लिए बाहर के जिलों में संपर्क साधने गए हैं। उनकी अपनी पहचान आदिवासी समाज में तीसरी सीट पर प्रभावी साबित हो सकती है। यही वजह है कि भाजपा के कई नेता भी उनके नाम से चिंतित नजर आ रहे हैं। कांग्रेस खेमे में एक बड़ी रणनीति और दो के समर्थन की चर्चा है प्रदेश में 230 विधानसभा सीटें हैं। सरकार के पास 165 (भाजपा 164 + निर्दलीय 1) विधायक हैं, जबकि कांग्रेस के पास 62 (कुल 65 लेकिन 1 विधायक के निधन, 1 इस्तीफा और 1 अन्य कारणों से कम) हैं। अन्य दलों में बसपा (2) व 116 सीटें बहुमत के लिए जरूरी हैं।

### बेशकीमती शासकीय भूमि को कराया गया अतिक्रमण मुक्त

**इंदौर।** पिपलिया राव क्षेत्र में चौइथराम हॉस्पिटल के सामने जिला प्रशासन और नगर निगम के संयुक्त अमले ने शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने के संबंध में बड़ी कार्रवाई की है । इस कार्रवाई में 200 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की बेशकीमती शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। यह कार्रवाई कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में एवं एसडीएम जूनी इंदौर श्री घनश्याम धनगर के मार्गदर्शन में की गई। प्रशासनिक अमले ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही को प्रभावी रूप से सम्पन्न किया। श्री धनगर ने बताया कि यह भूमि चोइथराम अस्पताल के ठीक सामने स्थित है। इस भूमि पर खुशबीर सिंह पिता दलजीत सिंह का लंबे समय से कब्जा था। राजस्व न्यायालय से प्रकरण में अतिक्रमण हटाने के आदेश हुए थे । विगत 25 फरवरी 2026 को अंतिम सूचना पत्र जारी कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे।

### विशेष राजस्व अभियान की समय सीमा 25 अप्रैल तक बढ़ाई गई

**इंदौर।** इन्दौर जिले के नागरिकों की राजस्व संबंधी समस्याओं और प्रकरणों के त्वरित निराकरण एवं राजस्व अभिलेखों को अद्यतन करने के उद्देश्य से सम्पूर्ण जिले में चलाये जा रहे विशेष राजस्व अभियान की अवधि को 25 अप्रैल 2026 तक बढ़ाया गया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में राजस्व अभियान 30 मार्च तक आयोजित होना था। कलेक्टर शिवम वर्मा ने समस्त राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाना सुनिश्चित करें। राजस्व अभियान की प्रगति की प्रतिदिन समीक्षा अनुविभागीय अधिकारी द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत करें। प्रतिदिन की प्रगति गूगल शीट में दर्ज की जायेगी। संपूर्ण अभियान के समन्वय के लिये प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाता है, जो समस्त अनुविभागीय अधिकारी से समन्वय स्थापित कर प्रतिदिन की प्रगति से अवगत करायेंगे।

### डॉ. यामिनी गुप्ता और टीम ने किया सफल ऑपरेशन

**इंदौर।** महाराजा यशवंतराव अस्पताल के ईएनटी विभाग में एक ऐसा दुर्लभ मामला सामने आया, जिसने अनुभवी डॉक्टरों को भी हैरत में डाल दिया। महज एक साल के एक मासूम बच्चे के गले में फंसी एक जिंदा मछली को डॉक्टरों ने कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। परिजनों ने बताया कि खेल-खेल में एक छोटी जीवित मछली बच्चे के मुंह में चली गई थी, जो सीधे गले के पिछले हिस्से में जाकर अटक गई। जब बच्चे को एमवाय अस्पताल लाया गया, तब उसकी स्थिति अत्यंत नाजुक थी। वह न तो रो पा रहा था और न ही ठीक से सांस ले पा रहा था। डॉक्टरों के अनुसार बच्चे को सांस लेने में कठिनाई, घबराहट, बेचैनी और मुख से खून आना जैसी समस्या हो रही थी।

## बड़ी बहन की आज होगी शादी, छोटी के लिए करना होगा कुछ दिनों का इंतजार

# बालिग होने में बाकी थे 10 दिन, रुक गया विवाह

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

पिता अपनी दो बेटियों का विवाह एक साथ करने जा रहा था सूचना मिलने पर दल ने जांच के बाद छोटी बेटी के बालिग नहीं होने से विवाह रुकवा दिया। मात्र 10 दिन बाद वह 18 वर्ष की हो जाएगी उसके बाद ही विवाह कराया जाएगा।

कम खर्च में पिता ने अपनी दो बेटियों का विवाह एक साथ करने की तारीख तय कर दी और बारात बुलाने की तैयारी हो गई थी। महिला एवं बाल विकास विभाग को मिली सूचना के बाद जिला कार्यक्रम अधिकारी रजनीश सिंह के निर्देश पर उड़न दस्ता सक्रिय हो गया और जांच करने धन्नड पहुंचा।

उड़नदस्ता के महेंद्र पाठक और संगीता सिंह ने मौके पर जाकर लड़की की उम्र के दस्तावेज मांगे। पिता ने जब बालिका का जन्म प्रमाण पत्र सामने रखा तो पता चला कि छोटी बेटी की उम्र 18 वर्ष होने में मात्र 10 दिन कम है तो उसका विवाह रोकने के लिए समझाइश दी गई। पाठक ने बताया कि उक्त बालिका का विवाह निरस्त करने के लिए तहसीलदार राऊ सत्येन्द्र प्रताप सिंह व वर पक्ष के लिए एसडीएम महू राकेश परमार को सूचना दी गई थी।

### अक्षय तृतीय पर अबूझ मुहूर्त में की जाएगी अब शादी



तहसीलदार राऊ के निर्देश पर राजस्व निरीक्षक संजय भदौरिया ने भी समझाइश दी कि बेटी के बालिग होने पर ही विवाह कर सकते हैं। पहले तो बेटी के पिता ने कहा कि सारी तैयारी हो गई है समाज में इज्जत खराब होगी सिर्फ 10 दिन तो बाकी है शादी कर देंगे पर बेटी को नहीं भेजेंगे। जब उन्हें अधिनियम की जानकारी दी और कानूनी कार्रवाई की बात कही तो वर और वधू पक्ष मान गए। वर पक्ष को भी समझाइए देने के बाद वह अपनी इज्जत रखने के लिए मात्र बहाना निकाल कर मेहमानों को भोजन करवाने के बाद कुछ दिन रुक जाएंगे। धन्नड में आज होने वाले विवाह समारोह में सिर्फ एक बेटी ही विवाह मंडप में फैरे ले सकेगी। छोटी बेटी के लिए फिर से मुहूर्त निकाला जा रहा है बताया जाता है कि अक्षय तृतीया पर अबूझ मुहूर्त में उसकी शादी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि जिले में कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में बाल विवाह रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। दूसरी और जन जागरूकता को लेकर भी लगातार कार्यशाला का आयोजन कर सेवा प्रदाता आम नागरिक जनप्रतिनिधि और स्कूल छात्र-छात्राओं को भी अधिनियम की जानकारी दी जा रही है। जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से लोग बाल विवाह को लेकर सजग होने लगे हैं और हेल्पलाइन के माध्यम से विभाग तक अपने क्षेत्र में होने वाले हैं बाल विवाह की सूचना दे रहे हैं। कलेक्टर ने आगामी अक्षय तृतीया पर होने वाले विवाह समारोह में कम उम्र के बच्चों का विवाह ना हो इसके लिए कंट्रोल रूम स्थापित करते हुए उड़ान दोस्तों के गठन के निर्देश भी दिए हैं।

# परीक्षा में पूछे गए प्रश्न पर विवाद

### हिंदूवादी संगठनों ने आपत्ति जताते हुए प्रश्न पत्र बनाने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग ,कुलसचिव ने दिए जांच के आदेश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के बीकॉम और बीसीए तृतीय वर्ष के फाउंडेशन पेपर में पूछे गए एक प्रश्न से विवाद खड़ा हो गया है। सोमवार को आयोजित परीक्षा में पूछा गया-ह्यअल्लाह के सिवा दूसरा कोई नहीं हैह्न। इसके साथ चार विकल्प दिए गए थे, जिनमें 1. सोमेश्वर, 2. खुदा, 3. शक्तिवान, 4. दंड देने वाला शामिल थे।

इस प्रश्न को लेकर हिंदूवादी संगठनों ने आपत्ति जताते हुए प्रश्न पत्र बनाने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है ।सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के बीकॉम और बीसीए तृतीय वर्ष के फाउंडेशन कोर्स का पेपर सोमवार को आयोजित हुआ था। पेपर सामने आने के बाद उज्जैन सहित रतलाम में हिंदूवादी संगठनों ने इस पर आपत्ति जताई है ।फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि पेपर किसने तैयार किया था। उज्जैन में हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक रितेश माहेश्वरी ने कहा कि जिस प्रोफेसर ने इस तरह का पेपर सेट किया है, उसके खिलाफ विश्वविद्यालय को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए, आंदोलन किया जाएगा। इधर विवाद बढ़ता देख सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलसचिव अनिल शर्मा ने जांच के आदेश दे दिए हैं। उन्होंने बताया कि मामला परीक्षा समिति को भेजा गया है। यह सवाल बीकॉम और बीसीए के फाउंडेशन पेपर में पूछा गया था।

### उज्जैन का अनोखा भूखी माता मंदिर, जहां मदिरा और बलि का चढ़ता है प्रसाद



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

धार्मिक नगरी उज्जैन, जो अपने चमत्कारी मंदिरों के लिए विश्व प्रसिद्ध है, वहीं शिप्रा नदी के तट पर स्थित 'भूखी माता मंदिर' अपनी अनूठी और रहस्यमयी परंपराओं के लिए श्रद्धालुओं और तंत्र साधकों के बीच विशेष आस्था का केंद्र है। मान्यता है कि इस मंदिर में कभी नरबलि की प्रथा थी, जिसे सम्राट विक्रमादित्य ने अपनी चतुराई और साहस से समाप्त करवाया था।

मंदिर के पुजारी विजय चौहान के अनुसार, प्राचीन काल में यहाँ स्थित माता भुवनेश्वरी और भूखी माता को प्रसन्न करने के लिए प्रतिदिन एक नरबलि दी जाती थी। जब सम्राट विक्रमादित्य को इस क्रूर प्रथा का पता चला, तो उन्होंने इसे समाप्त करने का निर्णय लिया। सम्राट ने स्वादिष्ट पकवान बनवाकर उन्हें एक पुतले में भर दिया। जब माता उस पुतले का भक्षण करने आईं, तो पकवानों से तृप्त होकर वे अत्यंत प्रसन्न हुईं। प्रसन्न होकर माता ने विक्रमादित्य को वरदान मांगने को कहा। सम्राट ने वचन मांगा कि माता अब हमेशा के लिए शिप्रा तट पर ही विराजमान रहेंगी और उज्जैन नगरी की रक्षा करेंगी। तब से माता यहीं स्थापित हैं।

#### आज भी जारी है परंपरा

भले ही नरबलि की प्रथा सदियों पहले बंद हो गई हो, लेकिन आज भी यहाँ तांत्रिक और पारंपरिक पद्धतियों से पूजा की जाती है। अपनी मन्नतें पूरी होने पर श्रद्धालु आज भी यहाँ पशु बलि चढ़ाते हैं और माता को मदिरा (शराब) का भोग लगाया जाता है। वर्ष में दो बार, नवरात्रि की अष्टमी पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद और प्रशासन द्वारा माता की विशेष 'नगर पूजा' की जाती है, जिसमें मदिरा की धार चढ़ाई जाती है। भूखी माता को देवी कालिका का स्वरूप माना जाता है, यही कारण है कि यहाँ साल के 365 दिन तंत्र साधकों का जमावड़ा लगा रहता है।

## सामुदायिक पुलिसिंग का नया मॉडल तैयार

# सिंहस्थ महापर्व में रक्षा साथी संभालेंगे सुरक्षा मोर्चा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उज्जैन पुलिस ने आगामी सिंहस्थ महापर्व और अन्य बड़े धार्मिक आयोजनों की सुरक्षा के लिए एक नया मॉडल तैयार किया है। मंगलवार को आयोजित सामुदायिक पुलिसिंग क्षमता वर्धन कार्यशाला में इस मॉडल को अंतिम रूप दिया गया, जिसमें आम जनता की सीधी भागीदारी से सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दिया गया है।

इस मॉडल के तहत, सिंहस्थ में 'सिंहस्थ रक्षा साथी' और स्वयंसेवक (वॉलंटियर्स) महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। ये स्वयंसेवक पुलिस और प्रशासन के बीच एक सेतु का काम करेंगे, जिससे भीड़ प्रबंधन, सूचनाओं का आदान-प्रदान और आपातकालीन स्थितियों में त्वरित सहायता सुनिश्चित की जा सकेगी। प्रशासन ने अधिक से अधिक स्वयंसेवकों को जोड़ने के लिए कई सुविधाएं प्रस्तावित की हैं। सेवा देने वाले वॉलंटियर्स को मानदेय, आधिकारिक प्रमाण-पत्र और आयोजन के दौरान ठहरने की सुविधा प्रदान की जाएगी।



#### बड़े स्तर पर सुरक्षा प्रणाली लागू होगी

यह मॉडल कई मायनों में खास है क्योंकि यह पहली बार बड़े स्तर पर स्वयंसेवक-आधारित सुरक्षा प्रणाली को लागू करेगा। इसमें नगर रक्षा समिति को सक्रिय भूमिका दी जाएगी, जिससे पुलिस और आम लोगों के बीच सीधा संपर्क स्थापित होगा। यह बड़े आयोजनों में वास्तविक समय (रियल टाइम) सहायता प्रणाली प्रदान करेगा। कार्यशाला के अंत में अधिकारियों ने इस मॉडल को आगामी सिंहस्थ की तैयारियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

#### प्रभावी उपयोग पर दिया जोर

- कार्यशाला को संबोधित करते हुए, उज्जैन जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राकेश गुप्ता ने सिंहस्थ जैसे विशाल आयोजनों में नगर रक्षा समिति के प्रभावी उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बेहतर पुलिसिंग के लिए जनता के साथ समन्वय अत्यंत आवश्यक है।
- इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश के 26 जिलों से नोडल अधिकारी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों ने भाग लिया। इन अधिकारियों ने सामुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से अपराध नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन और जनभागीदारी बढ़ाने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया।

### 9 से 23 तक मनाया जाएगा पोषण पखवाड़ा

**इंदौर।** प्रदेश में 9 अप्रैल से 23 अप्रैल 2026 तक 8वां पोषण पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस वर्ष पोषण पखवाड़े का मुख्य थीम जीवन के पहले छह वर्षों में मस्तिष्क का अधिकतम विकास निर्धारित किया गया है। पखवाड़े का औपचारिक शुभारंभ 9 अप्रैल को आंगनवाड़ी केन्द्रों और समुदाय स्तर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाएगा। इस दौरान पोषण पर चर्चा कार्यक्रम के माध्यम से समुदाय के साथ संवाद स्थापित किया जाएगा।

## भोपाल-इंदौर में 2-5, उज्जैन में 47% बढ़ी टैक्स वसूली

# महाकाल विस्तार के बाद उज्जैन की आय बढ़ी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

प्रदेश के नगरीय निकायों की टैक्स वसूली में इस बार 11.04% की बढ़ोतरी दर्ज हुई, लेकिन राजधानी भोपाल और इंदौर की रफ्तार सबसे धीमी रही। 31 मार्च को खत्म हुए वित्तीय वर्ष में भोपाल में महज 2.17% और इंदौर में 5.18% की ही वृद्धि दर्ज हुई।

उधर, उलट उज्जैन में कुल वसूली 47% से अधिक बढ़ी। यहां संपत्ति, जलकर और बिल्डिंग परमिशन में मामूली बढ़ोतरी रही, लेकिन पार्किंग, ट्रेड लाइसेंस और कॉलोनी विकास शुल्क जैसे अन्य मदों में करीब 500% तक उछाल आया।

मुरैना और बुरहानपुर जैसे छोटे शहरों ने भी प्रॉपर्टी व अन्य करों में 50% से अधिक वृद्धि दर्ज कर बेहतर प्रदर्शन किया। कुल मिलाकर प्रदेश के नगर निगमों ने 2501.26 करोड़ रुपए टैक्स वसूला, जो पिछले साल के 2252.16 करोड़ रुपए से अधिक है।




#### संपित्त से ही 8 करोड़ अधिक कर

बीते साल के 47 करोड़ संपति शुल्क के मुकाबले उज्जैन में इस बार सम्पत्तियों से 55 करोड़ टैक्स मिला है, वहीं जल कर 6.70 करोड़ से घटकर 3 करोड़ हो गया तो बिल्डिंग परमिशन से आय 12 करोड़ से घटकर 3 करोड़ रह गई है। अन्य कर 10 करोड़ से बढ़कर लगभग 60 करोड़ तक पहुंच चुका है। इस श्रेणी में पार्किंग फी, ट्रेड लाइसेंस, फायर लाइसेंस, सीवरेज टैक्स, कचरा कलेक्शन टैक्स और विज्ञापन शुल्क आदि शामिल हैं। महाकाल विस्तार के बाद शहर में बढ़ी आर्थिक गतिविधियों के चलते इनमें उछाल आया।

## वॉर क्राइसेस के बीच सरकार का उद्योगों पर शिकंजा

# लीज रेंट भरने से पहले 3 साल का टर्न ओवर मांगा

## कर्मचारियों की संख्या बताना किया अनिवार्य

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

ईरान-इजराइल-अमेरिका युद्ध के चलते पहले से ही संकट झेल रहे उद्योगों पर अब सरकार ने भी सख्ती शुरू कर दी है। सरकार ने उद्योगों के लिए लीज रेंट जमा करने से पहले नई शर्त लागू कर दी है। अब उद्योगों को अपने पिछले तीन वर्षों के टर्नओवर, स्थायी व अस्थायी कर्मचारियों और मजदूरों की संख्या की जानकारी अनिवार्य रूप से देनी होगी।

यह जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध विंडो में भरने के बाद ही लीज रेंट जमा करने की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। उद्योग संगठनों का कहना है कि युद्ध के कारण उद्योग पहले ही दबाव में हैं, ऐसे में नए नियम लागू करना ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की भावना के विपरीत है।

देश-दुनिया में चल रही उथल-पुथल के कारण उद्योग कच्चे माल, संसाधनों और पूंजी के संकट से गुजर रहे हैं। इसका असर सरकारी राजस्व पर भी पड़ रहा है। उद्योगपति समय पर लीज रेंट और अन्य शुल्क जमा करना चाहते हैं, लेकिन नई शर्तों के कारण प्रक्रिया जटिल हो गई है।






पोर्टल खोलते ही एक विंडो में तीन प्रकार की जानकारी मांगी जा रही है। पहला, वार्षिक टर्नओवर; दूसरा, किया गया निवेश; और तीसरा, कर्मचारियों/रोजगार की संख्या। उद्योगों को 2023-24, 2024-25 और 2025-26 के आंकड़े भरने के बाद ही आगे की प्रक्रिया पूरी करने दी जा रही है।

सरकार की इस अनिवार्यता को लेकर उद्योगपति हैरान हैं। उनका कहना है कि टर्नओवर की जानकारी देना समझ में आता है, लेकिन निवेश और रोजगार के आंकड़े हर साल बदलते रहते हैं। ये सभी जानकारियां पहले ही जीएसटी, प्रोविडेंट फंड और आयकर विभाग को दी जाती हैं। ऐसे में अचानक तीन साल का डेटा फिर से अनिवार्य करना तर्कसंगत नहीं है। उद्योगपतियों का कहना है कि वर्तमान समय आर्थिक संकट जैसा है। पूंजी की कमी के कारण उद्योग पहले ही दबाव में हैं।

#### संकट के समय राहत की जरूरत

नई शर्तों के कारण लीज रेंट जमा करने में देरी हो सकती है, जिससे पेनल्टी लगेगी और सरकार को भी समय पर राजस्व नहीं मिल पाएगा। पीथमपुर औद्योगिक संगठन के गौतम कोठारी ने कहा कि सरकार से इस समय राहत की अपेक्षा थी, लेकिन इसके उलट अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे पर प्रदेश के अन्य औद्योगिक संगठनों से चर्चा कर सरकार को पत्र लिखा जा रहा है।

### डॉ. अख्तर सोडावाला ने की फव्वारा चौक पर शीतल जल प्याऊ का शुभारम्भ



**बुरहानपुर।** जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर एवं तीर्थानि परिवार के संयुक्त तत्वाधान में फव्वारा चौक शनि मंदिर रोड पर शीतल जल प्याऊ का शुभारम्भ जिले के शतरंज खेल के उत्क्रष्ट खिलाडी एवं इस खेल में गोल्ड मेडल अवार्ड प्राप्त डॉ. अख्तर सोडावाला के करकमलो से सम्पन्न हुआ। डॉ. अख्तर सोडावाला ने कहा कि इस दुनिया में सबसे पुनीत कार्य कोई है तो जल व्यवस्था है। इस अवसर पर जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर के संरक्षक-संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र जैन, अध्यक्ष डॉ किरण सिंह, संरक्षक-सलाहकार डॉ. फौजिया सोडावाला एवं कार्यकारिणी सदस्यगण उपस्थित थे।

## न्यूज कालम



## ग्राम पंचायत नान्द्रा में लाखों रुपये की लागत से निर्मित सड़क क्षतिग्रस्त

**देपालपुर।** जनपद पंचायत देपालपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत नान्द्रा में लाखों रुपये की लागत से निर्मित आंतरिक सड़क सवा वर्ष के भीतर ही क्षतिग्रस्त हो जाने से निर्माण की गुणवत्ता और तकनीकी पर्यवेक्षण पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो गए हैं। गंगाजलखेड़ी मार्ग स्थित पानी की टंकी से प्राचीन हनुमान मंदिर तक निर्मित यह सीसी सड़क अब अनेक स्थानों पर दरारयुक्त, परत-विहीन एवं संरचनात्मक रूप से कमजोर दिखाई दे रही है। यह मार्ग न केवल नान्द्रा, बल्कि सुमठा, गंगाजलखेड़ी, नौगांव सहित आसपास के ग्रामों के लिए भी प्रमुख संपर्क पथ है। धार्मिक आस्था के केंद्र प्राचीन हनुमान मंदिर तक पहुंचने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन इसी मार्ग से होता है। ऐसे में सड़क का अल्पावधि में जर्जर होना सार्वजनिक धन के उपयोग और निर्माण प्रक्रिया की पारदर्शिता पर प्रश्न खड़े करता है।

## जिनिंग फैक्ट्री के अंदर वाली बावड़ी को पुर्नजीवित करने का प्रयास



**सनावद।** सनावद नगर पालिका द्वारा राज्य स्तरीय तीसरे जल गंगा संवर्धन अभियान - 2026 जल है तो कल है संकल्प को साकार करने के लिए बुधवार 8 अप्रैल सुबह 8.30 बजे शिव शंकर मंदिर रेलवे फाटक के पास जिनिंग फैक्ट्री के अंदर वाली बावड़ी की विशेष सफाई अभियान का आयोजन किया गया। विदित है इसी प्रकार 1 अप्रैल 2026 को इस अभियान अंतर्गत नगर के देवविला कॉलोनी स्थित कारंजा बावड़ी एवं कॉलोनी के गार्डन में नगर के जनप्रतिनिधि,नगर पालिका के कर्मचारी व कॉलोनी वासियों द्वारा सफाई कार्य किया गया था।

## डॉ. अख्तर सोडावाला ने की फव्वारा चौक पर शीतल जल का शुभारंभ



**बुरहानपुर।** जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर एवं तीर्थानि परिवार के संयुक्त तत्वाधान में फव्वारा चौक शनि मंदिर रोड पर शीतल जल प्याऊ का शुभारम्भ जिले के शतरंज खेल के उत्कृष्ट खिलाडी एवं इस खेल में गोल्ड मेडल अवार्ड प्राप्त डॉ. अख्तर सोडावाला के करकमलो से सम्पन्न हुआ। डॉ. अख्तर सोडावाला ने कहा कि इस दुनिया में सबसे पुनीत कार्य कोई है तो जल व्यवस्था है। चलते हुए आम राहगीर को जब उसके सूखे कंठ को जब शीतल जल मिल जाता है तो उस पल उस व्यक्ति को यह लगता है की मुझे भगवान मिल गये हैं। इस अवसर पर जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर के संरक्षक ० संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र जैन, अध्यक्ष डॉ किरण सिंह, संरक्षक ० सलाहकार डॉ फौजिया सोडावाला एवं कार्यकारिणी ० सदस्यगण उपस्थित थे।

## भाजपा का 47 वाँ स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया



**जावरा ।** भाजपा के 47 वे स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रकाश मेहरा के निवास पर भव्य स्थापना दिवस मनाया गया। मेहरा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी कार्यकताओं ने बड़े ही उत्साह पूर्वक उपस्थित होकर भाग लिया । कार्यक्रम की शुरूआत भाजपा का ध्वज फहराकर किया गया ।इसके पश्चात मिठाई वितरण एवं आतिशबाजी की गई । भाजपा नेता मेहरा ने उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी की रीति-नीति को जन-जन तक पहुचाने एवं जनहितेषी योजनाओं का व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करने का आवाहन किया । इस मौके पर डॉक्टर दिलीप शाकल्य, मार्केटिंग सोसायटी अध्यक्ष पिंकेश मेहरा,अभय कोठारी, अशोक पोरवाल ,वीरेंद्र सिसोदिया, सुनील यति ,शिखर धारीवाल, दर्शन पीपाड़ा ,कल्पित परमार ,जगदीश वीर ,टीपू सुल्तान ,मोहसिन जरार, सद्दाम, गौरव ,गौतम धाकड़, भयवंश वर्मा ,सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन अभिषेक बोरदिया ने किया तथा अनिल मोदी ने आभार माना।

## 9 अप्रैल को बड़वानी शहर में बंद रहेगी विद्युत सप्लाय

**बड़वानी ।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कनिष्ठ यंत्री ने बताया कि विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है 9 अप्रैल गुरुवार को समय प्रातः ०७ बजे से प्रातः ११ बजे तक 11 के.व्ही. गौकुल नगर फिडर पर मेंटेनेंस का कार्य किया जावेगा। जिस कारण से कुन्दन नगर, सावंत पुरम, आईजी कॉलोनी, एकलव्य नगर, दूरदर्शन टावर, रॉयल टाउन, नॉर्थ एवेन्यू, राधा कुंज, विहार सिटी, सरस्वती अस्पताल, संगीता अस्पताल, रोगांव, अजाक थाना, के क्षेत्र में विद्युत प्रदाय बाधित रहेगा। कार्य अनुसार निर्धारित समय सीमा घटाई या बढ़ाई जा सकती है।

प्रशिक्षण महाअभियान का समापन

# सांसद पटेल ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश, केंद्र की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का किया आह्वान

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मण्डलेश्वर



भारतीय जनता पार्टी के 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026' का दो दिवसीय आवासीय वर्ग बुधवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। समापन दिवस पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित क्षेत्रीय सांसद गजेंद्र सिंह पटेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी उपलब्धियों का ब्यौरा रखा।

अपने ओजस्वी उद्बोधन में सांसद गजेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने "मोदी है तो मुमकिन है" का नारा देते हुए केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं जैसे जनधन योजना, उज्जवला योजना और लाडली बहना योजना सहित विभिन्न विकासोन्मुख नीतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि सरकार की इन योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुँचाना ही हमारा मुख्य लक्ष्य होना चाहिए।

दो दिवसीय इस शिविर में कुल सात सत्र आयोजित किए गए। प्रथम दिन मंगलवार को विवेक भटोरे, डॉ. बद्रीप्रसाद पाटीदार, प्रभात पंडित, डॉ. शंभुसिंह मनहर और जितेन्द्र सुराना ने वैचारिक मार्गदर्शन दिया था। वहीं समापन अवसर पर सांसद पटेल और मन की बात जिला प्रभारी दीपक ठाकुर ने सांगठनिक मजबूती पर बल दिया। क्षेत्रीय विधायक राजकुमार मेव ने भी कार्यकर्ताओं को सेवा और समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र पाटीदार, वरिष्ठ नेता सतीशचन्द्र मोयदे, डॉ. रमेशचन्द्र राठोड़, राधेश्याम जयसवाल, रामेश्वर पाटीदार, सुरेश व्यास, राजनाथ पाटीदार, नारायण पाटीदार, जेपी जाट, मनोज शर्मा, ब्रह्मदत चौहान, नितिन पाटीदार, अनिरुद्ध हलवे, परिश चौहान, डॉ. अखलेश बर्वे, हरि गाड़गे, वीरेंद्र पाटीदार, भरत राठौड़, अभिलाष ठाकुर, मनोज कुमरावत, नीलेश जैन, विक्की पाटीदार एवं महिला मोर्चा से मंजुला मेवाड़े, जया वर्मा, रेखा वर्मा व लीला वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**आभार एवं संचालन**

कार्यक्रम का सफल संचालन बिहारी पाटीदार द्वारा किया गया। दो दिवसीय गहन प्रशिक्षण के अंत में मण्डल अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र पाटीदार ने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार प्रदर्शन किया। प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे कार्यकताओं ने आगामी समय में बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।



## बाबा साहेब की 500 किलो चांदी की प्रतिमा स्थापित करने हेतु न.पा. अध्यक्ष ने दिया सहयोग

**बुरहानपुर।** नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति भारती विनोद पाटिल ने बाबा साहेब अंबेडकर जी की 500 किलो चांदी की ऐतिहासिक प्रतिमा स्थापित करने हेतु डॉक्टर बी आर अंबेडकर यूथ फाउंडेशन नेपानगर को 10 हजार रुपए की चांदी 40 ग्राम भेट दी है। यह प्रतिमा देश की प्रथम प्रतिमा होगी और हमारे नगर का नाम भी पूरे देश में होगा। इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने उनका आभार व्यक्त किया और इस ऐतिहासिक संकल्प को पूरा करने हेतु सभी से सहयोग करने की अपील की। इस मौके पर श्रीमति निर्मला अड़कमोल, कविता तायड़े, कुसुम बाई इंगले, पुष्पा बाई उबाले, उषा शिंदे, शांतू बाई साल्वे, शारदा बाई साल्वे, आशा वानखेड़े,पुष्पा बाई नायके, लीला बाई डीवरे, लीला बाई बाविसकर, शीला बाई मोरे, ज्योत्सना बाई शकपाल, पुष्पा बाई गवई, रमा बाई तायड़े, शकुतला अडाले, सुनंदा ठाकरे, कमला बाई शकपाल, मनीषा मोरे कोकिला बाई मोरे, इंदु बाई मसाने कमला बाई वानखेड़े, शारदा अरुण साल्वे, पुष्पा बाई मोरे सभी महिलाएं मौजूद रही।

# संस्कार, बालिका शिक्षा और जल संरक्षणः सनावद नार्मदीय ब्राह्मण समाज का नया संकल्प

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ सनावद

नार्मदीय ब्राह्मण समाज की नवनियुक्त कार्यकारिणी की प्रथम बैठक मात्र एक प्रशासनिक चर्चा नहीं, बल्कि सामाजिक सुधार की दिशा में एक बड़ा मील का पत्थर साबित हुई। गोलोक धाम (शिव कोठी) में आयोजित इस बैठक में समाज के वरिष्ठ विद्वानों की गरिमामयी उपस्थिति में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

जल और बेटीः समाज के दो मजबूत स्तंभ ?बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष पंडित राजेंद्र बर्वे ने एक नई विजनरी सोच प्रस्तुत की। उन्होंने स्पष्ट किया कि "कोई भी समाज तभी समृद्ध होता है जब वह अपनी प्रकृति और अपनी भावी पीढ़ी का सम्मान करता है।" उन्होंने दो प्रमुख बिंदुओं पर विशेष बल दियाः ?नदी जल संरक्षणः माँ नर्मदा की गोद में बसे इस समाज के लिए जल का महत्व सर्वोपरि है। बर्वे जी ने जल स्त्रोतों के संरक्षण और उनके विवेकपूर्ण उपयोग को सामाजिक जिम्मेदारी बनाने की बात कही। बालिका शिक्षा शिक्षित बेटी, समृद्ध समाज के विचार को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने समाज की बालिकाओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने का आह्वान किया।इन पुनीत कार्यों की ठोस शुरूआत के लिए उन्होंने स्वयं की ओर से 25 हजार की सहयोग राशि की घोषणा कर समाज के सामने एक प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया।

जहाँ एक ओर मंच पर विद्वानों ने गुरु-परंपरा को जीवंत किया, वहीं दूसरी ओर *पूज्य गुरुदेव पंडित रमेश चंद्र जी चौकड़े प्रवास पर रहते हुए भी ऑनलाइन (डिजिटल) माध्यम से जुड़कर अपना आशीर्वाद कार्यकारिणी को प्रदान किया।

गुरुदेव ने आगामी ३ मई 2026 को होने वाले सामूहिक उपनयन संस्कार हेतु सभी बटुकों एवं कार्यक्रम में उपस्थित मेहमानों के भोजन और व्यवस्थाओं में पूर्ण सहयोग का वादा किया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ सदस्य दिलीप भाई पगारे द्वारा गुरुजनों का सम्मान कर उन्हें उपहार भेंट किए इकाई प्रवक्ता शांतिलाल चतुर्वेदी व रत्नेश भटोरे के कुशल संचालन ने आयोजन की गरिमा को बढ़ा दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और नर्मदा अष्टक के सस्वर पाठ के साथ हुआ। बैठक मुख्य अतिथि पंडित गिरीश चौकड़े के सानिध्य में आयोजित की गई। इस अवसर पर विद्वत परिषद के वरिष्ठ विद्वान पंडित शिव शंकर खेड़े, पंडित भरत जी तारे एवं पंडित दिलीप जी खेड़े का विशेष सानिध्य प्राप्त हुआ, जिनका समाज द्वारा आत्मीय सम्मान किया गया।

पंडित गिरीश चौकड़े (मुख्य अतिथि) ने अध्यक्ष राजेंद्र बर्वे और उनकी टीम को नई पारी की शुभकामनाएं देते हुए समाज हित के कार्यों में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर समाज के जगदीश तारें, पन्नालाल खेड़ संतोष पुरे एवं समस्त कार्य कारिणी के सदस्य उपस्थित थे।

# महारानी दुर्गावती कन्या क्षात्रावास को लेखन सामग्री व अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुए प्रदान की

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बाग

ग्राम बाग में संचालित महारानी दुर्गावती कन्या क्षात्रावास में एक कार्यक्रम आयोजित कर कंपनी ने शैक्षणिक गतिविधियों को और बेहतर बनाने के लिए लेखन सामग्री एवं अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुएं प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान स्पेशलिटी ऑर्गेनिक्स प्राइवेट लिमिटेड सेक्टर -3 का प्रतिनिधित्तव श्री डी म नेमा - सलाहकार , श्री भावेश भानुशाली - यूनिट हेड ,श्री दीपक कुमार गुप्ता- सुरक्षा प्रमुख द्वारा किया गया, साथ ही सह क्षात्रावास प्रमुख श्री राणा सिंह सोलंकी ,क्षेत्र संगठन मंत्री श्री सुभाष बड़ोले ,प्रान्त सह संगठन मंत्री श्री मिथुन मकवाना, क्षेत्र संयोजक (जन जाति सुरक्षा मंच) श्री कालू सिंह मुजाल्दा, स्थानीय छात्रावास अध्यक्ष श्री रितेश काबरा, छात्रावास अधीक्षिका श्रीमती रंगु डुडवे एवं समस्त छात्राएं एवं उनके माता पिता मौजूद रहे। कंपनी के द्वारा आश्वस्त किया गया की भविष्य में कंपनी के द्वारा समर्थ के अनुसार आश्रम को मदद प्रदान के लिए हमेशा तैयार रहेगी। संस्था को सामग्री प्रदान करने में श्री रितेश काबरा जी की विशेष भूमिका रही। वे कंपनी के निरंतर संपर्क में रहे एवं आवश्यक मदद और सामग्री के समुचित उपयोग के लिए अपनी प्रतिबद्धता उन्होंने प्रदर्शित की। सामग्री में टीवी , फ्रिज ,कूलर,पंखे,गैस भट्टी,रोटी बनाने वाली गैस भट्टी, अलमारी,कुर्सियां,स्पोर्ट्स ड्रेस, स्कूल



ड्रेस,कॉपी,रजिस्टर,दसवीं की गाइड्स,एम्पलीफायर स्पीकर एवं अन्य सामग्री प्रदान की गयी। कार्यक्रम में सेवानिवृत शिक्षक श्री नारायण मानधन्या ने परोपकार और सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर श्रीमति शानू काबरा, सुदर्शन पंवार, बबलू जैन आदि उपस्थित थे। संचालन चयन जैन ने किया।अंत में श्री रितेश जी काबरा ने कंपनी का आभार प्रकट किया गया ।

## संभागायुक्त ने किया सीईओ जनपद पाटी को निलंबित

**बड़वानी ।** संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने जनपद पंचायत पाटी के सीईओ श्री पराग पंथी को सामुदायिक एवं हितग्राही मूलक कार्यो में रूचि नही लेने, जिला पंचायत सीईओ द्वारा दिये गये कारण बताओं सूचना पत्र का उत्तर प्रस्तुत नही करने तथा कर्तव्य से सतत अनुपस्थित रहने पर मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियम 1966 के नियम 9 के तहत निलंबित किया है। निलंबन काल में श्री पंथी का मुख्यालय जिला पंचायत बड़वानी नियत किया गया है।

# खरगोन में शिक्षकों का प्रदर्शन, टीईटी अनिवार्यता हटाने की मांग



**खरगोन।** शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता के विरोध में जिले के करीब चार हजार शिक्षकों ने बुधवार को रैली निकालकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपा। लोक शिक्षण संचालनालय और जनजातीय कार्य विभाग के निर्देशों के विरोध में शिक्षक सब्जी मंडी से रैली निकालते हुए अनुविभागीय अधिकारी वीरेंद्र कटारे को ज्ञापन सौंपने पहुंचे। इस दौरान 25 साल की सेवा का मान, नहीं चाहिए फिर से इम्तिहानज्ज और च्ज्ञश्वज्ञ निरस्त करोज्ज जैसे नारे लगाए गए। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से कार्यरत शिक्षकों पर ज्ञश्वज्ञ लागू करना अव्यवहारिक है और इसे समाप्त किया जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि 11 अप्रैल को ब्लॉक स्तर पर और १८ अप्रैल को भोपाल में बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।

## बुरहानपुर को 10 करोड़ की लागत से छात्रावास निर्माण को मिली मंजूरी

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर विधानसभा क्षेत्र को शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात मिली है। लगभग 10 करोड़ रुपए की लागत से अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास भवन निर्माण की मंजूरी मिलना क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। यह सफलता विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिसहास की सक्रिय पहल और विकास के विषयों पर पैनी नजर रख उनकी स्वीकृति तक लगातार प्रयासों का परिणाम है। बुरहानपुर के फोपनार क्षेत्र में 50 सीटर अनुसूचित जाति प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास के निर्माण के लिए लगभग 499.78 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं जिला मुख्यालय पर 50 सीटर प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास के लिए लगभग 500.02 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। कुल मिलाकर यह लगभग 10 करोड़ रुपए का बड़ा प्रोजेक्ट है, जो क्षेत्र के शिक्षा ढांचे को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगा।



# अग्निवीर भर्ती के संबंध में विद्यार्थियों को दिया गया मार्गदर्शन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी

भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती 2026 के सबंध में जिलास्तीय उत्कृष्ट उ.मा.वि.क्र.1 बड़वानी में विद्यार्थियों को जानकारी दी गई । संस्था प्राचार्य श्री अनिल मिश्र ने बताया कि सेनाभर्ती कार्यालय महू के कर्नल श्री मोहित जैन तथा सुबेदार मेजर श्री धनश्याम नेगी ने भारतीय सेना में अग्निवीर बनने की पुरी प्रक्रिया को विस्तार से विद्यार्थियों को बताया । अधिकारी द्वय ने बताया कि 2026 में अग्निवीर भर्ती के तहत अग्निवीर जेडी, अग्निवीर क्लर्क, ट्रेड्समेन पदो पर कुल 25 हजार अग्निवीर की भर्ती की जाना हैं। जिसकी ऑनलाईन पंजीयन की अंतिम तिथि 10 अप्रैल हैं, उक्त पदों में भर्ती हेतु 10वीं या 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी क्रमशः 45 प्रतिशत तथा 60 प्रतिशत अंक अर्जित किए हो ।अधिकारियो ने अग्निवीर योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि अग्निवीर बनने पर विद्यार्थी को ट्रेनिंग अकादमी में छः माह का प्रशिक्षण कोर्स कर कुल 4 वर्ष तक भारतीय सेना में सेवाएं दे सकेगे, तथा 25 प्रतिशत अग्निवीरो को सेना में स्थाई किया जाएगा तथा बाकी अग्निवीरो को एक मुश्त 10 से 12 लाख रू. मिलेगे जो कि टेक्स फी होंगे । कार्यक्रम के अंत में अधिकारियो ने भारतीय सेना से जुड़े प्रश्न विद्यार्थियो से किए तथा उचित व सही जवाब देने पर विद्यार्थियो को पुरस्कृत भी किया। इस अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी श्री टी. एस. डुडवे, सुरक्षा शिक्षक श्री संदीप शर्मा, श्री जगदीश गुजराती, श्री अजय यादव, श्रीमती सेवंती डावर, सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे ।

## रोजगार मेले में 43 का प्रारंभिक चयन

**उज्जैन।** शासन के निदेशानुसार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अधिकाधिक अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से प्रतिमाह युवा संगम (रोजगार, स्वरोजगार व अप्रेंटिसशिप मेले) का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय, उज्जैन द्वारा किया गया। इसी तारतम्य में 8 अप्रैल को कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में युवा संगम का आयोजित जिला रोजगार कार्यालय उज्जैन परिसर में किया गया।रोजगार मेले में 11 कंपनियों के 200 रिक्त पदों के लिए 105 युवक युवतियों का पंजीयन किया गया जिसमें से 43 युवक युवतियों का प्रारंभिक चयन किया गया। इसके साथ ही जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 65 आवेदकों को काउंसिलिंग कर उन्हें करियर मार्गदर्शन व परामर्श दिया गया। साथ ही आई.टी.आई. उज्जैन के माध्यम से अप्रेंटिसशिप में 5 युवाओं का चयन किया गया। श्रम विभाग व जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई है।

# शहर में आवागमन को बाधित करने वाले अतिक्रमणों पर कार्यवाही करें- कलेक्टर

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ उज्जैन

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में नगर निगम और स्मार्ट सिटी के कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक बुधवार शाम कलेक्टर कार्यालय सभागृह में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने शहर में आवागमन को बाधित करने वाले अतिक्रमणों का चिन्हांकन कर कार्यवाही करने के निर्देश नगर निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा को दिए। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने स्मार्ट सिटी द्वारा 10 लाख पौधों के रोपण की कार्ययोजना में छायादार पौधों के रोपण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए है। साथ ही सामाजिक संस्थाओं को भागीदार बनाकर पौधारोपण के पश्चात रख-रखाव और उक्त पौधों की सुरक्षा के लिए भागीदार बनाने के निर्देश भी दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने शहर में किए जा रहे सीवरेज प्रोजेक्ट के कार्य की एजेंसी को क्षमता बढ़ाने के निर्देश दिए, जिससे 1.2 कि.मी. प्रतिदिन पाइपलाईन बिछाने का कार्य का लक्ष्य सुनिश्चित किया जा सके।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने संपत्ति कर, वाहन पार्किंग से आय बढ़ाने के निर्देश नगर निगम को दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने नगर निगम को व्यावसायिक संपत्तियों का चिन्हांकन पुनः करने के निर्देश दिए। अपशिष्ट प्रबंधन और प्रोसेसिंग प्लांट्स की क्षमताएं बढ़ानें के निर्देश दिए बैठक में नगर निगम द्वारा शासकीय योजनाओं के क्रियांवयन के लिए किए गए कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में मौजूदा अपशिष्ट प्रबंधन और प्रोसेसिंग प्लांट्स की क्षमताएं बढ़ानें और फ्लावर वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट्स की क्षमता बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर श्री सिंह ने सिंहस्थ 2028 के दृष्टिगत श्रद्धालुओं द्वारा छोडे गए कपडों, जूते आदि के लिए भी कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने चरक भवन में सीवरेज लाईन का कार्य तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए।बैठक में पीएम आवास, पीएम स्वनिधि 2.0, स्वच्छ भारत मिशन 2.0, दीनदयाल चलित रसोई योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, उज्जैन शहर की जलप्रदाय योजना, अमृत मिशन 2.0 अंतर्गत सीवरेज लाईन का कार्य, नेशनल क्लिन एयर प्रोग्राम आदि योजनाओं के क्रियांवयन की समीक्षा की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि पीएम आवास योजना अंतर्गत ९५.७९ प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। अभी तक 11083 आवास पूर्ण हो चुके है। स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अंतर्गत 55 नवीन शौचालय बनाए जा रहे है। पीएम स्वनिधि 2.0 योजना अंतर्गत 15 हजार रुपए राशि के 984, 25 हजार रुपए राशि के 4526 और 50 हजार रूपए राशि के 1475 प्रकरण स्वीकृत कर हितग्राहियों को लाभ दिया गया है। दीनदयाल चलित रसोई योजना अंतर्गत नगर निगम के आश्रय स्थलों और अन्य जगहों पर संतुलित आहार उपलब्ध कराया जा रहा है। पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत लक्ष्यानुसार शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शहर की जल प्रदाय स्त्रोतों में जरुरत होने पर शिप्रा बैराज से भी जल ले सकेंगे बैठक में उज्जैन शहर की जल प्रदाय स्त्रोतों के बारे में बताते हुए आगामी ग्रीष्म ऋतु में जल प्रदाय की योजना की जानकारी दी गई। बैठक में जानकारी दी गई कि आज दिनांक तक गंभीर बांध में 814.31, साहिबखेडी जलाशय में 137.5, उंडासा में 20.12 एम.सी.एफटी. जल उपलब्ध है। जरुरत होने पर शिप्रा बैराज से जल उपलब्ध रहेगा। बैठक में जानकारी दी गई कि शहर में 1787 हैंड पंप, 363 सिंगल फेस पंप, 20 में से 20 बूस्टर पंप चालू है। बैठक में सीवरेज पाइप लाईन बिछाने के कार्य की समीक्षा की गई।

बैठक में जानकारी दी गई कि इंदिरागांधी चौराहे से चामुंडा माता मंदिर तक पाइपलाईन शिफ्टिंग का कार्य 95 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है।

## न्यूज -कॉलम

### हत्या या आत्महत्या पीएम रिपोर्ट से खुलेगा राज

**उज्जैन।** तराना के ग्राम शंकरगढ़ कनार्दी से मंगलवार शाम नेहा पति अर्जुन गौड 20 साल को परिजन उपचार के लिये उज्जैन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। नेहा द्वारा जहरीला पदार्थ खाना बताया गया था। रात में नेहा की मौत हो गई। निजी अस्पताल से मामले की सूचना नीलगंगा थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मर्ग कायम किया और पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान नेहा के मायके पक्ष ने हत्या का आरोप लगाया, उनका कहना था कि नेहा के साथ मारपीट की गई और जहरीला पदार्थ खिलाया गया है। मामले को लेकर एसआई वर्षा सोलंकी ने बताया कि घटनाक्रम तराना थाना क्षेत्र का है, फिलहाल जहरीला पदार्थ खाने से मौत होना सामने आया रहा है। मर्ग डायरी संबंधित थाना पुलिस को भेजी जायेगी। फिलहाल शव परिजनों को सौंपा गया है। मृतका के परिजन आरोप प्रत्यारोप कर रहे थे। वहीं मामले में तराना थाना प्रभारी रामनारायण भदौरिया का कहना था कि मामला नवविवाहिता से जुड़ा है। मृतका नेहा आगर जिले की रहने वाली है। मर्ग डायरी मिलने पर परिजनों के बयान दर्ज किये जायेगें। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर मौत का कारण भी स्पष्ट हो जायेगा।

### शराब का सौदा कर आबकारी ने मारी दबिश

**उज्जैन।** काल भैरव मंदिर के पास आसपास फूल-प्रसाद की दुकान लगाने वाले 2 युवकों द्वारा अवैध शराब बेचे जाने की सूचना मिलने पर आबकारी विभाग द्वारा टीम गठित की गई। वृत प्रभारी अधिकारी हिमांशु अग्रवाल काल भैरव मंदिर पहुंचे और अवैध शराब बेचने वालों को पकड़ने के लिये टीम के सदस्यों को ग्राहक बनाकर 2 दुकानों पर भेजा। जहां से दुकानदार सुमित पिता सुनील अम्बोडिया और सुनील पिता राधेश्याम मालवीय द्वारा अपनी फूल प्रसाद की दुकान से देशी शराब की बोतल उपलब्ध कराई। अवैध शराब बेचने की पुष्टि होते ही दबिश दी गई और दोनों दुकानदारों के पास से 7.2 बल्क लीटर देशी शराब के क्वार्टर बरामद कर लिये। आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी मुकेश रंधा ने बताया कि दोनों युवकों के खिलाफ मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) का प्रकरण दर्ज कर दर्ज विवेचना में लिया गया है।

### तलवार दिखाकर धमका रहा बदमाश पकड़ाया

**उज्जैन।** बड़नगर कस्बे में नूरिया खाल के पास तलवार दिखाकर लोगों को धमका रहे बदमाश की खबर पुलिस को मिली तो थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने बदमाश की धरपकड़ के लिये प्रधान आरक्षक प्रदीप डामोर, राहुलसिंह राठौर और आरक्षक नारायण सरा को रवाना किया। नूरिया खाल के पास उक्त बदमाश को पकड़ा गया और तलवार जप्त की गई। पूछताछ करने पर बदमाश का नाम बाबूलाल पिता भागीरथ हिंडोलिया 50 साल निवासी मालीसेरी बड़नगर सामने आया। जिसके खिलाफ आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। थाना प्रभारी के अनुसार पूर्व में भी बाबूलाल के खिलाफ आर्म्स एक्ट के साथ मारपीट, गाली-गलौच के पांच मामले दर्ज है। बुधवार दोपहर बदमाश को कोर्ट में पेश किया गया।

### पारिवारिक विवाद में भाई की बाइक में लगाई आग

**उज्जैन।** चिमनगंज थाना क्षेत्र के आगररोड स्थित आयशर शोरूम के सामने रहने वाले कन्हैयालाल पिता प्रेमनारायण प्रजापत और उसके भाई हेमंत प्रजापत के बीच पारिवारिक मामलों को लेकर विवाद हो गया था। रात में डेढ़ बजे के लगभग हेमंत ने घर के बाहर खड़ी भाई कन्हैयालाल की बाईक में आग लगा दी। भाई की बाइक के पास ड्रायवर की बाइक भी खड़ी थी, वह भी आग की चपेट में आ गई। बाइक में आग लगने की जानकारी कन्हैयालाल को लगी तो उसने बाहर आकर दोनों जलती बाइक को बुझाने के लिये पानी डाला, लेकिन दोनों बाइक काफी ज्यादा जल चुकी थी। रात में कन्हैयालाल ने मामले की शिकायत चिमनगंज थाना पुलिस से की। पुलिस ने मामले में हेमंत के खिलाफ आगजनी का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### 2 बदमाशों ने क्लीनर का पत्थर से फोड़ा सिर

**उज्जैन।** गरोठ रोड ब्रिज टर्न आगररोड पर रात में बाइक सवार 2 बदमाशों ने ट्रक चालक इमरान पिता मोहम्मद इस्लाम अंसारी निवासी यादव कालोनी को रोक लिया। ट्रक में बैठा इमरान का भाई रेहान अंसारी दोनों से ट्रक रोकने का कारण पूछने नीचे उतारा तो दोनों बदमाशों ने पत्थर से सिर पर हमला कर दिया और भाग निकले। सिर में चोंट लगने पर रेहान गिर पड़ा। भाई इमरान उसे अस्पताल लेकर पहुंचा। मामले की सूचना मिलने पर चिमनगंज थाना पुलिस ने इमरान की शिकायत पर हमला करने वाले बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। बदमाशों के नाम सचिन और रोहित होना सामने आया है। जिनकी तलाश की जा रही है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 780-5 | 367-6 |
| मेन बाजार | 448-6 | 168-5 |
| कल्याण नाइट | 334-0 | 670-3 |
| मिलन डे | 117-9 | 900-9 |
| मिलन नाइट | 129-2 | 149-4 |
| मधुर डे | 567-8 | 577-9 |
| मधुर नाइट | 880-6 | 250-7 |
| शुभांक | 2 5 | 0 |

पुलिस हिरासत में पति, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुला राज...

# गला घोंटकर फंदे पर लटकाया था पत्नी का शव

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

दुपट्टे के फंदे पर लटकी मिली महिला की मौत का मामला हत्या का सामने आया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पति को हिरासत में लिया गया है। जिसके खिलाफ हत्या का मामला दर्जकर पूछताछ की जा रही है। आज कोर्ट में पेश किया जायेगा।

नीलगंगा थाना क्षेत्र के न्यू अशोकनगर में 15 मार्च को बाथरूम में निर्मला पति मायापुरी का शव दुपट्टे के फंदे से लटका मिला था। पुलिस सूचना मिलने पर घटनास्थल पहुंची थी, जहां पति ने बताया था कि सालभर पहले प्रेम विवाह किया था। निर्मला अनुसूचित जाति वर्ग की थी और वह पिछड़ा वर्ग का है। हम दोनों का अंतरजातिय विवाह था। निर्मला गुना चलकर दस्तावेज बनवाना चाहती थी। उसने काम की वजह से गुना जाने से मना कर दिया था। जिसके चलते नाराज होकर उसने फांसी लगाई है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया था। पति ने अंतिम संस्कार कर दिया था। 23 दिन बाद पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिली तो हैरत में पड़ गई। निर्मला की मौत फांसी लगाने से नहीं हुई थी। उसका गला दबाकर मारा गया था, उसके बाद फंदे पर लटका गया था। पुलिस ने मंगलवार रात मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर हत्या का प्रकरण दर्ज किया। बुधवार को पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की गई तो सामने आया कि उसने विवाद होने पर गला दबाकर मारा था। उसके बाद आत्महत्या का रूप देने के लिये बाथरूम में दुपट्टे के फंदे से लटका दिया। थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि आरोपित पति से पूछताछ की जा रही है। गुरूवार दोपहर कोर्ट में पेश किया जायेगा।

#### मृतिका सात माह की थी गर्भवती

पोस्टमार्टम के दौरान सामने आया था कि निर्मला सात माह की गर्भवती थी। उसकी मौत के साथ ही गर्भ में पल रहे शिशु की भी मौत हुई है। इस संबंध में आरोपित पति से प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि वह संतान नहीं चाहता था, लेकिन निर्मला संतान चाहती थी जिसको लेकर विवाद हुआ था। वह आशीर्वाद गार्डन में केटरिंग का और चौकीदारी का काम करता है। गर्भवती होने के बाद से उनके बीच विवाद होने लगा था।

#### गुना की रहने वाली थी मृतिका

घटनाक्रम सामने आने के बाद पति मायापुरी ने पुलिस को बताया था कि उसने प्रेम विवाह किया था, निर्मला सुसनेर की रहने वाली है। उसके माता-पिता की जानकारी नहीं है। जबकि पुलिस जांच में सामने आया कि निर्मला गुना कर रहने वाली थी। जांच में आये तथ्यों के आधार पर उसके परिजनों को भी सूचना दी गई थी।

72 घंटे बाद गिरफ्त में आया हत्या का आरोपी..

## झाडियों में चाकू फेंक महाराष्ट्र भाग निकला था बदमाश

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

ढांचा भवन उद्योगपुरी में युवक की सीने पर चाकू मारकर हत्या करने वाले बदमाश को बुधवार सुबह 72 घंटे बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हत्या करने के बाद बदमाश महाराष्ट्र भाग निकला था। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर उद्योगपुरी क्षेत्र की झाड़ियों से चाकू बरामद किया है।

चिमनगंज थाना क्षेत्र की उद्योगपुरी में 5 अप्रैल की शाम केवल उर्फ केके पिता राजेन्द्र श्रीवास्तव 35 साल निवासी ढांचाभवन की बदमाश शेखर उर्फ टंटा पिता नाथुसिंह वर्मा निवासी रतन एवेन्यू ने सीने पर चाकू मार हत्या कर दी थी। पुलिस ने मामले में मृतक को अस्पताल लेकर जाने वाले योगेश गुर्जर की शिकायत पर बदमाश के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज किया था। घटनाक्रम पुराने विवाद में



होना सामने आया था। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने हत्या करने वाले बदमाश की गिरफ्तारी के लिये एसआई राजाराम चौहान, आरक्षक आनंद मिश्रा, संदीप, सुनील, अर्जुन और धर्मेन्द्र की टीम बनाई थी। बदमाश की लगातार तलाश जारी थी। बुधवार को खबर मिली कि बदमाश अपने घर आया हुआ है। पुलिस टीम ने तत्काल दबिश दी और उसे गिरफ्तार कर लिया। एसआई राजाराम चौहान ने बताया कि आरोपी से पूछताछ करने पर सामने आया कि वह हत्या के बाद महाराष्ट्र भाग गया था। उससे हत्या में प्रयुक्त चाकू के संबंध में जानकारी जुटाई तो उसने उद्योगपुरी क्षेत्र की झाड़ियों में फेंकना कबूल किया। पुलिस उसे उद्योगपुरी क्षेत्र लेकर पहुंची, जहां से उसकी निशानदेही पर झाड़ियों में पड़ा चाकू बरामद कर लिया गया। दोपहर बाद कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। पुलिस के अनुसार बदमाश शेखर के खिलाफ पूर्व में भी 18 अपराध दर्ज है। मृतक केवल उसका साथी था, उस पर भी 10 अपराधिक मामले दर्ज थे। दोनों के बीच शराब पीने के बाद विवाद हुआ था। जिसके चलते नशे में शेखर ने सीने में चाकू घोंप दिया था।

## कलेक्ट्रेट में पदस्थ इलेक्ट्रिशन से मारपीट करने वाले गिरफ्तार



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

कलेक्ट्रेट कार्यालय में सहायक इलेक्ट्रिशियन के रूप में कार्यरत वृद्ध के साथ रविवार को घर आकर मारपीट करने वाले 2 नाबालिगों सहित 2 युवक बुधवार को पुलिस की गिरफ्त में आ गये। 2 आरोपित युवकों को पुलिस घटना की तस्दीक के लिये विवादित स्थल लेकर पहुंची।

महाकाल थाना एसआई जितेन्द्र झाला ने बताया कि कलेक्ट्रेट कार्यालय में सहायक इलेक्ट्रिशियन मोहम्मद अशफाक 60 साल निवासी सारवान की मस्जिद के साथ पुराने विवाद में अब्दुल समी पिता अब्दुल शहजाद निवासी नलियाबाखल हाल मुकाम विराटनगर और नासिर पिता मोहम्मद निसार पठान निवासी नलियाबाखल ने अपने दो नाबालिग साथियों के साथ मिलकर मारपीट करते हुए चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी थी। मामले में धारा 115 (2), 296 (बी), 351 (3), 3 (5) का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया था। घटनास्थल पर विवाद का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था। वृद्ध इलेक्ट्रिशियन के साथ मारपीट करने वालों की गिरफ्तारी के लिये प्रधान आरक्षक मनीष यादव, सुनील पाटीदार,आरक्षक पवन पंवार की टीम बनाई गई। तीन दिनों की तलाश के बाद बुधवार को 2 नाबालिगों के साथ अब्दुल समी और नासिर पठान का गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में पुराने विवाद में मारपीट और धमकाने की बात दोनों ने कबूल की। दोपहर में पुलिस दोनों को घटनास्थल लेकर पहुंची, जहां मामले की तस्दीक कराई, इस दौरान दोनों ने आगे से विवाद नहीं करने बात कहीं, तस्दीक के बाद आरोपितों को न्यायालय में पेश किया गया। एसआई झाला के अनुसार पूर्व में विवाद होने का मामला पुलिस ने दर्ज किया था।

नीलगाय से टकराने के बाद पलटी कार, 3 घायल

## नागदा के पास हादसे में 12 साल के बालक की मौत



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

नागदा-उन्हेल मार्ग के बीच मंगलवार-बुधवार रात नीलगाय से टकराने के बाद पलटी कार में सवार 12 साल के बालक की मौत हो गई। 3 युवक गंभीर घायल हुए है।

नागदा के बोरखेड़ा पिपलिया में रहने वाला परिवार रिश्तेदारी में शादी होने पर कार से उन्हेल के ग्राम सुरजाखेड़ी आया था। वापस लौटते समय रात 1 बजे के लगभग उनकी कार उन्हेल-नागदा के बीच ग्राम बलड़ा मोड पर अचानक कार के सामने नीलगाय आ गई। टकराने पर चालक का संतुलन बिगड़ गया और कार पलटी खाकर सड़क किनारे जा गिरी। हादसे के बाद कुछ लोगों द्वारा कार में सवार चार घायलों की सूचना उनसे पूछताछ कर परिजनों को दी। चारों घायलों को महिदपुर अस्पताल भेजा गया, जहां हालत गंभीर होने पर उज्जैन रैफर किया गया। यहां पहुंचने पर सामने आया कि घायलों में शामिल 12 साल के विकास पिता बाबूलाल की मौत हो चुकी है। माखन, संजू और अरूण की हालत भी नाजुक है। परिवार तीनों घायलों को उपचार के लिये निजी अस्पताल ले गया। वहीं मृतक बालक के मामले में कोतवाली थाना अस्पताल चौकी द्वारा मर्ग कायम किया गया। बुधवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। इस दौरान सामने आया कि मृतक बालक कक्षा 5 वीं का छात्र था और काका के लड़के की शादी में घायल हुए भाईयों के साथ उन्हेल आया था। कार माखन चला रहा था। कोतवाली थाना पुलिस के अनुसार घायलों को महिदपुर अस्पताल से रैफर किया गया था। मर्ग डायरी महिदपुर पुलिस को सौंपी जायेगी।

## हिरासत में न्यूरोसर्जन से 35 लाख ठगने वाला धोखेबाज

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

प्रापर्टी में इंवेस्ट करने और कुछ दिनों में ही लाखों का मुनाफा होने का झांसा देकर न्यूरोसर्जन से 35 लाख ठगने वाला बुधवार को पुलिस की हिरासत में आ गया।

संत कबीर नगर में रहने वाले न्यूरोसर्जन डॉ. रूपेश पिता प्रेमनारायण खत्री ने 10 मार्च को अपने साथ 35 लाख की धोखाधड़ी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। नीलगंगा थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र में हुए लेनदेन के चलते मामले में कमलेश कोचट्टा निवासी मित्रनगर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। 29 दिन बाद पुलिस ने बुधवार को धोखाधड़ी करने वाले कमलेश को गिरफ्तार कर लिया। विदित हो कि डॉ. खत्री ने शिकायत में बताया था कि 10 अक्टूबर 2024 को उनका संपर्क कमलेश कोचट्टा से हुआ था। कमलेश प्रापर्टी संबंधित काम करता है। उसने मित्रनगर में 15 सौ स्क्वायर फीट का मकान 35 लाख का होना बताया और कहा कि इंवेस्ट करना फायदे का सौदा होगा। कुछ दिनों में 10 लाख तक का मुनाफा दिलवा देगा। उसकी बातों में आकर नीलगंगा क्षेत्र में 20 लाख और कमलेश के घर पहुंचकर 15 लाख रुपए दिये गये। कई माह गुजरने पर भी ना मुनाफ मिला ना ही खरीदे गये मकान की रजिस्ट्री कमलेश ने कराई। रुपए लौटाने को कहा तो 10-10 लाख के चैक दिये, जो बाउंस हो गये। पता करने पर सामने आया कि कमलेश ने उक्त मकान की रजिस्ट्री अपने नाम कराकर धोखाधड़ी की है।

## आगर से लाया था गांजा, गिरफ्त में आया युवक

**उज्जैन।** अवैध मादक पदार्थ पर अंकुश लगाने के लिये चलाये जा रहे अभियान में आगर से बेचने के लिये गांजा लेकर आये युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 2 किलो गांजा जप्त किया गया।

पंवासा थाना एसआई नितेश मिठौरे ने बताया कि मंगलवार रात सूचना मिली थी कि ग्राम खजूरिया कुमावत के मोड़ पर एक युवक मादक पदार्थ बेचने की फिराक में आया है।

थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई के निर्देशन में प्रधान आरक्षक अब्दुल रहीम, आरक्षक बुजेंद्र भारती और अमर के साथ मौके पर घेराबंदी की। पुलिस को देख युवक ने बाइक छोड़कर भागने का प्रयास किया, टीम ने पीछा कर उसे पकड़ा और बाइक पर टंगा बेग बरामद कर तलाशी ली। जिसमें 2 किलो गांजा भरा होना पाया गया। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम हेमंत पिता मदनलाल कुमावत निवासी ग्राम खजूरिया कुमावत बताया। गांजा मिलने पर उसे गिरफ्तार किया गया और एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया।

उसका कहना कि गांजा आगर से लेकर आया है। एसआई मिठौरे के अनुसार आरोपित युवक को कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

तरण ताल से संकुल भवन तक निकाला पैदल मार्च.. राज्यपाल के नाम 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की मांग

# किसानों के समर्थन में कांग्रेस का प्रदर्शन, कलेक्टर कार्यालय का घेराव

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

किसानों की विभिन्न समस्याओं, फसल खरीदी में देरी और कांग्रेस नेताओं पर दर्ज प्रकरणों के विरोध में बुधवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सड़कों पर उतर आई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार 8 अप्रैल को किसानों के समर्थन में एक विशाल पैदल मार्च निकाला गया।

यह रैली जिलाध्यक्ष एवं विधायक महेश परमार और शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में तरण ताल चौराहे से शुरू होकर कोठी रोड होते हुए संकुल भवन स्थित कलेक्टर कार्यालय पहुंची। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने बीच सड़क पर बैठकर राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कई नेता अपने गले में स्लोगन लिखे पोस्टर लटकाकर विरोध जताते नजर आए, जिनमें प्रमुख रूप से गेहूं खरीदी शीघ्र



शुरू करने और किसानों पर दर्ज एफआईआर वापस लेने की मांग शामिल थी।


प्रदर्शन के बाद राज्यपाल के नाम कलेक्टर को 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि गेहूं उपार्जन की तिथियों को बार-बार आगे बढ़ाकर 15 अप्रैल तक कर दिया गया है, जिससे 31 मार्च तक ऋण वसूली के कारण लगभग आधे किसान डिफाल्टर हो चुके हैं। ऐसे हालात में किसान अपनी उपज 2000 से 2200 रुपये प्रति क्विंटल के कम दाम पर बेचने को मजबूर हैं, जबकि पड़ोसी राज्य राजस्थान में 16 मार्च से खरीदी शुरू हो चुकी है।

ज्ञापन में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी तत्काल शुरू करने, बारदाने की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने, ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का मुआवजा देने, लंबित फसल बीमा क्लेम का भुगतान करने और कृषि मंडियों की अव्यवस्थाओं को दूर करने की मांग की गई। साथ ही किसानों को कर्ज से राहत देने, उन्हें डिफाल्टर घोषित करना बंद करने और खेतों में आग लगने के मामलों में दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग भी प्रमुख रही। कांग्रेस नेताओं पर दर्ज कथित झूठे प्रकरणों को निरस्त करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल की गई।

#### सत्ता में बिठाने वाला किसान सड़क पर भी ला सकता है - विधायक परमार

सभा को संबोधित करते हुए विधायक महेश परमार ने कहा कि किसान ही सत्ता में सरकार बनाता है और वही उसे सड़कों पर लाने की ताकत भी रखता है। किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान ने चेतावनी दी कि यदि 10 अप्रैल से गेहूं खरीदी शुरू नहीं हुई तो पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन किया जाएगा।महिदपुर विधायक दिनेश जैन बोस ने कहा कि सरकार समर्थन मूल्य पर खरीदी के दायित्व से पीछे हट रही है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने आरोप लगाया कि किसानों को व्यापारियों के भरोसे छोड़ दिया गया है। मजबूरी में हजारों किसान सस्ते दामों पर उपज बेच रहे हैं, लेकिन सरकार ध्यान नहीं दे रही। कार्यक्रम का संचालन नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने किया। प्रदर्शन में जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष अशोक जाट, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अर्पित यादव, पूर्व अध्यक्ष रवि भदौरिया, वीनु कुशवाह, अजीत सिंह ठाकुर, सोनू शर्मा, सुरेंद्र मरमट, राजेंद्र वशिष्ठ, बबलू खींची, संचित शर्मा, सपना सांखला, सोनिया ठाकुर, रेणुका गांधी सहित बड़ी संख्या में किसान, व कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे।

## मन को कैसे समझें



मन के रूप को समझने के लिए अन्वेषण का पथ क्या है? शरीर में जो मैं के रूप में उदित होता है, वह मन है। जब कोई खोज करता है कि सर्वप्रथम मैं का विचार शरीर में कहां से उदित होता है, तो उसे पता चलता है कि यह हृदय से उदित होता है। वह मन के उदित होने का स्रोत है। मन में उदित होने वाले समस्त विचारों में मैं का विचार प्रथम है। मन स्थिर (प्रशांत) कैसे होगा? ह्यमैं कौन हूंह्न के अन्वेषण द्वारा ही मन शांत होगा। मैं कौन हूं का विचार अन्य सभी विचारों को नष्ट कर देगा तथा जिस प्रकार शव जलाने वाला लुआठा भी अंत में स्वयं जल जाता है, उसी प्रकार यह भी स्वयं नष्ट हो जाएगा। तब वहां स्वरूप-दर्शन होगा।

जब व्यक्ति खोज करे कि मैं कौन हूं, तो मन अपने स्रोत में वापस चला जाता है और उदित विचार शांत हो जाता है। इसके बारंबार अभ्यास से मन अपने स्रोत में रहने की दक्षता विकसित कर लेता है। मन जो सूक्ष्म है, जब बुद्धि व ज्ञानेंद्रियों द्वारा बाहर जाता है, तो स्थूल नाम, रूप प्रकट होते हैं और जब यह हृदय में निवास करता है, तब नाम, रूप विलुप्त हो जाते हैं। मन को बाहर जाने से रोककर, उसे हृदय में स्थिर करने को अहंमुख या अंतमुर्खी होना कहते हैं। मन को हृदय से बाहर जाने देने को बहिमुर्खी होना कहते हैं।

इस प्रकार, जब मन हृदय में निवास करता है, तो मैं जो सभी विचारों का मूल है, लुप्त हो जाता है और सदैव अस्तित्वमान स्वरूप प्रकाशित होता है। व्यक्ति चाहे जो भी करे, उसे बिना ह्यमैंह्न के, अहंकार के कर्म करना चाहिए। जब कोई इस प्रकार से कर्म करता है, तो उसके समक्ष सब कुछ ह्यशिव स्वरूपह्न में प्रकट होगा।

आत्म-विचार के अतिरिक्त, कोई अन्य उपाय उपयुक्त नहीं है। यदि दूसरे उपायों से मन-नियंत्रण का प्रयास किया जाए, तो लगता है कि मन नियंत्रित है, किंतु वह पुनः प्रकट हो जाता है। प्राणायाम द्वारा भी मन स्थिर हो जाएगा, पर वह तभी तक नियंत्रित रहेगा, जब तक प्राण नियंत्रित है और जब श्वसन आरंभ होगा, तो मन पुनः गतिशील हो जाएगा और संचित वासनाओं के अनुरूप भटकेगा।

मन और प्राण, दोनों का स्रोत एक ही है। निश्चित ही विचार मन का रूप है। मैं का विचार, मन का प्रथम विचार है और यही अहंकार है। जहां से अहंकार उत्पन्न होता है, वहीं से श्वसन भी आरंभी होता है। इसलिए जब मन स्थिर होता है, तो श्वास नियंत्रित हो जाता है और जब श्वास नियंत्रित होता है, तो मन स्थिर हो जाता है। सुषुप्ति में यद्यपि मन स्थिर रहता है, किंतु श्वास नहीं रुकता है। यह ईश्वरीय इच्छा के कारण है, ताकि शरीर सुरक्षित रहे और लोग यह नहीं समझें कि यह मर गया है।

**सम्पादकीय**

# बंगाल की मतदाता सूची

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान में अब जब बमुश्किल एक पखवाड़ा रह गया है, तब चुनाव आयोग ने मतदाता सूची के ह्यविशेष गहन पुनरीक्षणह्न (एसआईआर) का जिलेवार ब्योरा जारी कर पारदर्शिता बरतने की कोशिश की है। निस्संदेह, इस कार्य के लिए उसकी सराहना की जाती, अगर उसने शुरू से स्वतः ही यह प्रक्रिया अपनाई होती और सुप्रीम कोर्ट को बार-बार एसआईआर से जुड़े मामलों की सुनवाई न करनी पड़ती। बिहार और बंगाल की प्रक्रिया में तो शीर्ष अदालत को हस्तक्षेप तक करना पड़ा। बहरहाल, एसआईआर के बाद पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची से अब तक 90 लाख से अधिक नाम हटाए गए हैं, जो वहां की पिछली मतदाता संख्या का लगभग 12 प्रतिशत है। इतनी बड़ी संख्या में हुई सफाई का चुनावी नतीजों पर क्या असर पड़ेगा, इसका विश्लेषण तो खैर परिणाम आने के बाद होगा, अलबत्ता अभी यह संतोष जताया जा सकता है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर न्यायिक अधिकारियों की गहन निगरानी में यह प्रक्रिया पूरी हुई है और जिन 60 लाख नामों को संदिग्ध सूची में डाला गया था, उनमें से 32.68 लाख नाम पुनः शामिल कर लिए गए हैं।

जिन लोगों के नाम न्यायिक अधिकारियों की जांच के बाद भी मतदाता सूची से हटाए गए हैं, शीर्ष अदालत ने उनके लिए हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक ट्रिब्यूनल गठित करने का आदेश पहले ही पारित कर रखा है। जाहिर है, उनके पास अभी एक और मौका है। जिन जिलों से सर्वाधिक नाम हटाए गए हैं, उनमें मुर्शिदाबाद से करीब 4.5 लाख, नॉर्थ 24 परगना से 3.2 लाख और मालदा से 2.3 लाख नाम शामिल हैं, यानी इन तीन जिलों में ही लगभग 10 लाख नाम सही नहीं पाए गए। बताने की जरूरत नहीं कि विधानसभा चुनावों में कुछ सौ और हजार मतों से नतीजे इधर या उधर होते हैं। ऐसे में, इन तीन जिलों की 65 सीटों पर राजनीतिक विश्लेषकों की पैनी नजर रहेगी। पूर्व के नतीजों से इनका समाजशास्त्रीय तुलनात्मक अध्ययन भी रोचक होगा। पश्चिम बंगाल के साथ-साथ 12 अन्य राज्यों और केंद्रशासित क्षेत्रों में भी एसआईआर की प्रक्रिया हुई, पर जितना विवाद बंगाल में खड़ा हुआ, उतना अन्य जगहों पर नहीं हुआ।

हम सब जानते हैं कि लोकतंत्र की जीवंतता निर्विवाद निर्वाचन प्रक्रिया पर निर्भर करती है और इस प्रक्रिया की शुरूआत साफ-सुथरी मतदाता सूची से होती है। यह पहली बार है, जब मतदाता सूची को लेकर इस कदर हंगामा हुआ और मुकदमेबाजी हुई है। देश के राजनीतिक दलों की सराहना की जाएगी कि उन्होंने चुनाव प्रक्रिया को कामयाब बनाने में अब तक अपने अच्छे आचरण का प्रदर्शन किया है।

**जंग रुकी, शक नहीं: पाकिस्तान की भूमिका पर क्यों उठ रहे हैं सवाल ?**

# ट्रंप, पाक और ईरान : दो हफ्ते का विराम, लेकिन खतरा बरकरार

मध्य पूर्व की धधकती धरती पर जब चारों ओर बारूद, धमकियों और विनाश की गूंज फैल रही थी, तभी अचानक शांति की ऐसी खबर सामने आई जिसने पूरी दुनिया को स्तब्ध कर दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, जो कुछ घंटे पहले तक ईरान को ह्लसभ्यता के अंतह्न की चेतावनी दे रहे थे, अचानक दो सप्ताह के युद्ध विराम के लिए तैयार हो गए। उनकी केवल एक शर्त थी–ईरान तुरंत और सुरक्षित ढंग से होर्मुज स्ट्रेट खोल दे। यही वह समुद्री मार्ग है, जिससे दुनिया के बड़े हिस्से तक तेल पहुंचता है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या यह फैसला पाकिस्तान की चौंकाने वाली कूटनीति की जीत था, या फिर अमेरिका अपनी ही भड़काई आग में फंसकर पीछे हटने पर मजबूर हो गया?



प्रो. आर.के. जैन
(दैनिक अवन्तिका)

ट्रंप की इस घोषणा ने वैश्विक राजनीति की पूरी बिसात ही पलट दी। दुनिया युद्ध के छठे सप्ताह में पहुंच चुकी थी। तेल की कीमतें लगातार आसमान छू रही थीं, शेयर बाजार दहशत में डूबे थे और पश्चिमी अर्थव्यवस्थाओं पर संकट की रेखाएं साफ नजर आने लगी थीं। ऐसे निर्णायक मोड़ पर ट्रंप ने सोशल मीडिया पर खुलासा किया कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर से बातचीत के बाद उन्होंने ईरान पर संभावित सैन्य कार्रवाई को दो सप्ताह के लिए टालने का फैसला किया है। इसके तुरंत बाद ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल ने भी इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। 10 अप्रैल को इस्लामाबाद में बातचीत तय हुई और पूरे क्षेत्र में पहली बार ऐसा लगा कि बारूद के बीच भी शांति की राह निकल सकती है।

इस संकट में पाकिस्तान ने खुद को केवल पड़ोसी देश नहीं, बल्कि मुख्य मध्यस्थ के रूप में पेश करने की कोशिश की। शहबाज शरीफ ने ट्रंप से युद्ध टालने की अपील की, जबकि ईरान से होर्मुज स्ट्रेट खोलने को कहा। रातभर आसिम मुनीर अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वांस और विशेष दूतों के संपर्क में रहे। दावा है कि ईरान की दस सूत्रीय योजना भी पाकिस्तान के जरिए वॉशिंगटन पहुंची। इस्लामाबाद ने ईरान से पुराने रिश्तों और अमेरिका से सैन्य साझेदारी के बीच संतुलन साधा, लेकिन इसी ने उसकी नीयत पर सवाल खड़े कर दिए। मिस्र और तुर्की को साथ जोड़कर पाकिस्तान ने संकेत दिया कि वह केवल क्षेत्रीय खिलाड़ी नहीं, बल्कि संकट में खुद को अनिवार्य शक्ति साबित करना चाहता है।

पाकिस्तान की यह भूमिका जितनी प्रभावशाली दिखती है, उतनी ही संदेहों से घिरी भी है। कई विश्लेषकों का मानना है कि इस्लामाबाद ने शांति से अधिक अपनी घटती वैश्विक हैसियत बचाने का मौका देखा। एक तरफ वह अमेरिका का करीबी सुरक्षा साझेदार है, दूसरी तरफ ईरान से उसके धार्मिक, भौगोलिक और राजनीतिक संबंध हैं। ऐसे में दोनों पक्षों को साथ रखने की उसकी कोशिश क्या वास्तव में संतुलन है, या केवल अपना प्रभाव बढ़ाने की चाल? फिलहाल यह रणनीति उसके पक्ष में दिख रही है, लेकिन यही दांव आगे सबसे बड़ा संकट बन सकता है। वार्ता विफल हुई या किसी एक पक्ष ने उसे पक्षपाती माना, तो पाकिस्तान दोनों ओर से अविश्वास और अलगाव का सामना कर सकता है।

ट्रंप के कदम पीछे खींचने की असली वजह पाकिस्तान नहीं, अमेरिका की बढ़ती मजबूरी थी। होर्मुज स्ट्रेट बंद होते ही तेल आपूर्ति पर असर पड़ा और अमेरिकी बाजार, महंगाई व ईंधन कीमतों पर दबाव बढ़ गया। चुनावी माहौल में ट्रंप जानते थे कि महंगाई की चोट उन्हें राजनीतिक रूप से भारी पड़ सकती है। इजरायल लगातार ईरान पर कड़ी कार्रवाई चाहता था, लेकिन लंबा युद्ध अमेरिका की छवि भी बिगाड़ रहा था। वह विश्व पुलिस नहीं, बल्कि युद्ध को हवा देने वाली शक्ति नजर आने लगा था। ऐसे में ट्रंप के सामने विकल्प साफ था–या तो युद्ध बढ़ाकर संकट गहराएं, या पीछे हटकर नुकसान सीमित करें। उन्होंने दूसरा रास्ता चुना।


ईरान ने युद्धविराम को दबाव में लिया गया फैसला नहीं, बल्कि शर्तों से जुड़ा समझौता माना। तेहरान ने साफ कर दिया कि उसे कुछ दिनों की राहत नहीं, स्थायी समाधान चाहिए। उसकी मांगों में प्रतिबंधों में ढील, पुनर्निर्माण सहायता और भविष्य में हमले न करने की गारंटी शामिल है। ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट खोलने के संकेत दिए, लेकिन बदले में अमेरिका से स्पष्ट राजनीतिक भरोसा मांगा। इसी वजह से वह शुरूआत में दो सप्ताह के अस्थायी विराम पर तैयार नहीं हुआ। पाकिस्तान बीच में अपनी भूमिका दिखाता रहा, लेकिन निर्णायक दबाव चीन ने बनाया। इससे साफ है कि यह केवल दो देशों का टकराव नहीं, बल्कि बदलते वैश्विक शक्ति संतुलन की लड़ाई है।

इस युद्धविराम का सबसे गहरा असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ा। होर्मुज स्ट्रेट खुलने की संभावना से तेल बाजार को राहत मिली। भारत जैसे देशों के लिए यह अहम है, क्योंकि उनका अधिकांश तेल इसी रास्ते से आता है। रास्ता बंद रहता, तो पेट्रोल-डीजल और खाद्य वस्तुओं की कीमतें बढ़ सकती थीं। लेकिन खतरा अभी टला नहीं है। इजरायल सतर्क है, लेबनान और हिजबुल्लाह के बीच तनाव जारी है। ऐसे में क्या इस्लामाबाद की वार्ता सचमुच समाधान दे पाएगी, या केवल संकट को कुछ समय के लिए टाल रही है? अगर दो सप्ताह बाद बातचीत विफल हुई, तो यह टकराव और खतरनाक हो सकता है। यह युद्धविराम शांति नहीं, केवल अस्थायी विराम लगता है।

धुआं अभी थमा है, लेकिन सबसे बड़ा सवाल बाकी है–इस विराम के पीछे असली जीत किसकी है? पाकिस्तान खुद को संकट का समाधानकर्ता बता रहा है, पर क्या उसने सचमुच हालात बदले, या केवल अमेरिका की मजबूरी को अपनी उपलब्धि बना लिया? अमेरिका पहले ही महंगाई, चुनावी दबाव और वैश्विक आलोचना से घिरा था। दूसरी ओर ईरान ने दिखा दिया कि होर्मुज स्ट्रेट बंद कर वह पूरी दुनिया पर दबाव बना सकता है। अब फैसला 10 अप्रैल की वार्ता करेगी। वहीं साफ होगा कि यह शांति की शुरूआत है, या अगली टकराव से पहले का सन्नाटा।

## गपोड़ी राम का पुण्य-स्कोर

रामपुर गांव के स्वघोषित 'टेक-गुरु' गपोड़ी राम ने जब प्रधानी का चुनाव लड़ा, तो उन्होंने गांव वालों को डरा दिया कि चित्रगुप्त ने अब बही-खाता छोड़कर लैपटॉप खरीद लिया है। उनका मुख्य चुनावी मुद्दा था–'डिजिटल पुण्य कार्ड'। गपोड़ी राम का तर्क था कि अब तक गांव के लोग जो दान-पुण्य करते थे, उसका कोई 'ट्रैक रिकॉर्ड' नहीं था, जिससे स्वर्ग के वीआईपी कोटे में धांधली हो रही थी। उन्होंने वादा किया कि जीतते ही वे गांव के हर व्यक्ति का एक 'पुण्य-स्कोर' जनरेट करेंगे, जो सीधे सैटेलाइट के जरिए परलोक के सर्वर से जुड़ा होगा। गांव के सीधे-सादे किसान, जो अब तक केवल 'राम-राम' जपने को ही काफी समझते थे, अचानक अपने 'क्रेडिट स्कोर' की तरह 'पुण्य स्कोर' को लेकर चिंतित हो गए। गपोड़ी राम ने पंचायत घर के बाहर एक पुरानी डिश एंटीना लगा दी और उसे 'ब्रह्मांडीय डेटा रिसीवर' घोषित कर दिया, जो कथित तौर पर लोगों के अच्छे कर्मों की गंध सूंघ सकता था। प्रचार के अंतिम चरण में गपोड़ी राम ने गांव के तालाब के किनारे एक 'पाप-मुक्ति स्कैनर' लगाया। यह वास्तव में एक खराब हो चुका फोटोकॉपी मशीन का ढांचा था, जिस पर नीली और लाल बत्तियां जल रही थीं। उन्होंने घोषणा की कि जो भी उन्हें वोट देने का संकल्प लेकर इस मशीन के सामने से गुजरेगा, उसके पिछले तीन चुनावों के 'चुनावी पाप' (गलत उम्मीदवार को वोट देना) तुरंत डिलीट हो जाएंगे। विपक्षी उम्मीदवार 'बुधु राम' इस हाई-टेक अध्यात्म के सामने पस्त थे; वे नाली और खड़ंजे की बात कर रहे थे, जबकि जनता को अपना परलोक सुधरता दिख रहा था। गांव की महिलाएं अपनी पुरानी साड़ियां और पुरुष अपने खाली झोले लेकर उस मशीन के सामने कतार में लग गए, इस उम्मीद में कि उनका 'पाप मीटर' शून्य हो जाएगा। गपोड़ी राम ने एक लड़का तैनात कर रखा था जो हर व्यक्ति के गुजरने पर 'बीप' की आवाज निकालता था, जिसे लोग ईश्वरीय मंजूरी समझकर गदगद हो रहे थे। मतदान के अगले दिन जब गपोड़ी राम की भारी जीत हुई, तो पूरा गांव अपना 'पुण्य कार्ड' लेने के लिए उनके घर पर उमड़ पड़ा। गपोड़ी राम ने बड़े इत्मीनान से एक प्रिंटर से कोरे कागज निकाले और उन पर बड़े-बड़े अक्षरों में 'जीरो' लिखकर बांटना शुरू कर दिया।



## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 09 अप्रैल 2026 गुरुवार
सूर्योदय - 06:15 सूर्यास्त 18:42
वैशाख मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 13:30 से 15:00 तक
तिथि - सप्तमी 21:20 उपरांत अष्टमी
नक्षत्र - मूल 08:47 उपरांत पूर्वाषाढा
योग - परिघ 17:57 उपरांत शिव
करण - विष्टि
चन्द्रमा - दिन पूर्ण धनु में रहेगा।
मुस्लिम मास - सव्वाल मास 20 तारिख

**मेष-** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। करियर के क्षेत्र में उन्नति के योग हैं।

**वृषभ-** आपके प्रयासों को पहचान मिलेगी और वरिष्ठों का सहयोग प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में किए गए प्रयासों से लाभ मिलेगा।

**मिथुन-** आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और अचानक धन लाभ के अवसर मिल सकते हैं।

**कर्क-** परिवार के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा, जिससे संबंधों में मधुरता आएगी। सफलता मिल सकती है।

**सिंह-** आज का दिन आपके करियर में उतार-चढ़ाव ला सकता है। हालांकि, मित्रों और शुभचिंतकों का सहयोग मिलेगा।

**कन्या-** पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा और घर में किसी शुभ कार्य का आयोजन हो सकता है। सेहत का ध्यान रखें।

**तुला-** आज का दिन आपके लिए चुनौतियों से भरा हो सकता है, इसलिए धैर्य बनाए रखें।

**वृश्चिक-** कोई भी बड़ा निवेश सोच-समझकर करें। प्राइवेट नौकरी करने वालों को अपनी मेहनत के लिए पहचान मिलेगी।

**धनु-** परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी, लेकिन जीवनसाथी से गलतफहमी हो सकती है। आज आपकी आय में वृद्धि हो सकती है। सफलता मिल सकती है।

**मकर-** आज आपके लिए सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। कार्य और व्यापार में तरक्की मिलेगी। रुका हुआ पैसा वापस मिलेगा।

**कुंभ-** कार्यक्षेत्र में प्रबंधन से जुड़े मामले आपके पक्ष में रहेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा और प्रेम-संतान का पूरा साथ मिलेगा।

**मीन-** आज करियर संबंधी निर्णयों पर पुनर्विचार करने का समय है। रोमांटिक आकर्षण में स्पष्टता रखें।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

**समसामायिक**

# युद्ध विराम से पाषाण युग तक ट्रम्प के बदलते बयानों के मायने

अब जबकि ईरान-इजरायल युद्ध ने अमेरिकी हस्तक्षेप के बाद एक माह पूर्ण कर लिया है। ट्रम्प के बयानों में आश्चर्यजनक बदलाव देखने को मिल रहे है। ईरान को पाषाण युग में पहुंचा दिए जाने संबंधी बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के द्वारा देश की जनता को सम्बोधित करते हुए दिया गया बिल्कुल नया और आश्चर्यचकित कर देने वाला बयान है। इससे पूर्व उनके द्वारा युद्ध विराम की बात कही जा रही थी। ट्रम्प का बार-बार अपने बयानों से पलटना उनके अस्थिरप्रज्ञ होने की स्थिति को दशार्ता है। अस्थिरप्रज्ञ मतलब मन का स्थिर न होना। इजरायल ईरानी युद्ध में अमेरिकी हस्तक्षेप के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति के बयानों से उनकी मानसिक स्थिति का अनुमान लगाया जा सकता है। युद्ध ही क्यों अपने दूसरे कार्यकाल के आरम्भ से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प हर दिन अपने बदलते बयानों के लिए चर्चा में रहे है। विश्व के ताकतवर देशों में शुमार अमेरिका के राष्ट्रपति के पद पर पदस्थ विश्व के सर्वोच्च नेता की अस्थिर प्रज्ञता सिर्फ अमेरिकी जनता के लिए ही नही पूरी दुनिया के लिए सोचने समझने और विचार करने की बात है। अमेरिकी राष्ट्रपति के दूसरे कार्यकाल के बाद से उनकी मानसिक स्थिति को लेकर प्रश्न खडे किये जा रहे है। ट्रम्प का टैरिफ हो या भारत की पाकिस्तान के विरुद्ध की गयी कार्यवाही, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सुबह के दिए बयान से शाम को बदल जाने की आदत को दुनियाँ ने देखा। अब भारत में साधारण आदमी भी ट्रम्प के बदलते बयानों को लेकर उन्हें पलटूराम की संज्ञा से नवाजने लगा है।



नरेन्द्र तिवारी
(दैनिक अवन्तिका)

अब सवाल यह है की ट्रम्प की इस मानसिक स्थिति का खामियाजा कहीं सारी दुनिया को तो नहीं उठाना पड़ रहा है? क्या ईरान को पाषाण युग में पहुंचाना इतना सरल है, जितना ट्रम्प सोच रहे है ? पाषाण युग की कल्पना अमेरिकी राष्ट्रपति के अंदर चल रही विध्वंसकारी सोच का बाहर आना है। यह सोच विश्व शांति की कल्पना के खिलाफ है। इस विध्वंसकारी सोच को साकार करना मतलब दुनिया में प्रलय को आंमत्रित करना है। अभी एक महिना चले युद्ध के असर ने दुनियाँ के देशों में हाहाकार और आवश्यक वस्तुओं का संकट पैदा कर दिया है। विश्व के देश शांति की मंगलकामना कर रहे है। किंतु ट्रम्प अमेरिकी नागरिकों को दिए अपने संदेश में ईरान को पाषाण युग में पहुंचाने की बात कर रहे है। इजरायल ईरान के चल रहे युद्ध में अमेरिकी हस्तक्षेप को दुनियाँ ने अनुचित बताया है। जब युद्ध शुरू होता है तो उस पर किसी का नियत्रण नहीं रहता है। यह बात रूस युक्रेन के युद्ध पर भी समान रूप से लागु होती है। जहां पुतिन की सोच के वितरित युद्ध लम्बा चला जिसमे रुसी ताकत को कमतर आकने पर मजबूर किया है। यही हाल ट्रम्प का हो रहा है। ट्रम्प सोच रहे थे, की उनके एक इशारे पर युद्ध शुरू होगा और दूसरे इशारे पर युद्ध विराम हो जाएगा। किंतु एक माह के युद्ध ने अमेरिकी राष्ट्रपति की छवि को धूमिल कर दिया है। युद्ध के एक सप्ताह बाद से ही युद्ध विराम का एक तरफा राग अलापने वाले ट्रम्प अब ईरान को अमेरिकी शर्तो पर युद्ध विराम नहीं करने पर पाषाण युग में पहुंचा देने की धमकी दे रहे है। उन्होंने उक्त बयान 2 अप्रेल 26 के अपने सम्बोधन में दिया है।

ट्रम्प की ईरान को पाषाण युग में पहुंचा देने की धमकी मानव सभ्यता के लिए विचारणीय प्रश्न है। परमाणु युग से पत्थर के युग में पहुंचाने का विचार एक अंहकारी और सनकी शासक की खीज के आलावा कुछ नही है। किंतु इस बयान के बाद पाषाण सभ्यता पर सरसरी निगाह दौड़ाई तो जाना की पाषाण सभ्यता प्रागैतिहासिक काल का वह आरम्भिक दौर है, जब मानव मुख्य रूप से पत्थर के औजारों का उपयोग करता था। यह युग लगभग 25-26 लाख वर्ष पूर्व से लेकर धातु (ताम्बा /काँसा ) के प्रयोग तक चला।

# रात को सोने से पहले हल्दी वाले दूध का करें सेवन, फिर देंखें कमाल

दूध एक ऐसा पदार्थ है जिसका इस्तेमाल सबसे ज्यादा किया जाता है। क्योंकि दूध का सेवन करना शरीर के लिए बहुत फायेदमंद माना जाता है। खासकर शरीर को मजबूत बनाए रखने के लिए हल्दी वाले दूध का सेवन जरूर करना चाहिए। रात को सोने से पहले एक गिलास हल्दी वाला दूध पीने से आपकी सेहत तो अच्छी रहेगी ही बल्कि कई बीमारियों से भी आप दूर रहेंगे।

### पुरुषों के लिए बेहद फायदेमंद

पुरुषों की सेहत के लिए हल्दी वाला दूध बहुत फायदेमंद माना जाता है। अगर पुरुष एक गिलास दूध में थोड़ी सी हल्दी मिलाकर उसका सेवन रोज करता है तो इससे फर्टिलिटी बढती है, जबकि शरीर में कमजोरी भी नहीं होती है। इसलिए रात को सोने से पहले पुरुषों को हल्दी वाला दूध पीने की सलाह दी जाती है।

### तनाव और थकावट करेगा दूर

तनाव बदलते वक्त में एक आम समस्या हो गई है। आप ऑफिस से काम करके वापस आते हैं और अक्सर आपको थकान महसूस होने लगती है। जबकि तनाव होना भी एक बड़ी बीमारी बन गई है। लेकिन तनाव और



थकावट से खुद को दूर रखने का एक अच्छा उपाय हल्दी वाला दूध है। अगर आप हर दिन रात को सोने से पहले एक गिलास हल्का गुनगुना हल्दी वाला दूध पीते हैं तो इससे आपको तनाव और थकावट में राहत मिलती है।

### इम्युनिटी होगी मजबूत

रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में हल्दी वाला दूध बहुत फायदेमंद माना जाता है। अगर आप रात को सोने से पहले एक गिलास दूध में थोड़ी सी हल्दी मिलाकर पीते हैं तो यह आपको बीमारियों से बचाता और आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। इसलिए रात को सोने से पहले एक गिलास गुनगुना हल्दी वाला दूध पीने की सलाह दी जाती है।

### नींद अच्छी आती है

हर दिन अच्छी नींद लेना स्वस्थ शरीर की पहली निशानी मानी जाती है। यही वजह है सोने से पहले एक गिलास हल्दी वाले दूध का सेवन करने की सलाह दी जाती है। अगर आप रात को सोने से पहले एक गिलास हल्दी वाले दूध का सेवन करते हैं तो इससे आपका दिमाग शांत रहता है जिससे आपको अच्छी नींद आती है। जिससे दिनभर आपके शरीर में एनर्जी बनी रहती है।

### दूर होगी कब्ज और गैस की समस्या

कब्ज और गैस की समस्या से खुद को बचाए रखने के लिए हल्दी वाला दूध एक अच्छा विकल्प है। क्योंकि दूध पाचन के लिए बेहतर विकल्प माना जाता है। जबकि हल्दी से पेट साफ रहता है। ऐसे में अगर किसी को कब्ज और गैस की परेशानी है तो वह रात को सोने से पहले एक गिलास हल्दी वाले दूध का सेवन दवाई के तौर पर भी कर सकता है।

### सर्दी जुखाम से मिलती है निजात

एक गिलास गुनगुने दूध में थोड़ी सी हल्दी मिलाकर सेवन करने से सर्दी जुखाम दूर होता है। इसके अलावा दूध से आपका गला भी साफ रहता, जबकि अगर आपको गले में परेशानी है तो आप एक गिलास दूध में थोड़ी सी कालीमिर्च मिलाकर भी पी सकते हैं। जिससे गले के दर्द में आराम मिलता है ।

**9 अप्रैल- विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर विशेष-**

# नवकार मंत्र के जाप से ही विश्व शांति और सौहार्द की स्थापना तय

नवकार महामंत्र दिवस वैश्विक स्तर पर 9 अप्रैल को दूसरी बार मनाया जा रहा है। इस मंत्र की आराधना सुबह 8:-01 बजे प्रारंभ होकर 9:-36 बजे तक चलेगी। इस दौरान श्रावक -श्रविकाऐ (श्रद्धालु) एक साथ महामंत्र के जाप कर विश्व शांति और सौहार्द की कामना करेंगे। यह जाप अमृत बेला में किया जाएगा। दुनिया भर में 6000 से अधिक स्थानक, देरासर, उपाश्रय के साथ सार्वजनिक चुनिंदा स्थलों पर इस आयोजन से जुटेंगे जहाँ हजारों की संख्या में श्रावक-श्राविकाऐ सम्मिलित होंगे। इसके साथ नवकार महामंत्र का जाप एन एस आई और बी एस ई जैसे प्रमुख संस्थानों में भी किए जाऐंगे। इस महामंत्र के महा-अभियान के तहत 108 देशों में एक ही समय पर नवकार महामंत्र की गूंज सुनाई देगी । इस महामंत्र की ध्वनि सीमाओं के परे मानवता को एक सूत्र में पिरोने की शक्ति प्रतीत होगी। नवकार महामंत्र में सम्पूर्ण लोक में अरिहन्त दशा,सिद्ध दशा, आचार्य पद, उपाध्याय पद तथा सत? पद प्राप्त महान विभूतियों को नमन करने का यह महामंत्र है। यह मंत्र सर्वव्यापी एवं सनातन है। यह महामंत्र परमकल्याणकारी एवं जीवन को श्रेष्ठ ऊंचाईयों पर ले जाने वाला होता है। इस मंत्र के माध्यम से संसार-चक्र में भव्य जीव, छुटकारा लेते है। इस मंत्र में पद व गुणों की उपासना से आत्मिक एवं सांसारिक दोनों क्षेत्रों में सुख शांति स्थापित हो जाती है। यह महामंत्र पूजनीय है,तथा शाश्वत हैं। यह सर्वमान्य विघ्न विनाशक के साथ सभी पापों का सर्वथा नाश करने वाला होता है इस मंत्र के प्रथम पांच पदों के 35 अक्षर होते हैं, तथा पिछले चार पद के 33 अक्षर हैं, कुल मिलाकर 68 अक्षर हैं। प्रत्येक अक्षर पर 1008 विद्या देवियां निवास करती हैं । इस तरह से 68,544 विद्या देवियां इस मंत्र पर विराजमान होती हैं। यह सभी विद्या देवियां सिद्ध हुई है । जो इस मंत्र के जाप से विद्या देवियां साधकों( श्रावक -श्राविकाए),श्रद्धालुओं की सहायता करती हैं।



डॉ. बी.आर. नलवाया,
(दैनिक अवन्तिका)



इस मंत्र के स्मरण व आराधना के कई चमत्कार हुए। एक चमत्कार यह है-- कि एक ट्रेन में एक बार चार महिलाएँ एक बर्थ में यात्रा कर ही थी। उस यात्रा में दौरान एक स्टेशन से चार बदमाश बर्थ में आकर महिलाओं के सामने बैठ गए। उनका बदमाशों रवैया लूटने का था। महिलाओं नवकार मंत्र के जाप शुरू कर दिए। तुरत ही बदमाश चले गए।

### महामंत्र के जाप से जीवन का कल्याण संभव है

नवकार मंत्र के जाप से दुश्मन भी मित्र बन जाते हैं। नवकार मंत्र का जाप विष को अमृत में परिवर्तित कर देता है । हजारों सितारों में चांद एक ही होता है, हजारों वृक्षों में चंदन एक ही होता है ,खानों के पत्थर तो कई मिलते हैं ,लेकिन हीरा लाखों में एक ही मिलता है, वैसे ही हजारों मंत्रो में दुर्लभ नवकार मंत्र एक ही? होता हैं। मानव जन्म भी दुर्लभ हैं, मानव जन्म मिलता है, तो उसमें सामयिक के साथ नवकार मंत्र के जाप अवश्य ही करना चाहिए , तभी जीवन का कल्याण हो सकता है।

नवकार मंत्र के जाप की आराधना सच्चे मन से की जानी चाहिए है । इसके साथ ही मंत्र को आत्मसात करें ,तो संसार सागर से भवपार हो सकते हैं। यह स्पष्ट है --कि नवकार मंत्र के निरंतर जाप करने से अपने पाप कर्मों का क्षय कर सकते हैं, तभी अंतर आत्मा में निहित दोषों का निराकरण होता है। निरंतर हमारे जैन साधु -साध्वी हमेशा ही श्रावक- श्राविकाओं को प्रतिदिन नवकार महामंत्र के विषय में अपने प्रवचन में बताते रहे हैं,कि नवकार महामंत्र का जाप शुद्ध हो ,ऐसा हमें अवश्य प्रयास करना चाहिए । पूर्ण शुद्ध उच्चारण से किए गए जाप का फल भी पूर्ण मिलता है। लेकिन लोग शुद्ध नवकार महामंत्र का जाप करने की शुद्धता नहीं रख पाते हैं, और साथ ही शुद्ध नवकार मंत्र का उच्चारण करना भी कुछ श्रावक- श्राविकाएं नहीं सीख पाते हैं ।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1200-3113 चना काबली- 3970-8975, चना बड़ा- 5001-5650, रायड़ा- 5730-6285, बटला- 3300-3650, सोयाबीन- 1622-6230, धनिया- 11301-13100 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,53,000, रवा- 1,52,000 चांदी- टंच- 2,43,000 पाट- 2,42,200।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com


पुस्तक मेले को लेकर अशासकीय विद्यालयों की बैठक

## पालकों को किसी एक दुकान से पुस्तक खरीदने के लिए बाध्य नहीं करने के निर्देश

**शुजालपुर।** जनपद शिक्षा केंद्र शुजालपुर में सोमवार को पुस्तक मेले के आयोजन को लेकर अशासकीय विद्यालयों के संचालकों एवं प्रधानाध्यापकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेले के उद्देश्य, आवश्यकता एवं सफ ल संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुरेंद्र गोखले ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी विद्यालय पालकों को किसी विशेष दुकान से पुस्तक खरीदने के लिए बाध्य नहीं करेगा। उन्होंने सभी अशासकीय विद्यालयों को कम से कम तीन दुकानों के माध्यम से पुस्तकें एवं गणवेश उपलब्ध कराने तथा मेले में विशेष छूट देने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि पुस्तक मेला पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शुजालपुर मंडी में प्रातः 10.30 बजे से आयोजित किया जाएगा। बैठक में बीएसी राकेश पांचाल ने विद्यालयों को अपने-अपने व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से पालकों तक मेले की जानकारी पहुंचाने के निर्देश दिए। वहीं बीएसी रोशन सिंह परमार ने पालकों के साथ बैठक कर मेले का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का आग्रह किया। जन शिक्षक गिरीश नाथ ने सभी संचालकों एवं प्रधानाध्यापकों को न्यूनतम दो अलग-अलग स्टॉल पुस्तक एवं यूनिफॉर्म के लगाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जन शिक्षक उदय परमार, मुकेश परिहार, अल्का देशमुख एवं रंजना शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संजय देशमुख व आभार जन शिक्षक धनपाल चंद्रवंशी ने माना।

## ग्वाल टोरिया मध्यवर्गीय सिंचाई परियोजना में ठेकेदार की मनमानी




**गुना/बमोरी।** जिले में जल संसाधन विभाग के अंतर्गत ग्वालटोरिया मध्यम सिंचाई परियोजना के संबंध में यह परियोजना अक्टूबर 2023 में शुरू हुई थी और इसका कार्य अक्टूबर 2026 तक पूरा होना था, जिसकी स्वीकृत लागत 54 करोड़ 31 लाख है। वर्तमान स्थिति परियोजना की प्रगति अत्यंत धीमी है। साइट पर आवश्यक कार्यों में देरी हो रही है, जिससे समय सीमा में परियोजना का पूरा होना असंभव हो सकता है। एवं निर्माण सामग्री के रेट्स बढ़ने से एजेंसी पर अनावश्यक दबाव पड़ सकता है। (मिडिल ईस्ट इनफ्लेशन) विशेष रूप से, बांध की निर्धारित ऊंचाई 19 मीटर है, जबकि वर्तमान में केवल 8 मीटर निर्माण हुआ है। साथ ही, पंप हाउस का कार्य अभी सिर्फ पीसीसी स्तर पर ही है। साथ ही, निर्माण साइट पर तराई का काम भी नहीं कराया जा रहा है। साइट पर मटेरियल की गुणवत्ता परीक्षण हेतु प्रयोगशाला स्थापित नहीं की गई है, जबकि टेक्निकलअधिकारियों कार्यपालन यंत्री रमेश चौहान, एसडीओ महेंद्र कुमार, उपयंत्री नारायण कुमार की सांठ गांठ से करीबन 41 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है जो कि निर्धारित लागत राशि का लगभग 73 प्रतिशत है। इस परियोजना की प्रगति की समीक्षा आवश्यक है ताकि समय सीमा में कार्य पूर्ण हो सके। खबर के माध्यम से सिंचाई मंत्री तुलसी सिलावट को निर्देशित करने का जिक्र है कि कोई वरिष्ठ स्तर का अधिकारी स्वयं आकर महाराज ज्योतिरादित्य सिंधिया के इस प्रोजेक्ट का निरीक्षण कर सके जिसे जिम्मेदारों द्वारा पलीता लगाया जा रहा है। जबकि उक्त मामला अधीक्षण यंत्री उमेश सिंह वस्कले के संज्ञान में होते हुए भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## माता टेकरी पर झाड़ियों में अज्ञात कारणों से लगी आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

देवास। माता टेकरी क्षेत्र में मंगलवार दोपहर अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। आग की लपटें और धुआं उठते ही इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। फायर ब्रिगेड विभाग के अधिकारी प्रतीक शर्मा ने बताया कि तेज गर्मी और सूखी झाड़ियों के कारण आग लगने की आशंका है। आग पर काबू पाने के लिए एक फायर ब्रिगेड की गाड़ी को लगाया गया। टेकरी पर मौजूद पानी के स्टोरेज का भी उपयोग आग बुझाने में किया गया। अन्नपूर्णा मंदिर के समीप कुछ हिस्सों में आग अधिक सक्रिय थी, जहां टीम ने विशेष रूप से काम किया। तहसीलदार कपिल गुर्जर ने जानकारी दी कि दोपहर करीब 3 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। आग के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। प्रशासन की टीम मौके पर मौजूद रही और स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखी। लगातार प्रयासों के बाद आग पर लगभग काबू पा लिया गया।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

सम्पर्क करें

दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर एनएसएस एवं ईको क्लब का संयुक्त आयोजन

# विद्यार्थियों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम स्वस्थ जीवनशैली की दी जानकारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर




विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शुजालपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस एवं ईको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में जंक फू ड नहीं स्वस्थ जीवन आंदोलन का आयोजन किया गया। आयोजित स्वास्थ्य जागरूकता संगोष्ठी में विद्यार्थियों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

मुख्य अतिथि सहायक प्राध्यापक डॉ. मुकेश सिंह मेवाड़ा ने प्रेरणादायक उद्बोधन देते हुए विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, संतुलित भोजन अपनाने तथा जंक फू ड से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया। विशेष अतिथि प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने भी स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर बल देते हुए विद्यार्थियों को पौष्टिक आहार लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों द्वारा स्वास्थ्य संकल्प पत्र भरकर प्रतिदिन एक स्वस्थ आदत अपनाने का संकल्प लिया गया। साथ ही जंक फूड त्याग शपथ के माध्यम से सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने जंक फूड से दूरी बनाए रखने का प्रण लिया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण घर का बना पौष्टिक भोजन साझा कार्यक्रम रहा, जिसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने घर से लाया हुआ भोजन एक-दूसरे के साथ साझा किया। इसके अतिरिक्त स्वस्थ टिफि न जांच के अंतर्गत संतुलित भोजन लाने वाले विद्यार्थियों को सराहा गया। कार्यक्रम में एक मिनट स्वास्थ्य संवाद एवं अच्छी आदत चुनौती जैसी गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं, जिनसे विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी। कार्यक्रम का संचालन वैष्णवी मालवीय, अध्यक्षता राधिका राठौर व अंश राठौर ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रीतम परमार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि वे जंक फू ड नहीं स्वस्थ जीवन के संदेश को अपने जीवन में अपनाएंगे एवं समाज में भी इसका व्यापक प्रसार करेंगे।

देवास पुलिस ने दबिश देकर पकड़े चार जुआरी

# 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत 58,400 रुपए नकदी जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास पुलिस ने 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत बड़ी कार्रवाई की है। टोंकखुर्द थाना पुलिस ने टोंककला और चिड़ावद के बीच एक मकान पर दबिश देकर चार जुआरियों को गिरफ्तार किया। इस दौरान पुलिस ने 58,400 रुपये नकद, 52 ताश के पत्ते और चार मोबाइल फोन जब्त किए हैं।

पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत ने जिले में संगठित अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए ऑपरेशन प्रहार शुरू किया है। इसके तहत अवैध जुआ और सट्टे में शामिल बदमाशों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

मंगलवार शाम को टोंकखुर्द थाने को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम टोंककला से चिड़ावद के रास्ते पर संतोष राजपूत के मकान में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। थाना प्रभारी (परिवीक्षाधीन भा.पु.से.) आलोक वर्मा ने तत्काल अपनी टीम के साथ बताए गए स्थान पर छापा मारा।

पुलिस ने घेराबंदी कर चार व्यक्तियों को पकड़ा, जो पैसों से हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे थे। आरोपियों के खिलाफ सार्वजनिक जुआ अधिनियम की धारा 3/4 के तहत अपराध क्रमांक 135/2026 दर्ज किया गया है।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में भगत चौधरी (52 वर्ष, निवासी भौरासा, देवास), वसीम पठान (47 वर्ष, निवासी लक्ष्मी बाई मार्ग, नाहर दरवाजा, देवास), गोवर्धन सिंह ठाकुर (69 वर्ष, निवासी जयश्री नगर, देवास) और संतोष राजपूत (45 वर्ष, निवासी टोंककला, देवास) शामिल हैं।

## कलेक्टर ने किया खोयरी महादेव मंदिर निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**ब्यावरा-राजगढ़।** कलेक्टर ने खोयरी महादेव मंदिर क्षेत्र में विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने हनुमान मंदिर के समीप निमार्णाधीन सामुदायिक भवन, स्वागत द्वार एवं शौचालय निर्माण कार्यों का जायजा लिया। कलेक्टर ने सामुदायिक भवन के संबंध में एसडीओ पीडब्ल्यूडी को आवश्यक माप लेने के निर्देश दिए, ताकि कार्य की गुणवत्ता एवं प्रगति का समुचित आकलन किया जा सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने भोजनशाला में वाटरप्रूफिंग, शेड निर्माण तथा पेवर वर्क की प्रगति की समीक्षा की। संबंधित कार्यों के अनुमान का अवलोकन करते हुए मौके पर किए गए कार्यों का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने वॉशरूम एवं सेप्टिक टैंक का भी निरीक्षण कर आवश्यक सुधार एवं स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। इसकी के साथ सभी कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने एवं गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। रसूलपुरा गांव में लगाए जा रहे, हेंडपम्प पॉइंट को भी देखा।

## न्यायाधीशों के स्थानांतर

**महिदपुर।** महिदपुर न्यायालय के सिविल जज जूनियर डिवीजन श्री शिवम सोनी एवं सुश्री रितम्भरा राजे का स्थानांतर क्रमशः दतिया एवं जबलपुर हो गया है। आपके स्थान पर छतरपुर जिले से श्री दिपक सोनी व नरसिंहपुर जिले से सुश्री राजप्रिया श्रीवास्तव पदस्थ किये गये है।

## 5वीं-8वीं में फेल छात्र-छात्राओं को पास होने मई में मिलेगा दूसरा मौका

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

राज्य शिक्षा केंद्र की कक्षा 5वीं-8वीं की बोर्ड पैटर्न परीक्षा के नतीजों में सारंगपुर ब्लाक का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा। दोनों की कक्षाओं के परीक्षा परिणाम अच्छा रहने के बाद भी सत्र 2025-26 के परिणामों में ब्लाक में ढाई और साढ़े तीन फीसदी विद्यार्थी फेल हुए हैं, जबकि इनमें से कई बच्चों ने फॉर्म भरने के बावजूद परीक्षा ही नहीं दी। अब इन सभी बच्चों का साल बचाने के लिए शिक्षा विभाग ने शिक्षकों को फील्ड पर उतारने का फैसला किया है। चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें से बडी संख्या में छात्र स्कूलों के संपर्क में नहीं हैं। बता दें कि सारंगपुर ब्लाक से इस बार 5वीं में 4737 और 8वीं में 4646 विद्यार्थी शामिल हुए थे। बोर्ड पैटर्न पर हुई इस परीक्षा में सारंगपुर ब्लक का परफॉरमेंस अच्छा रहा। 97.30 प्रतिशत के साथ 5वीं में और 96.61 प्रतिशत रिजल्ट के साथ 8वीं का रहा है। सारंगपुर ब्लाक के कक्षा 5वीं के 2.7 फीसदी और कक्षा 8वीं के 3.39 फीसदी विद्यार्थियों के लिए मई में दूसरी परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में 33 प्रतिशत अंक लाने वाले पास होकर अगली कक्षा में प्रमोट हो जाएंगे। राज्य शिक्षा केंद्र ने निर्देश दिए हैं कि इन बच्चों का रिजल्ट सुधर सके, इसके लिए स्कूलों में अतिरिक्त कक्षाएं लगाई जाएं।

### शिक्षा विभाग के लिए चुनौती

गौरतलब है कि फेल होने के बाद कई बच्चे डर या संकोच के कारण स्कूल नहीं आ रहे हैं। अनुपस्थित रहे कई बच्चों से भी संपर्क नहीं हो पा रहा है। शिक्षकों का कहना है कि कई बच्चों के मोबाइल नंबर बंद आ रहे हैं या पते बदल गए हैं। अब शिक्षक इन बच्चों को ट्रेस कर पालकों की काउंसलिंग करेंगे। लेकिन इस काम में चुनौती काफी है।

# सिंधिया जनसम्पर्क कार्यालय में नवीन योग कक्षा का किया शुभारंभ

सांसद प्रतिनिधि हरी सिंह यादव के विशेष प्रयासों से शुरू हुई नवीन योग क्लास

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना



योग को बढ़ावा देते हुए घर-घर योग जन-जन योग' की भावना से पतंजलि योग समिति द्वारा सिंधिया जनसंपर्क कार्यालय के प्रांगण में नवीन योग कक्षा का शुभारंभ किया गया। पतंजलि योग समिति के जिला मीडिया प्रभारी व पतंजलि सोशल मीडिया जिला प्रभारी नरोत्तम यादव ने बताया कि गुना शहर में यह पतंजलि परिवार की 24वीं योग क्लास है। जिसका शुभारंभ पतंजलि के संरक्षक व सांसद प्रतिनिधि हरि सिंह यादव (पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष) पतंजलि के राज्य प्रभारी कृष्ण योगेंद्र सिंह रघुवंशी, पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी बाबूलाल यादव, सह जिला प्रभारी हरिओम राठौर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, भाजपा नेता सूर्यकांत जगताप, नीरज निगम द्वारा मंगलवार को दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर समिति के पदाधिकारी व वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे। पतंजलि के संरक्षक व सांसद प्रतिनिधि हरि सिंह यादव के विशेष प्रयास से शहर के बीचों बीच इस नवीन योग कक्षा को प्रारंभ किया गया समिति द्वारा सभी को योग कक्षा में आने के लिए प्रेरित किया गया। वर्तमान में गुना शहर में पतंजलि परिवार की लगभग 23 योग कक्षा संचालित है जिसमें पतंजलि योग समिति, महिला पतंजलि और भारत स्वाभिमान न्यास की कक्षा शहर में संचालित है। इस कड़ी में पतंजलि परिवार की यह 24 वी योग कक्षा है जिसका शुभारंभ आज किया गया। स्वतंत्रता पार्क में शहर की सबसे बड़ी योग क्लास चलती है। पतंजलि परिवार जिसमें पतंजलि के सभी 6 संगठन शामिल है पतंजलि योग समिति, महिला पतंजलि भारत स्वाभिमान न्यास, पतंजलि किसान सेवा समिति, पतंजलि युवा भारत और पतंजलि सोशल मीडिया संगठन घर-घर योग जन-जन योगआम लोगों को योग से जोड़ने के लिए सार्वजनिक स्थान पर योग कक्षा लगाई जाती है।

# भाजपा प्रशिक्षण शिविर में जिलाध्यक्ष ने गिनाई केंद्र की उपलब्धियां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

वर्तमान समय देश के इतिहास का स्वर्णिम काल है और हम सभी नागरिक सौभाग्यशाली हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व को प्रत्यक्ष रूप से देख रहे हैं। केंद्र सरकार के निर्णयों और योजनाओं ने भारत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाई है तथा देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। सोमवार को सुसनेर में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ओम मालवीय ने यह विचार व्यक्त किए। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि आज भारत आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रहा है। उन्होंने धारा 370 हटाने, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, गरीब कल्याण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा वैश्विक मंच पर भारत की सशक्त उपस्थिति जैसे विषयों का उल्लेख करते हुए केंद्र सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित किया। मालवीय ने कहा कि भारत आज केवल विकास की दिशा में ही नहीं, बल्कि विश्व नेतृत्व की ओर भी अग्रसर है। उन्होंने कहा कि देश में सभी धर्मों और वर्गों के लोगों के लिए सुरक्षित और समावेशी वातावरण उपलब्ध है। साथ ही उन्होंने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संकटों के दौरान भारतीय नागरिकों को सुरक्षित वापस लाने के लिए चलाए गए अभियानों का भी उल्लेख करते हुए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। मंडल अध्यक्ष डॉ. सौरभ जैन ने अपने संबोधन में कहा कि प्रशिक्षण शिविर संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति एवं जनसेवा के मूल्यों से जोड़ते हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण में भाग लेकर संगठन की मजबूती में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की सक्रियता और समर्पण ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है, और इसी के बल पर भाजपा निरंतर आगे बढ़ रही है। प्रथम दिन 5 सत्र हुए जिसमे प्रदेश प्रतिनिधि दिलीप सकलेचा, पूर्व जिलाध्यक्ष चिंतामण राठौर, नेता उदय सिंह यादव, जिला महामंत्री रामेश्वर तेजरा ने भी विभिन्न विषयों पर संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक बद्रीलाल सोनी, राणा विक्रम सिंह, जिला उपाध्यक्ष डॉ गजेंद्र सिंह चंद्रावत, पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र पांडे, वेदप्रकाश भट्ट, नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी आदि उपस्थित रहे। जानकारी दीपक जैन ने दी।



## एसडीएम आरोन ने किया फसल क्षति का निरीक्षण

**आरोन।** तहसील आरोन में हुई बारिश से प्रभावित फसलों का अनुविभागीय अधिकारी सुश्री महिमा चौधरी द्वारा ग्राम रुसल्ली कला पहुंचकर निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने कृषि विभाग के दल के साथ खेतों का जायजा लिया और फसल नुकसान की स्थिति का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने संबंधित तहसीलदार को निर्देश दिए कि प्रभावित फसलों का तत्काल सर्वे कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए, ताकि प्रभावित किसानों को समय पर राहत प्रदान की जा सके। इसके साथ ही उन्होंने कृषकों की फार्मर आईडी तत्काल तैयार करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण पश्चात एसडीएम द्वारा ग्राम रुसल्ली कला में नरवाई न जलाने एवं उर्वरक के समुचित उपयोग के संबंध में ग्राम चौपाल का आयोजन कर कृषकों को जागरूक किया गया। इस दौरान किसानों को नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान एवं मृदा की उर्वरता बनाए रखने के उपायों की जानकारी दी गई। चौपाल में एसडीएम आरोन सुश्री महिमा चौधरी, प्रभारी तहसीलदार अमित जैन, नायब तहसीलदार कृष्णकांत चौबे, कृषि विभाग के अधिकारी, राजस्व निरीक्षक ब्रजेन्द्र सिंह बरैया, ग्राम पटवारी दीपक जाटव सहित ग्राम सरपंच, ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

जोमैटो से मंगाई कोल्ड कॉफी में कॉकरोच निकला

## भाई की तबीयत बिगड़ गई, दुकानदार ने कहा-हमने कोई लापरवाही नहीं की



**देवास।** शहर के अलंकार मार्केट क्षेत्र में कस्टमर ने ऑनलाइन फूड ऑर्डर में कॉकरोच निकलने का दावा किया है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार शाम को कस्टमर ने जोमैटो के जरिए साईं पूजा नाम की दुकान से कोल्ड कॉफी और सैंडविच ऑर्डर किया था। आरोप है कि ऑर्डर किए गए खाने में कॉकरोच निकला, जिसके बाद ग्राहक और दुकान संचालक के बीच जमकर बहस हो गई। ग्राहक का कहना है कि खाने के बाद उसके भाई की तबीयत बिगड़ गई और उल्टियां शुरू हो गईं, जिसके चलते उसे एमजी अस्पताल में इलाज कराना पड़ा। ग्राहक ने साफ कहा कि उन्हें पैसे नहीं चाहिए, लेकिन लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं, कैफे संचालक तुषार तलरेजा ने अपनी सफाई में कहा कि उनकी ओर से कोई लापरवाही नहीं हुई है और इस मामले में शिकायत जोमैटो कंपनी से की जानी चाहिए। विवाद बढ़ने पर ग्राहक ने पुलिस को बुलाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों की बात सुनी। ग्राहक ने मामले में औपचारिक शिकायत करने की बात कही है।

ढोलाना में 30 जोड़ों का सामूहिक विवाह

## सर्व समाज सम्मेलन में एलईडी टीवी, सोफा सेट और कूलर दिए



**बदनावर।** बदनावर के ग्राम ढोलाना में मंगलवार को सर्व समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन हुआ। इस आयोजन में कुल 30 जोड़े धार्मिक रीति-रिवाजों और मंत्रोच्चार के बीच परिणय सूत्र में बंधे। कार्यक्रम में विभिन्न समाजों के परिवारों ने हिस्सा लिया। विवाह संस्कार से पहले गांव में सभी दूल्हों का एक साथ भव्य जुलूस निकाला गया। इस चल समारोह में बैंडबाजे, तीन डीजे, ढोल और तोप शामिल थे। बग्गियों में सवार दूल्हों का ग्रामीणों ने मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। वर और वधू पक्ष के परिजन सुबह ही कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गए थे। आयोजक दिनेश बामनिया ने बताया कि समिति द्वारा आयोजित इस सम्मेलन का यह तीसरा वर्ष था। प्रत्येक जोड़े को उपहार स्वरूप 51 बर्तन प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त पांच प्रकार के आभूषण भेंट किए गए, जिनमें सोने का मंगलसूत्र, चांदी का कांटा, चांदी की पायल, चुटकी और हाथ की अंगूठी शामिल है। गृहस्थी की शुरूआत के लिए जोड़ों को व्यापक स्तर पर सामग्री वितरित की गई। उन्हें एलईडी टीवी, कूलर, सोफा सेट, गोदरेज अलमारी, पलंग, बेडशीट, रजाई और तकिया जैसे आवश्यक सामान दिए गए। साथ ही दूल्हा-दुल्हन के कपड़े और दूल्हे के लिए घड़ी भी उपहार में शामिल थी। सामूहिक भोज और विवाह की समस्त रस्में पूरी होने के बाद देर शाम सभी 30 नवविवाहित जोड़ों को विदा किया गया। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। समिति के सदस्यों ने बताया कि फिजूलखर्ची रोकने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष इस तरह के आयोजन किए जा रहे हैं।

## न्यूज कॉलम

### 53.57 ग्राम ड्रग्स जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार, राजस्थान से लाकर इंदौर में करते थे सप्लाई

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 53.57 ग्राम प्रतिबंधित ड्रग्स जब्त किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 5 लाख 50 हजार रुपए बताई जा रही है। इस कार्रवाई को शहर में नशे के बढ़ते कारोबार पर बड़ी चोट माना जा रहा है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी उज्जैन निवासी तोहिद और रखमान हैं, जो लंबे समय से ड्रग्स सप्लाई के नेटवर्क से जुड़े हुए थे। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपी राजस्थान से मादक पदार्थ लाकर इंदौर और आसपास के इलाकों में सप्लाई करते थे। क्राइम ब्रांच को इनकी गतिविधियों की पहले से सूचना मिल रही थी, जिसके बाद टीम ने योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी कर दोनों को पकड़ा। तलाशी के दौरान उनके पास से प्रतिबंधित मादक पदार्थ बरामद किया गया।पुलिस को आशंका है कि यह नेटवर्क कई शहरों में फैला हुआ है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ जारी है, ताकि सप्लाई चेन और अन्य जुड़े लोगों का खुलासा किया जा सके। पुलिस ने आम लोगों से भी अपील की है कि संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, जिससे नशे के इस अवैध कारोबार पर समय रहते कार्रवाई की जा सके।

### हजरत सैय्यद वारिस अली शाह साहब का 105वां सालाना उर्स 12 अप्रैल से

**शाजापुर।** सूफी-संतों की रूहानी तालीम, आपसी भाईचारे और इंसानियत की खुशबू एक बार फिर शाजापुर की फिजाओं में महकने वाली है। शहर के मोहल्ला दायरा स्थित आस्ताना आलिया वारसिया पर सूफी संत हजरत सैय्यद वारिस अली शाह साहब के 105वें सालाना उर्स और मेले की तैयारियां अब अपने अंतिम चरण में हैं। 12 अप्रैल से शुरू होकर 16 अप्रैल 2026 तक चलने वाले इस पांच दिवसीय मुकद्दस आयोजन में अकीदत, एहतराम और रूहानियत का अनूठा संगम देखने को मिलेगा, जिससे पूरे दायरा क्षेत्र में एक बार फिर धार्मिक उत्साह और रौनक छा जाएगी। दरगाह शरीफ के सज्जादा नशीन सैय्यद अम्बर अली वारसी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी उर्स बड़े ही शानो-शौकत और परंपरागत तरीके से मनाया जाएगा। यह उर्स कौमी एकता की मिसाल है, जहां सभी धर्मों के लोग बड़ी संख्या में शिरकत कर सूफी संतों की मोहब्बत और इंसानियत की शिक्षाओं को आम करते हैं। उन्होंने सभी अकीदतमंदों से अपील की है कि वे इस पवित्र आयोजन का हिस्सा बनें और फैज-ए-रूहानी हासिल करें। सज्जादा नशीन ने बताया कि उर्स के दौरान चादर शरीफ व गागर शरीफ हाजी सैय्यद अब्दुल सत्तार वारसी साहब (मरहूम) के मकान से ससम्मान आस्ताना-ए-अकदस पर लाई जाएगी, जहां नजर व सलाम पेश किया जाएगा।

स्मृति शेष : महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय के

# कुलगुरु प्रमोद कुमार वर्मा नहीं रहे

दैनिक अवन्तिका ▸▸

**डॉ. जफर महमूद**



आज सुबह सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय परिक्षेत्र में एक दर्दनाक खबर आई। महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय करोंदी के कुलगुरु प्रो. प्रमोद कुमार वर्मा का 7 अप्रेल को देवलोकगमन हो गया है। प्रो वर्मा ने विक्रम विश्वविद्यालय के भूगर्भ विज्ञान विभाग के लोकप्रिय प्राध्यापक के रूप में पहचाने जाते रहे। उन्होंने अपने विद्यार्थियों को ऐसा तराशा कि उनके अनेक शिष्य देश के प्रतिष्ठित पदों पर आसीन हैं। उन्होंने विक्रम विश्वविद्यालय की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण सहभागिता की। वे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के वैज्ञानिक सलाहकार के रूप में प्रतिष्ठित रहे। मध्य प्रदेश सरकार ने उन्हें मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल का महानिदेशक बनाया। वह बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल के कुलपति भी रहे। सिंहस्थ 2016 में उज्जयिनी में उन्होंने देश भर के वैज्ञानिकों को बुलाकर यह संदेश दिया कि सिंहस्थ केवल आध्यात्मिक धार्मिक कुंभ नहीं बल्कि भारतीय ज्ञान विज्ञान परंपरा का भी कुंभ है। एमपी सीएसटी में उन्होंने मध्य प्रदेश में विज्ञान को बढ़ावा देने की अनेक योजनाओं को क्रियान्वित किया। महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय के कुलगुरु बनने के बाद उन्होंने आदिवासी अंचल करोंदी में शिक्षा, ज्ञान और विज्ञान की ज्योति प्रज्वलित की। वहां के कुलसचिव संदीप शर्मा ने अपने शोक संदेश में कहा है कि महर्षि जी के संकल्पों और योजनाओं को आगे बढ़ाने और महर्षि शिक्षा सिद्धांत एवं आधुनिक विज्ञान के समन्वय से विश्वविद्यालय की उन्नति के लिए किए गए उनके कार्य सदैव अविस्मरणीय रहेंगे। प्रो. प्रमोद वर्मा एक महान वैज्ञानिक, महान शिक्षाविद एवं दूरदर्शी व्यक्ति थे। महर्षि महेश योगी विश्वविद्यालय के विशेष कर्तव्य अधिकारी डॉ. के के त्रिपाठी ने बताया कि वे 4 तक कुलगुरु कक्ष में अपना काम कर रहे थे। कुलगुरु निवास में उन्होंने रात्रि 8 बजे दलिया ग्रहण किया। थोड़ी देर बाद उनकी तबीयत खराब होने लगी तो उन्होंने मुझे फोन किया। महर्षि महेश योगी विश्वविद्यालय के अनेक प्राध्यापक और हम उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उमरिया जिला कटनी लेकर गए। वहां डॉक्टरों ने जवाब दे दिया। हम सिहोरा के चिकित्सालय में भी उन्हें लेकर गए। उसके बाद जबलपुर के चिकित्सालय लेकर गए जहां डॉक्टरों ने ह्रदय गति रुक जाने का बता उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया। आज उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास से चक्र तीर्थ पर पहुंची अंतिम यात्रा में महर्षि महेश योगी विश्वविद्यालय के डॉ. जयप्रकाश शुक्ला, डॉ. आलोक परीडा, डॉ. सूरज पांडे, प्रो. मानवेंद्र पांडे, डॉ. अखिलेश जैन, डॉ आलोक सिंह, प्रो. रत्नेश वर्मा, सचिव कपिश कबीर शामिल रहे। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज, कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा, इग्नू के पूर्व कुलपति प्रो नागेश्वर राव, विक्रम विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. बालकृष्ण शर्मा, प्रो बीपी सिंह, आईआईएम इंदौर के प्रो. पवन सिंह, वरिष्ठ पत्रकार निरुक्त भार्गव, कालिदास अकादमी के निदेशक डॉ. गोविंद गन्धें, प्रो. गोपाल कृष्ण शर्मा, प्रो. आर सी वर्मा, प्रो. के एन सिंह, प्रो. शैलेंद्र कुमार शर्मा, प्रो. शैलेंद्र पाराशर, महर्षि पाणिनि संस्कृत विश्वविद्यालय के कुल सचिव प्रो. दिलीप सोनी, डॉ. राकेश ढांड, डॉ. एस के मिश्रा, डॉ. रवि मिश्रा, डॉ.जगदीश शर्मा, डॉ. संदीप तिवारी, डॉ. धर्मेंद्र मेहता, डॉ. कान्या मेढा, कमलेश दशोरा, डॉ. वीरेंद्र चावरे, डॉ. मनु गोराहा, डॉ. सलिल सिंह, डॉ. राज बेरिया, डॉ. राजेश टेलर, माधव कॉलेज के डॉ. जफर महमूद, डॉ. पोप सिंह परमार, अंतिम यात्रा में सम्मिलित रहे। शोक सभा का संचालन डॉ. मृदुल शुक्ला ने किया। प्रो. प्रमोद वर्मा को मुखाग्नि उनके अनुज सिन्टू वर्मा ने दी।

थाना चन्दन नगर पुलिस को वाहन चोरों की बड़ी सफलता

# दो पिकअप, एक बाइक, 1 बेटरी जब्त, वाहन चोर भी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ धार

शहर में लगातार बढ़ते वाहन चोरी की रोकथाम, आरोपियों की धरपकड़ एवं चोरी गया मश्रुका बरामद करने हेतु पुलिस आयुक्त संतोष सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित सिंह द्वारा निर्देशित किया गया। निर्देशों के पालन में आनंद कलादगी पुलिस उपायुक्त जोन-4, दिशेष अग्रवाल अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-4 एवं शिवेन्दु जोशी सहायक पुलस आयुक्त अन्नपूर्णा इन्दौर के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चन्दन नगर द्वारा पुलिस टीम का गठन किया गया एवं चोरी करने वाले बदमाशो की धरपकड़ हेतु लगाया गया।

मंगलवार को फरियादी अबरार पिता एहमद खान उम्र 57 साल निवासी 8 गंगा कॉलोनी धार रोड इन्दौर ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट किया कि 06-07.04.2026 की दरमियान रात्रि में उसकी वाहन बाड़ी रिपेयरिंग दुकान में से पिकअप तथा तीन गाड़ियों की बैट्री कोई अज्ञात व्यक्ति रात्रि में मेरी दुकान का ताला तोड़कल चोरी करके ले गया है। फरियादी की उक्त रिपोर्ट पर थाना चन्दन नगर पर अपराध क्र. 459/2026 धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस का पंजीबद्ध विवेचना मे लिया गया।

पुलिस टीम द्वारा विश्वसनीय मुखबिर से आरोपीगण की पहचान कर आरोपीगण लालू पिता कांतीलाल मालीवाड उम्र 21 साल निवासी गणेश नगर साई मंदिर के पीछे जवाहर टेकरी इन्दौर, दिनेश पिता कमल मानकर ठाकुर उम्र 22 साल निवासी साई मंदिर के पीछे जवाहर टेकरी इन्दौरको हिरासत में लिया तथा आरोपीगण से पूछताछ करने पर आरोपीगण द्वारा थाना चन्दन नगर के अपराध क्रमांक 1275/2023 धारा 379 भादवि की मोटर साईकिल क्र. एमपी 11 एमजी 8551 तथा 108/2026 धारा 303(2) बीएनएस की पिकअप वाहन एमपी 09 जीजी 7650 चोरी करना स्वीकार किया बाद आरोपीगण से चोरी गए वाहन जप्त किए गये।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी चन्दन नगर निरी. तिलक कारोले, उनि मनोज भदौरिया, उनि सेवना सिंह, प्रआर गोकुल प्रसाद, आरक्षक विरेन्द्र, आरक्षक जगदीश की महत्वपूर्ण भूमिका रही।


**पश्चिम रेलवे पोरबंदर और आसनसोल के बीच साप्ताहिक विशेष ट्रेन ⇄ चलाएगा**

| ट्रेन सं. | प्रारंभिक स्टेशन और गंतव्य | सेवा की तिथियां | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09205 | पोरबंदर -आसनसोल | 13/04/2026 से 29/06/2026 | 08:50 बजे (सोमवार) | 06:45 बजे (बुधवार) |
| 09206 | आसनसोल-पोरबंदर | 15/04/2026 से 01/07/2026 | 23:05 बजे (बुधवार) | 21:50 बजे (शुक्रवार) |

हॉल्ट्सः भंवाद, लालपुर जम, जामनगर, हापा, राजकोट, वंकानेर, सुरेंद्रनगर, विरमगम, अहमदाबाद, आनंद, छायापुरी, गोधरा, रतलाम, नागदा, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बिना, ललितपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, गोविंदपुरी, प्रयागराज जन., मिर्जापुर, पीटी. दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, देहरी ऑन सोने, गया, कोडरमा, हजारीबाग रोड, पारसनाथ, नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोमोह एंड धनबाद स्टेशंस इन बोथ डायरेक्शन्स।

**संरचनाः एसी-2 टियर, एसी-3 टियर, स्लीपर क्लास और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच।**

रुकने के समय और कंपोजिशन के बारे में पूरी जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.india»»frail.gov.in पर जा सकते हैं।

ट्रेन नंबर 09205 की बुकिंग 10/04/2026 से सभी पीआरएस काउंटर और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। ऊपर बताई गई ट्रेन स्पेशल ट्रेन के तौर पर स्पेशल किराए पर चलेगी।

**पश्चिमी रेलवे**
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें और फॉलो करें
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

कृपया सभी रिजर्व टिकटों के लिए ओरिजिनल आईडी प्रूफ साथ रखें।


# सांपखेड़ा नहर के पास एंबुलेंस और ऑटो में जोरदार भिड़ंत, 4 घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

रात के समय तेज रफ्तार वाहनों की लापरवाही हादसों का कारण बन रही है। देर रात कोतवाली थाना क्षेत्र में एक ऐसा ही मामला सामने आया, जहां एक तेज रफ्तार एंबुलेंस और सब्जियों से भरे लोडिंग ऑटो के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में वहां से गुजर रही एक मोटरसाइकिल भी चपेट में आ गई। घटना में कुल चार लोग घायल हुए हैं, जबकि क्षतिग्रस्त एंबुलेंस का चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकला। जानकारी के अनुसार, घटना मंगलवार रात करीब 11 से 12 बजे के बीच सांपखेड़ा गांव की नहर के पास हुई। टक्कर इतनी भयंकर थी कि लोडिंग ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया और उसमें रखी सारी सब्जियां सड़क पर बिखर गईं। वहीं, एंबुलेंस का आगे का हिस्सा भी बुरी तरह टूटकर चकनाचूर हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को शाजापुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे में घायल हुए लोगों की पहचान राधेश्याम, हुकम सिंह, राजेंद्र सिंह और राजेश (ऑटो चालक) के रूप में हुई है। जिला अस्पताल में जांच के बाद दो लोगों को मामूली चोटें आने की पुष्टि हुई है। वहीं, अन्य दो घायलों को प्राथमिक उपचार देने के बाद उनके परिजन एहतियातन दूसरे अस्पताल ले गए।


**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग उज्जैन, ग्रामीण संयुक्त प्रशासनिक संकुल प्रथम तल व. कक्ष क्रमांक 132 जिला उज्जैन**

क्र/076 /रीडर-1/2026/ उज्जैन दिनांक 06/04/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील उज्जैन अंतर्गत ग्राम सांवराखेडी स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 31/1/1 रकबा 2.2890 हे. में से 0.262 हे., सर्वे क्र. 10 रकबा 0.5230 हे0 में से 0.187 हे. एवं सर्वे क्र. 5/1 रकबा 1.2850 हे0 में से 0.535 हे० पर सीवरेज पंपिंग स्टेशन निर्माण करने हेतु भूमि आवंटन किये जाने का अनुरोध किया गया है। इस संबंध में आवेदक आयुक्त, नगर पालिक निगम, उज्जैन द्वारा नजूल निर्वतन नियम 2020 अंतर्गत प्रारूप 1 में भूमि आवंटन का आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति / समूह/संस्था को आपत्ति हो तो अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में नियत समयावधि 27/04/ 2026 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते है।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**अनुभाग उज्जैन**

**पश्चिम रेलवे-रतलाम मंडल**
**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल विद्युत् इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु IREPS पोर्टल के माध्यम से खुली निविदाएं आमंत्रित करते हैं: **निविदा क्रमांक: EL/TRD/58/2025-26/18RT-1. कार्य का नाम:** TRD Work in connection with Provision of 06 meter wide FOB with ramp at Vikramnagar and Ujjain (BPL end) under Simhastha 2028. **अनुमानित लागत:** ₹ 76,61,631/- **बयाना राशि:** ₹ 1,53,200/- **समापन अवधि:** 12 Months. **निविदा दस्तावेज़ की राशि:** Nil, **ऑनलाइन बिडिंग बंद होने की दिनांक एवं समय:** 30.04.2026 at 15:00 hrs. **ऑफर की वैधता:** 60 days from the date of opening. **वेबसाइट: www.ireps.gov.in. नोटिस बोर्ड:** वरिष्ठ मंडल विद्युत् इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे के कार्यालय के प्रवेश द्वार के सामने.

V/532

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly

**नाम परिवर्तन/ सार्वजनिक सूचना**

मैं, नीलम वरयानी, पत्नी चेतन गुरनानी, निवासी 9, सुभाष नगर, उज्जैन, ने अपना नाम बदलकर भविष्य के लिए मुस्कान गुरनानी रख लिया है। मैं 9 सुभाष नगर, उज्जैन की रहने वाली हूँ। यह मैंने विवाह के कारण बदला है। भविष्य में मुझे मुस्कान गुरनानी के नाम से जाना जाए।

**हस्ताक्षर मुस्कान गुरनानी**
**दिनांकः 08/04/2026**

**पश्चिम रेलवे-रतलाम मंडल**
**डिवीजनल रेलवे हॉस्पिटल, रतलाम के लिए HVS (पैथोलॉजी, फिजिशियन और सर्जन) चाहिए**

मंडल रेलवे चिकित्सालय रतलाम हेतु अंशकालिक ऑनरेरी विजिटिंग स्पेशलिस्ट (HVS) Pathology, Physician & Surgeon नियुक्त करने हेतु निम्नानुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

1. **ऑनरेरी विजिटिंग स्पेशलिस्ट Pathology, Physician & Surgeon सप्ताह में 06 दिन 2 घंटे प्रति दिन।**

आवेदन मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में दिनांक 29/04/2026 को दोपहर 13.00 बजे तक पहुँच जाना चाहिये। अन्य विस्तृत जानकारी के लिए **www.wr.indianrailway.gov.in** पर देखे।

V/533

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly • हमें फोलो करें : x.com/WesternRly

**जाहिर सूचना**

'सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, ग्राम बिडवाल तह. बदनावर जिला धार म.प्र. में भूमि सर्वे नंबर 1197/1/3 रकबा 1.3540 हे. एवं सर्वे नंबर 1220/3 रकबा 0.0130 हे. भूमि कुल क्षेत्रफल 1.3670 हे. भूमि राजस्व रिकार्ड में तसनीम, सकीना, फातेमा पुत्रीयां हकीमउद्दीन निवासी बिडवाल के नाम पर संयुक्त रूप से 1/3 भाग से दर्ज है तथा 2 दुकाने एवं 1 मकान भी उक्त तीनों बहनो के नाम से दर्ज है जो ग्राम पंचायत के भवन कर पंजी में क्रमांक 526 एवं 550 पर तीनो के नाम से संयुक्त रूप से दर्ज है तथा अभी बंटवारा नहीं हुआ है। इस कारण से भूमि एवं मकान, दुकान को यदि सकीना एवं फातेमा भी विक्रय करना चाहती है। इसलिए उक्त दोनो बहनो से जब तक भूमि का मकान का, दुकानो का बंटवारा नहीं हो जाता है, कोई भी व्यक्ति उक्त संबंध में उक्त दोनो बहनो से किसी प्रकार से कोई लेन-देन का सौदा/अनुबंध नहीं करे। यदि इस जाहिर सूचना के बाद यदि उक्त दोनो बहनो से कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार से कोई सौदा, अनुबंध करता है तो वह इसके लिए समस्त प्रकार के परिणाम के लिए जवाबदार रहेगा। अतः सूचित होवे।

दिनांक-8 / 4 / 2026

**जसनीम पिता हकीमउद्दीन**
**मो.नं. 9009850952**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार एल आय सी हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड के समक्ष हरीश परमार पिता स्वर्गीय श्री पुरूषोत्तम परमार निवासी-92, लक्ष्मीनगर, उज्जैन (म.प्र.) द्वारा अपने स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का फ्रीहोल्ड राईट्स का क्वार्टर नंबर 92, म्युनिसिपल भवन क्रमांक 128, जिसका कुल क्षेत्रफल 92.96 वर्गमीटर स्थित लक्ष्मीनगर कॉलोनी, उज्जैन (म.प्र.) जिसके पूर्व में-क्वार्टर नंबर 91, पश्चिम में-क्वार्टर नंबर 93, उत्तर में-गली एवं दक्षिण में-कॉलोनी की सड़क है, को बंधक रख ऋण सुविधा की मांग की है, उक्त भवन के स्वामित्व संबंधी मूल दस्तावेज निम्नुनसार है-पंजीकृत विक्रय पत्र लेख दस्तावेज क्रमांक 142 दिनांक 20.01.1978, पंजीकृत विक्रय पत्र लेख दस्तावेज क्रमांक 4212 दिनांक 18.12.2002 है । भवन को श्रीमती मंजु पति पुरूषोत्तम जी परमार द्वारा क्रय किये जाने के पश्चात उनका स्वर्गवास हो गया तथा उक्त भवन पर हरीश पिता श्री पुरूषोत्तम जी परमार द्वारा स्वयं को एकमात्र वारिस एवं उत्तराधिकारी बताते हुवे उज्जैन नगर पालिक निगम उज्जैन के संपत्तिकर अभिलेखों में नामांतरण करवा लिया गया तथा उनके द्वारा एक आवेदन पुलिस थाना माधवनगर में भी इस आशय का प्रदान किया गया है कि, मूल दस्तावेज दस्तावेज क्रमांक 142 दिनांक 20.01.1978 कहीं गुम हो गया है, जो काफी ढूढंने के पश्चात भी प्राप्त नहीं हो रहा है, उक्त दस्तावेज का कहीं दुरूपयोग नहीं किया जाने का कथन किया है, यदि उक्त संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो अथवा स्वर्गीय श्रीमती मंजु पति पुरूषोत्तम जी परमार का अन्य कोई वैधानिक वारिस या उत्तराधिकारी हो अथवा उक्त संपत्ति को बंधक किये जाने के संबधं में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या उक्त मूल दस्तावेज किसी व्यक्ति के पास बंधक हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति को एल आय सी हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड द्वारा बधंक कर लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होगी। सो सूचित हो ।

दिनांकः-08.04.2026

**विवेक गुप्ता एडवोकेट**
**11/1, घटकरपर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन म.प्र.**
**मोबाईल नंबर-9827228461**

**जाहिर सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेता-श्रीमती मनोरमा गुप्ता पति श्री कन्हैयालाल गुप्ता, आयु-80 वर्ष, निवासी-एलआईजी एफ-5/39, ऋषि नगर, उज्जैन (म.प्र.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य के लीजहोल्ड राईट्स (जिला व्यापार औधोगिक विकास केन्द्र, उज्जैन) के भूखण्ड क्रमांक-31/11,32/2 जो औधोगिक क्षेत्र, मक्सी रोड, उज्जैन (म.प्र.) में स्थित हैं। भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 559.48 वर्गमीटर अर्थात 6020.00 वर्गफीट हैं। जो औधोगिक क्षेत्र में स्थित होकर औधोगिक उपयोग का है। उक्त भूखण्ड को भारमुक्त क्रय करने हेतु विक्रेता के कहे अनुसार बयाना राशि का भुगतान विक्रेता के हित में करने के पश्चात विक्रय अनुबंध पत्र संपादित करवा लिया हैं। उक्त भूखण्ड पर किसी भी व्यक्तियों, संस्था, बैंक, वित्तिय संस्था या किसी भी अन्य प्रकार से किसी का कोई भी हित, हक, ऋण भार, चार्ज आपत्ति हो तो इस प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के अंदर लेखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में मिलें एवं संपर्क करें अन्यथा बाद मियाद विक्रय-पत्र एवं लीजडीड का पंजीयन करवा लिया जावेगा व किसी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार व उपरोक्त संपत्ति के विक्रय पर बंधनकारक नही रहेगी व आपत्ति शून्य मानी जावेगी। सूचित हो।

इति दिनांक-08/04/2026

**एडवोकेट मो. शाकिर शेख**
**अ-5/5, महाकाल वाणिज्यिक केन्द्र, नानाखेडा, उज्जैन, म.प्र.**
**मोबा. नं. 7049885353**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, ग्राम बिडवाल तह. बदनावर जिला धार म.प्र. में भूमि सर्वे नंबर 1197/1/3 रकबा 1.3540 हे. एवं सर्वे नंबर 1220/3 रकबा 0.0130 हे. भूमि कुल क्षेत्रफल 1.3670 हे. भूमि राजस्व रिकार्ड में तसनीम, सकीना, फातेमा पुत्रीयां हकीमउद्दीन निवासी बिडवाल के नाम पर संयुक्त रूप से 1/3 भाग से दर्ज है तथा 2 दुकाने एवं 1 मकान भी उक्त तीनों बहनो के नाम से दर्ज है जो ग्राम पंचायत के भवन कर पंजी में कमांक 526 एवं 550 पर तीनो के नाम से संयुक्त रूप से दर्ज है तथा अभी बंटवारा नहीं हुआ है। इस कारण से भूमि एवं मकान, दुकान को यदि सकीना एवं फातेमा भी विक्रय करना चाहती है। इसलिए उक्त दोनो बहनो से जब तक भूमि का मकान का, दुकानो का बंटवारा नहीं हो जाता है, कोई भी व्यक्ति उक्त संबंध में उक्त दोनो बहनो से किसी प्रकार से कोई लेन-देन का सौदा/अनुबंध नहीं करे। यदि इस जाहिर सूचना के बाद यदि उक्त दोनो बहनो से कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार से कोई सौदा, अनुबंध करता है तो वह इसके लिए समस्त प्रकार के परिणाम के लिए जवाबदार रहेगा।

अतः सूचित होवे।

इति दिनांक-08.04.2026

**जसनीम पिता हकीमुद्दीन**
**मो.नं.9009850952**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमति मानकुंवर सोनी पति नंदकिशोर जी सोनी व हितेश सोनी पिता नंदकिशोर जी सोनी जाति सोनी निवासीगण संत तुकाराम पथ बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. द्वारा विक्रेता- सुरेशचंद्र पिता मोहनलाल जी चावडा जाति माली निवासी सियाराम मंदिर के पास बडनगर व कृषक ग्राम बालोदाकोरन तहसील बडनगर जिला उज्जैन के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 831/2/2 रकबा 0.40 हे., सर्वे नंबर 831/3 रकबा 1.26 हे., सर्वे नंबर 844/1/1 रकबा 0.37 हे., सर्वे नंबर 844/3 रकबा 0.37 हे., कुल किता 04 कुल रकबा 2.40 हे. याने बारह बिघा भूमि ग्राम बालोदाकोरन तहसील बडनगर जिला उज्जैन में स्थित को क्रय करने सौदा दो गवाहो के समक्ष मेरे पक्षकार ने विक्रेता को साई पेटे राशि देकर सौदा तय कर लिया हैं।

यह कि मेरे पक्षकार द्वारा क्रय की जाने वाली अनुबंधित कृषि भूमि पर किसी व्यक्ति, संस्था या बैंक का कोई ऋण भार आदि हो या किसी प्रकार का कोई लेख विक्रेता पक्ष ने अन्य किसी से किया हो तो ऐसा हितधारी व्यक्ति जाहिर सूचना के प्रकाशन से 15 दिवस के भीतर समस्त दस्तावेजी प्रमाण के साथ मेरे कार्यालय में आकर संपर्क करे तथा अपनी आपत्ति के समर्थन में जो लेख हो वे भी मुल रूप से लाकर बताए। अवधि गुजरने के पश्चात किसी प्रकार की उज्ज या आपत्ति इस जाहिर सूचना के प्रकाश में व्यर्थ व शुन्य मानी जावेगी तथा मेरा पक्षकार अपने पक्ष में विक्रय पत्र का संपादित करवा लेवेगा।

सूचित हो पाबंदी करे।

दिनांक 07/04/2026

**अजीतसिंह सिसौदिया, अभिभाषक,**
**कार्यालय कोर्ट परिसर बडनगर जि. उज्जैन**
**मो. 7898408797, 7566683844**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी श्री होकमसिंह पिता श्री भैय्यालाल, जाति-गुर्जर, निवासी-ग्राम खजुरिया परमार जिला देवास (म. प्र.) के एकल मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-165/1 (स) रकबा 1.1200 हेक्टर ग्राम खजुरिया परमार, तहसील व जिला देवास (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण रकबा 1.1200 हेक्टर मेसे 02 बीघा का सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना है। उपरोक्त भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हों।

यह दिनांक-0 है।

**राजकुमार प्रजापत**
**एडवोकेट कार्यालय-ए-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मो.नं. 94259-46659**

**जाहिर सूचना**

सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भुमि स्वामी रामसिह पिता मेरजी जाति चमार निवासी ग्राम ताजपूर तहसील महिदपुर जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भुमि सर्वे नबर 278/3 रकबा 0.3500 हेक्टर जो कि ग्राम ताजपुर तहसील महिदपुर जिला उज्जैन में स्थित होकर को क्रय कर अनुबंध पत्र / सोदा चिटठी का निष्पादन किया है और आंशिक राशि का भुगतान कर दिया है केवल रजिस्ट्री करवाना शेष है।

उक्त भुमि पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक का कोई हित, हक, कर्जा, दावा, बख्शीश या लेना-देना या आपत्ति हो तो आज सूचना प्रकाशन की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर लिखित प्रमाण मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा समयावधि पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति या दावा मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारक नहीं होगा और मेरे पक्षकार अपने पक्ष में उक्त भुमि की रजिस्ट्री करवा लवंगे।

इति दिनांक-08.04.2026 उज्जन

**प्रेमलता शमां एडवोकेट**
**कार्यालय भरतपुरी काम्पलेक्स देवास रोड जिला उज्जैन**
**9826354843**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1- श्रीमती भागवंताबाई पति रामचन्द्र जी निवासी 273, ग्राम पिपलौदा द्वारकाधीष तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके एकमेव स्वामित्व एंव आधिपत्य की भूमि सर्वे क्रमांक 1011/1/1/2 रकबा 0.2000 हेक्टर सर्वे क्रमांक 1011/1/1 रकबा में से 0.1000 हेक्टर कुल किता 2 रकबा 0.3000 हेक्टर ग्राम पिपलौदा द्वारकाधीष प.ह.न. 46 तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है जिसमें 0.1000 हेक्टर भूमि को भागवंताबाई ने मूल भूमि स्वामी से क्रय की है जिसका नामांतरण होना शेष है एवं 0.2000 हेक्टर भूमि का नामांतरण भागंवताबाई का भूमि स्वामी रूप में हो चुका है को मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया होकर टोकन राशि अदा कर सौदा चिट्ठी का निष्पादन अपने हित मे करवा लिया है तथा अनुबंध पत्र का सम्पादन करवाया जाना है और अनुबंध पत्र अनुसार शेष राशि अदाकर विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भवन में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भवन पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक,अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत अनुबंध पत्र निष्पादन के पश्चात विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांकः- 08-04-2026 उज्जैन

**श्रीमती नीलम अग्रवाल (एडवोकेट)**
**एम.ए.एल.एल.बी.**
**61, महाकाल सिंधी कॉलोनी उज्जैन**
**मो0न0 98264-44002**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी रविशंकर पिता श्री रमेशचंद्र जाति तेली महेन्द्रसिंह पिता हाकमसिंह जाति राजपुत संदीप सिंह पिता श्री प्रेम सिंह रूप गिर पिता गवरी गिर जाति गुसाई आदि निवासी व कृषक ग्राम लोहरवास तहसील महिदपुर जिला उज्जैन म.प्र. ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नबंर 27/2 रकबा 0.25 हैक्टर,सर्वे नबंर 59 रकबा 0.21 हैक्टर,सर्वे नबंर 61 रकबा 0.92 हैक्टर, भूमि, कुल किता 03 कुल रकबा 1.38 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम लोहरवास प.ह.न. 00160 तहसील महिदपुर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय एवं विनिमय करने का अनुबंध पत्र किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विकय पंजीयन केता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रशसन से (05) पांच दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र केता पक्ष कार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो ।

इति दिनांक - 09-04-2026

**राकेश शर्मा (सर्विस प्रोवाईडर)**
**तह कार्यालय के सामने बस स्टेंड दुकान क्रमांक 07 ग्राम घटिया जिला उज्जैन**
**मो.नं.8719997462, 9584898788**

## दो मोटरसायकल टकराई, युवक की मौत

**मन्दसौर।** जिले के सुवासरा थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा 7 अप्रैल की शाम शंकरदास के खेत के सामने ग्राम जगदी थाना सुवासरा में घटित हुआ। इस घटना की रिपोर्ट फरियादी ईश्वरसिंह पिता दरियावसिंह सोंधिया राजपूत निवासी जगदी थाना सुवासरा ने की है कि घटना दिनांक को दो मोटर साइकिलों के बीच हुई भीड़ंत में फरियादी के पिता दरियावसिंह सोंधिया राजपूत उम्र 55 वर्ष की मृत्यु हो गई। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी नारायणसिंह पिता सोदानसिंह सौंधिया राजपूत निवासी जगदी के खिलाफ बीएनएस की धारा में प्रकरण दर्ज किया।

## रेलवे कर्मचारी के घर चोरी 40 हजार नकद और जेवरात चुराए

**रतलाम।** सैलाना यार्ड रेलवे कॉलोनी में मंगलवार दोपहर रेलवे के सीएनडब्ल्यू (कैरेज एंड वैगन) विभाग की महिला कर्मचारी शन्नो चरपोटा के सूने मकान में दिनदहाड़े चोरी की घटना सामने आई है। चोर घर के पीछे का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे और आलमारी के लॉकर से 40 हजार रुपए नकद समेत सोने के जेवरात चुरा ले गए। मंगलवार रात करीब 7.30 बजे जब महिला कर्मचारी ड्यूटी से लौटी, तब उसे घटना का पता चला। चोरी की सूचना जीआरपी थाने को दे दी गई है और मामले की जांच की जा रही है।

## रतलाम मंडल में आधारभूत संरचना का तेजी से विकास

**रतलाम।** रतलाम रेल मंडल द्वारा वर्ष 2025-26 के दौरान आधारभूत संरचना के विकास, यात्री सुविधाओं के उन्नयन एवं सुरक्षा सुधार के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के इंजीनियरिंग विभाग ने न केवल नई रेल लाइनों का विस्तार किया है, बल्कि ट्रेनों की गति बढ़ाने, पुलों के मरम्मंत करने और यात्री सुविधा जैसे कार्यों को सुदृढ़ बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार वर्ष 2025-26 में मंडल में कचनारा, दलौदा एवं ढोढर स्टेशनों पर 3 फुट ओवर ब्रिज का निर्माण किया गया है।

## उपाध्यक्ष गुरनाम सिंह डंग का निधन

**रतलाम।** श्री गुरु तेग बहादुर शैक्षणिक विकास समिति के अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ केंद्रीय श्री गुरु सिंह सभा के केंद्रीय उपाध्यक्ष श्री गुरनाम सिंह डंग (68) का मंगलवार रात निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। बुधवार दोपहर बड़बड़ रोड स्थित उनके निवास से अंतिम यात्रा निकाली गई, जो भक्तन की बावड़ी मुक्तिधाम पहुंची, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके पुत्र अंकित डंग, गगनदीप सिंह डंग एवं भाई सतपाल सिंह डंग ने मुखाग्नि दी। श्री डंग पिछले 16 वर्षों से श्री गुरु तेग बहादुर शैक्षणिक विकास समिति के अध्यक्ष पद पर कार्यरत थे। उनके नेतृत्व में समिति ने अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं और संस्था के साथ-साथ रतलाम शहर का नाम भी गौरवान्वित किया।

## भैसाना सरपंच को नोटिस, तीन दिवस में मांगा जवाब

**रतलाम।** ग्राम पंचायत भैसाना की सरपंच पूजा पासी द्वारा ग्राम पंचायत भैसाना की शासकीय भूमि को अनाधिकृत रूप से पट्टे पर वितरित किये जाने एवं इसके बदले रिश्वत की मांग की जाने पर सरपंच के विरुद्ध लोकायुक्त संगठन उज्जैन में आपराधिक प्रकरण विचाराधीन है। उक्त कृत्य पदीय दायित्वों के विरुद्ध होकर घोर लापरवाही को परिलक्षित करता है। मामले को संज्ञान में लेते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रतलाम सुश्री वैशाली जैन द्वारा ग्राम पंचायत भैसाना की सरपंच पूजा पासी को म.प्र. पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 40 के तहत कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर तीन दिवस के भीतर प्रमाण सहित समक्ष मे उपस्थित होकर स्पष्टीकरण मांगा है। निर्धारित समय सीमा में जवाब प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

# विप्लव जैन के प्रदेश महामंत्री बनने के बाद रतलाम में निकली विशाल रैली, हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए





'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री बनने के बाद पहली बार रतलाम आए विप्लव जैन का मंगलवार को मोर्चा कार्यकताओं ने विशाल वाहन रैली निकालकर जोशीला स्वागत किया। भाजयुमो महामंत्री ने अभिवादन कर सबका आभार जताया। रैली कालिका माता मंदिर परिसर से आरंभ हुई।

आरंभ में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने सभी पदाधिकारियों के साथ स्वागत किया। भाजयुमो प्रदेश महामंत्री विप्लव जैन ने स्वागत मंच से कहा कि उन्हें प्रदेश स्तर की यह जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं की वजह से मिली है। वे भाजपा नेतृत्व द्वारा सौंपे गए दायित्व और विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेगे। उन्होंने युवा कार्यकर्ताओं से अनुशासन का पालन करने की अपील की।

इससे पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने कहा कि रतलाम के कार्यकर्ता को प्रदेश महामंत्री की जिम्मेदारी मिलना गर्व की बात है। उन्होंने युवा कार्यकर्ताओं से लगातार मेहनत करने और पार्टी को मजबूत रखने का आह्वान किया। युवा मोर्चा की रैली कालिका माता से आरंभ होकर नगर निगम, कालेज रोड़, नाहरपुरा, माणक चौक , घास बाजार, चांदनी चौक , तोपखाना, गणेश देवरी, धानमंडी , शहीद चोक, लोकेन्द्र टाकिज होते हुए न्यु रोड़ स्थित युवा मोर्चा के जिला कार्यालय पहुंचकर समाप्त हुई।

रैली के दौरान भाजयुमो प्रदेश महामंत्री विप्लव जैन के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, जिला महामंत्री जयवंत कोठारी, मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित, नीलेश गांधी, नंदकिशोर पंवार, आदित्य डागा एवं सोना शर्मा खुली जीप मे सवार थे। रैली का मार्ग जगह-जगह मंच बनाकर स्वागत किया गया। रैली के समापन पर भाजयुमो के जिला महामंत्री रविन्द्र पाटीदार ने सबको धन्यवाद ज्ञापित किया।

## अलसी डंठलों को एकत्रित करने के बाद मशीनों के माध्यम से प्रोसेसिंग शुरू की जाए -कलेक्टर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



डंठलों को एकत्रित करने के बाद उनकी मशीनों के माध्यम से प्रोसेसिंग शुरू की जाए। जिले में उपलब्ध मशीनों का उपयोग कर रॉ मैटेरियल से लेकर धागा एवं रेशा निर्माण तक की पूरी प्रक्रिया को व्यवस्थित रूप से विकसित किया जाए।

यह निर्देश कलेक्टर अदिती गर्ग ने ग्राम गुलियाना में किसान जगदीश माली के खेत पर अलसी के डंठलों को बेलर मशीन की सहायता से एकत्रित करने की प्रक्रिया का अवलोकन करते हुए दिये। जिले में कृषि अपशिष्ट के प्रभावी उपयोग और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से अलसी के डंठल से रेशा (फाइबर) निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल शुरू की जा रही है। उन्होंने एफपीओ एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस कार्य के लिए खरीदारों से समन्वय स्थापित कर बेहतर मार्केट लिंक तैयार करें।इस दौरान एफपीओ द्वारा जानकारी दी गई कि अलसी के डंठलों के भंडारण हेतु लोहे के शेड का निर्माण किया जा रहा है, जहां डंठलों को सुरक्षित रखकर आगे फाइबर उत्पादन किया जाएगा। स्थानीय स्तर पर मशीन निर्माण के प्रयास भी किए गए हैं, जिनसे रेशा तैयार किया जाएगा। कलेक्टर ने डबल ट्रांसपोर्ट की लागत को कम करने पर जोर देते हुए कहा कि किसानों को प्रोत्साहित किया जाए कि वे अपने खेत या घर पर ही डंठलों का संग्रहण करें और सीधे खरीदारों को विक्रय करें। इससे अनावश्यक खर्च में कमी आएगी। साथ ही, अलसी से तेल उत्पादन की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई।उल्लेखनीय है कि जिले में नरवाई प्रबंधन के तहत यह पहल विशेष महत्व रखती है। नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वरता एवं पर्यावरण को होने वाले नुकसान को देखते हुए प्रशासन द्वारा वैकल्पिक उपायों को बढ़ावा दिया जा रहा है। अलसी के डंठलों का उपयोग कर फाइबर निर्माण न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक होगा, बल्कि किसानों को अतिरिक्त आय का स्त्रोत भी प्रदान करेगा।

## करंट लगने से निर्माण में लगे मजदूर युवक की मौत

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

सिटी थाना क्षेत्र के ग्राम पिपलिया नाथावत में बुधवार सुबह 10 बजे के लगभग दर्दनाक हादसे में 35 वर्षीय मजदूर की करंट लगने से दुखद मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया, वहीं परिजनों ने ठेकेदार सहित संबंधित लोगों पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाते हुए मुआवजे और कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भोलियावास निवासी नरेंद्र पिता लालूराम माली उम्र लगभग 35 वर्ष ठेकेदार लोकेश धाकड़ के अधीन मजदूरी करता था। वर्तमान में वह ग्राम पिपलिया नाथावत में नारायण सिंह के मकान निर्माण कार्य में लगा हुआ था। बुधवार सुबह रेत से भरे डंपर को खाली करने के दौरान यह हादसा हुआ।ग्राम बरखेड़ा के उपसरपंच अशोक माली ने मीडिया को बताया कि निर्माण स्थल के ऊपर से बिजली के तार गुजर रहे थे,बावजूद इसके ठेकेदार द्वारा सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए। बताया गया कि मजदूर नरेंद्र को डंपर पर चढ़ाकर रेत खाली करने के लिए कहा गया।इसी दौरान डंपर चालक ने बिना ऊपर की स्थिति देखे वाहन को आगे-पीछे किया, जिससे डंपर ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों के संपर्क में आ गया और नरेंद्र करंट की चपेट में आ गया।

हादसे में गंभीर रूप से घायल नरेंद्र को तत्काल अस्पताल नीमच लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे।परिजनों का आरोप है कि यह हादसा ठेकेदार और डंपर चालक की लापरवाही के कारण हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में रेत परिवहन पर प्रतिबंध के बावजूद अवैध रूप से रेत लाई जा रही है।आशंका जताई जा रही है कि संबंधित डंपर के पास वैध रॉयल्टी भी नहीं होगी।

## भाजपा के गांव चलो बस्ती चलो अभियान का आगाज



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर

भाजपा द्वारा च्गांव चलो बस्ती चलोज अभियान जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में शुरू हुआ यह विशेष अभियान आगामी 12 अप्रैल तक जिले भर में निरंतर जारी रहेगा। इस अभियान के तहत जिले के तमाम जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्रों के लगभग 50 गांवों का दौरा करेंगे, जहाँ वे पार्टी की रीति-नीति और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य करेंगे।

अभियान के प्रथम चरण में क्षेत्रीय सांसद सुधीर गुप्ता ने मल्हारगढ़ और सुवासरा विधानसभा क्षेत्रों का सघन दौरा किया। सांसद गुप्ता ने मल्हारगढ़ विधानसभा के धुंधडका मंडल के ग्राम झावल, तुमड़ावदा और कुचडोद के साथ-साथ सुवासरा विधानसभा के भगोर एवं ईश्वरपुर (ईशाकपुर) में आयोजित ग्राम चौपालों में शिरकत की। इन चौपालों के माध्यम से उन्होंने न केवल वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया, बल्कि ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को भी सुना। भगोर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। यहाँ प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, लाड़ली लक्ष्मी और लाड़ली बहना योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के हितग्राहियों से संवाद कर लाभ का वितरण भी किया गया।

## वीर सावरकर को देश द्रोही बताने पर कांग्रेस पार्षद सलीम बागवान के खिलाफ केस दर्ज

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

नगर निगम के बजट सम्मेलन में मंगलवार को वीर सावरकर को देशद्रोही बताने पर वार्ड क्रमांक 24 के कांग्रेस पार्षद सलीम बागवान के खिलाफ स्टेशन रोड थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

वार्ड क्रमांक 22 के भाजपा पार्षद व एमआईसी सदस्य विशाल शर्मा की शिकायत पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 352 और 353(2) के तहत यह कार्रवाई की है। वर्तमान में इस टिप्पणी के बाद दोनों दलों (भाजपा और कांग्रेस) द्वारा एक-दूसरे के पुतले फूंके गए हैं और भाजपा सहित अन्य संगठन कांग्रेस पार्षद के खिलाफ हमलावर हो गए हैं।

मंगलवार को नगर निगम के बजट सम्मेलन में भाषण के दौरान कांग्रेस पार्षद सलीम बागवान ने वीर सावरकर को लेकर टिप्पणी की थी। इस कारण सम्मेलन में हंगामा हो गया। भाजपा पार्षदों ने कांग्रेस पार्षद से माफी मांगने को कहा, लेकिन उन्होंने माफी नहीं मांगी। हंगामा बढने पर निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा ने आधे घंटे के लिए सम्मेलन को स्थगित कर दिया था।

पुलिस को दी गई शिकायत में बताया गया कि साधारण सम्मेलन में सभी पार्षद अपनी-अपनी बात रख रहे थे। इस दौरान कांग्रेस पार्षद सलीम बागवान ने महापुरुष वीर सावरकर जी को वर्ग विशेष एवं देशद्रोही बताया। शिकायत के अनुसार, देश के महापुरुष वीर सावरकर जी ने आजादी की लड़ाई के अग्रसर क्रांतिकारी के रूप में अपनी विशिष्ट भूमिका निभाई थी और काले पानी की सजा तक की यातनाएं सही थीं।

शिकायत में आगे बताया गया कि, कांग्रेस पार्षद द्वारा साधारण सम्मेलन में सभी की उपस्थिति में ऐसे महापुरूषों को किसी पार्टी का नेता व देशद्रोही होने के साथ उनके द्वारा किसी को गोली मारना बताया। जो हमारे देश के क्रांतिकारियों को अपमान है। दर्ज रिपोर्ट में कहा गया है कि महापुरुष को देशद्रोही बताकर महान क्रांतिकारियों एवं उनमें आस्था रखने वाले देशवासियों का अपमान किया है। इससे नगर व जिले की धार्मिक एवं सामाजिक भावनाओं को भड़काकर अशांति फैलाने का काम किया गया है, जो दंडनीय अपराध है।

## ट्रक में घुसी तेज रफ्तार स्लीपर बस

**रतलाम।** रतलाम-इंदौर फोरलेन पर बिलपांक थाना क्षेत्र के रत्तागिरी फंटे के पास बुधवार सुबह करीब 7 बजे एक तेज रफ्तार प्राइवेट स्लीपर बस आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। जोधपुर से इंदौर जा रही गजराज ट्रेवल्स की इस बस में सवार राजस्थान (बाड़मेर) के 5 यात्री घायल हो गए। हादसे का कारण ट्रक का स्टीयरिंग फेल होना बताया जा रहा है। लोगों का कहना है कि सड़क पर रिपेयरिंग के बाद बारीक गिट्टी भी पड़ी हुई थी। वर्तमान में सातरुंडा चौकी पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को रतलाम मेडिकल कॉलेज में भर्ती करा दिया है और क्रेन की मदद से बस को सड़क से हटाकर मामले की जांच शुरू कर दी है। अचानक ब्रेक लगाने से घुसी जानकारी के अनुसार, गजराज ट्रेवल्स की प्राइवेट स्लीपर बस जोधपुर से आकर रतलाम होते हुए इंदौर जा रही थी।रत्तागिरी फंटे के टर्न के पास आगे चल रहे ट्रक ने अचानक से ब्रेक लगा दिए।

## पुलिस ने हौंडा कार से 166 किलो अवैध डोडा चूरा किया जब्त

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच



जिले में मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध विशेष अभियान के तहत 166 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा व एक सफेद रंग की होन्डा जैज कार क्र. डीएल 7 सी के 7931 को पकड़ने में पुलिस चौकी सरवानिया महाराज थाना जावद पुलिस को सफलता मिली हैद्य

अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध प्रदेश व्यापी नशाविरोधी अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक जिला नीमच श्री अंकित जायसवाल, व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिंह सिसौदिया एवं श्रीमान एसडीओपी जावद श्री रोहीत राठौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जावद निरीक्षक श्री विकास पटेल के नेतृत्व में अवैध मादक पदार्थ तस्करों एवं नशे के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत अवैध मादक पदार्थ 166 किलोग्राम अफीम डोडाचुरा जप्त करने मे चौकी सरवानिया महाराज थाना जावद ने सफलता प्राप्त की है ।

दिनांक 6 अप्रैल को पुलिस थाना जावद चौकी सरवानिया महाराज पर मुखबीर द्वारा एक सफेद रंग की होन्डा जैज कार से अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा तस्करी हेतु लेकर जाने की सूचना प्राप्त होने पर ग्राम लासुर-बागरेड रोड, गुलानिया भेरूबावजी के पास नाकाबंदी कि नाकाबन्दी की जाकर आरोपी के कब्जे से 166 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चुरा को एनडीपीएस एक्ट के आज्ञापक प्रावधानों का पालन करते हुए एक सफेद रंग की होन्डा जैज कार के चालक आरोपी दिनेश पिता शेराराम जाति जाट उम्र 28 साल निवासी ग्राम बिरसालू कला पुलिस थाना खेड़ापा जिला जोधपुर व रूघाराम पिता निम्बाराम जाति जाट उम्र 32 साल निवासी ग्राम बिरसालू कला पुलिस थाना खेड़ापा जिला जोधपुर राजस्थान के कब्जे से जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

आरोपी से जप्तशुदा अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा लाने ले जाने के स्त्रोतों के संबंध में पूछताछ की जा कर अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा उपलब्ध कराने वाले कालु उर्फ कारूलाल पिता बंशीलाल बंजारा निवासी रायसिंहपुरा पुलिस थाना नीमच सिटी जिला नीमच (म.प्र.) को भी सह आरोपी बनाया गया है ।

## न्यूज कालम



## चाकू मारकर युवक की हत्या करने वाले दोनों आरोपी गिरफ्तार

**मन्दसौर।** शहर थाना पुलिस ने स्थानीय गांधी चौराहा पर 5 अप्रैल की रात्रि में विवाद के चलते चाकू गोदकर युवक की हत्या कर भाग जाने वाले दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।प्राप्त जानकारी अनुसार 5 अप्रैल की रात्रि करीब 9.30 बजे आरोपी युवराज माली एवं रोहित चौहान के द्वारा अरुण वर्मा निवासी नरसिहपुरा मंदसौर को पुराने गाली गलौज के विवाद के चलते बातचीत हेतु गांधी चौराहे पर बुलाया था। जहां बातचीत के दौरान ही आरोपियों ने जान से मारने की नियत से अरुण वर्मा को चाकू मारकर घायल कर दिया था जिसकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। घटना के पश्चात से ही आरोपीगण फरार थे। पुलिस ने एसपी के मार्गदर्शन में अलग-अलग टीमें गठित कर रतलाम, अलीराजपुर, पेटलावद में आरोपियों को गिरफ्तार करने हेतु दबिश दी गई थी। अंततः प्रकरण के दोनो आरोपियों युवराज (19) पिता रवि माली निवासी कर्मचारी कॉलोनी अभिनंदन नगर मन्दसौर एवं रोहित (23) पिता शंकरलाल चौहान निवासी अलावदाखेडी मंदसौर को गिरफ्तार कर लिया है।

## आंधी-तूफान के बीच नाव से गिरने से युवती की मौत

**मंदसौर।** जिले में मंगलवार की शाम और रात आए विनाशकारी आंधी-तूफान ने तबाही मचाई है। तेज हवाओं के तांडव से जहां जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया, वहीं एक हृदयविदारक हादसे में 24 वर्षीय युवती की जान चली गई। जानकारी के अनुसार, ग्राम कुशालपुरा निवासी आशा पिता कन्हैयालाल सूर्यवंशी ग्राम खात्याखेड़ी में एक विवाह समारोह में सम्मिलित होने जा रही थी। सफर के दौरान जब वह ग्राम ढौरीं के समीप मोटर बोट (स्टीमर) से नदी पार कर रही थी, तभी आए भीषण अंधड़ के कारण नाव अनियंत्रित होकर डोलने लगी। हवा के थपेड़ों से बोट का संतुलन बिगड़ा और आशा गहरे पानी में जा गिरी। हादसे की खबर मिलते ही प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। नाहरगढ़ थाना पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों और एसडीईआरएफ की टीम के साथ मिलकर तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। अंधेरे और खराब मौसम के बीच घंटों चली कड़ी मशक्कत के बाद देर रात युवती का शव नदी से बरामद किया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए नाहरगढ़ स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया।

## 6 माह से 1 वर्ष के लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से करें निराकरण- कलेक्टर

**मन्दसौर।** जिले में राजस्व प्रकरणों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण को लेकर कलेक्टर अदिती गर्ग लगातार सक्रिय रूप से मॉनिटरिंग कर रही हैं। इसी क्रम में बुधवार को कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने धुंधडका स्थित नायब तहसीलदार न्यायालय का आकस्मिक निरीक्षण किया और वहां लंबित प्रकरणों की स्थिति का विस्तृत अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने न्यायालय में लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि 6 माह से 1 वर्ष तक के लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रकरण आमजन से सीधे जुड़े होते हैं, इसलिए इनमें अनावश्यक विलंब कतई स्वीकार्य नहीं होगा। कलेक्टर ने 3 माह से 6 माह तक लंबित मामलों को भी जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रतिदिन नियमित रूप से न्यायालय में बैठकर प्रकरणों की सुनवाई करें और समयबद्ध तरीके से उनका समाधान सुनिश्चित करें। भूमि आवंटन से जुड़े प्रकरणों पर विशेष ध्यान देते हुए कलेक्टर ने कहा कि इन मामलों को किसी भी स्थिति में लंबित न रखा जाए। उन्होंने नामांतरण, सीमांकन सहित अन्य राजस्व प्रकरणों की भी समीक्षा की और सभी मामलों में पारदर्शिता एवं गति बनाए रखने पर जोर दिया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन, एसडीएम मंदसौर शुभम पाटीदार, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार भी उपस्थित रहे।

## समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर युवक मोबइल टावर पर चढ़ा

**नीमच।** प्रशासन को कई आवेदन के बाद भी अपनी समस्याओं के समाधान नहीं होने से परेशान युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया द्य बुधवार को हुई इस घटना ने प्रशासन को एक बार फिर सकते में डाल दियाद्य नीमच जिले के सुवाखेड़ा गांव से एक बार फिर अपनी मांगों को लेकर युवक के 120 फिट ऊपर टावर पर चढ़ जाने का चिंताजनक मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार गांव निवासी कमलेश दांगी एक बार फिर मोबाइल टावर पर चढ़ गया है द्य बताया जा रहा है कि युवक कमलेश दांगी पूर्व में भी अपनी समस्याओं को लेकर टावर पर चढ़ गया था। उस समय प्रशासन और स्थानीय लोगों की समझाइश के बाद उसे सुरक्षित नीचे उतार लिया गया था। लेकिन इस बार भी उसकी मांगों पर अब तक कोई सुनवाई नहीं होने से नाराज होकर उसने फिर से यही कदम उठाया है। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंच गई है।

## इंदिरा नगर पार्क वाली सड़क का निर्माण शीघ्र, नपा ने किया निरीक्षण

**नीमच।** नगरपालिका परिषद,नीमच के इंदिरा नगर रहवासी क्षेत्र में वार्ड क्रमांक 9 एवं 7 के अंतर्गत आने वाली मुख्य सड़क पर डामरीकरण निर्माण को लेकर नगर पालिका लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता 6इंजीनियर8दीपक मुवेल,इंजीनियर श्री पांचोली ,इंजिनियर अर्जुन राठौर, हिमांशु टांकवाल ने मंगलवार शाम पांच बजे वार्ड क्रमांक 9 के अंतर्गत संजय श्रीवास्तव के मकान से विजडम स्कूल तक एवं वार्ड क्रमांक ७ में विजडम स्कूल से सरदार सिंह गुर्जर के मकान तक की मुख्य सड़क पर डामरीकरण निर्माण कार्य को लेकर मोका निरीक्षण किया ।इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 9 पार्षद हरगोविंद दीवान, वार्ड क्रमांक 7 पार्षद श्रीमती सुमित्रा-मुकेश पोरवाल उपस्थित थे। दोनों पार्षदों ने बताया कि इंदिरा नगर क्षेत्र की यह सड़क दो वार्डो में स्थित है, जो विगत काफी वर्षों से जर्जर और उबड खाबड़ स्थिति में पड़ी हुई है। मुख्य सड़क होने की वजह से इस मार्ग से प्रतिदिन सेकडो लोगों का आना-जाना लगा रहता है।

## टेंडर के एक माह बाद भी ठेकेदार ने शुरू नहीं किया काम, सड़क से निकलना भी मुश्किल

**सारंगपुर।** समीपस्थ ग्राम कांकरिया मीणा से निकली करीब 5 किमी में सडक निर्माण को लेकर पीएम सड़क विभाग की लापरवाही और ठेकेदार की उदासीनता का मामला सामने आया है। करीब एक महीने पहले सडक निर्माण के लिए टेंडर जारी किया गया था, लेकिन आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। परिणामस्वरूप सैकड़ो ग्रामों के लोग आज भी जर्जर सडक का प्रयोग करने को मजबूर हैं। गौरतलब है कि कांकरिया मीणा के मुख्य मार्ग का नवीनीकरण करते हुए डामरीकरण करने के लिए विभाग द्वारा करीब एक महीने पहले टेंडर के जारी किया गया था। उसके बाद भी ठेकेदार द्वारा इस मार्ग को डामकरीकृत बनाने का काम अब-तक शुरू नहीं किया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह जर्जर सड़क पूरी तरह गड्ढो में तब्दील हो गई है। ऐसे में पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है, वहीं दोपहिया और चारपहिया वाहन तो यह से हिचकोले खाते हुए जाते हैं। स्कूल जाने वाले बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पडता है। कई बार तो बीमार व्यक्तियों को अस्पताल तक ले जाने में भी भारी परेशानी होती है। ग्रामीण विशाल सिंह, मनोहर प्रजापति के अनुसार सडक निर्माण के लिए लंबे समय से मांग की जा रही थी। आखिरकार पीएम सड़क विभाग ने टेंडर प्रक्रिया पूरी कर सडक निर्माण की स्वीकृति दी, जिससे हम लोगों में उम्मीद जगी थी कि अब उनकी समस्या का समाधान होगा। लेकिन एक महीना बीत जाने के बाद भी जब काम शुरू नहीं हुआ, तो हम लोगों में आक्रोश बढने लगा है। इसके अलावा कई बार अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन हर बार आश्वासन देकर मामला टाल दिया जाता है।

### सारंगपुर के किसान रोज जला रहे नरवाई

## सरकार का जागरुकता अभियान हुआ फेल, प्रशासन को बड़े स्तर पर लेना होगा एक्शन



**सारंगपुर।** सारंगपुर विकासखंड में प्रशासनिक सख्ती और जागरूकता अभियानों के बावजूद किसान नरवाई जलाना बंद नहीं कर रहे हैं। खास बात ये है कि क्षेत्र में नरवाई जलाने की घटनाएं सामने आ रही हैं। इसके बाबजूद भी प्रशासन ने बड़े स्तर पर कोई एक्शन नहीं लिया। क्षेत्र के नेशनल हाइवे किनारों सटे खेतो से कांकरिया, कांचरिया, तारागंज, तलेनी, बिलोदा, धनोरा, नारायणपुर सहित कई गांवों में प्रतिदिन खेतों में आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। नरवाई जलाने से आसपास के पेड-पौधों को नुकसान होता है और कई बार आग फैलकर वन क्षेत्रों तक पहुंच जाती है, जिससे बडे नुकसान का खतरा बना रहता है।

## 12 अप्रैल तक आ सकता है 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम

**सारंगपुर।** एमपी बोर्ड 10वीं और 12वीं के छात्रों का इंतजार अब जल्द खत्म होने वाला है। परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन कार्य लगभग पूरा हो चुका है। भोपाल से राजगढ़ जिले में भेजी गई कॉपियों का मूल्यांकन भी पूर्ण कर लिया है। माध्यमिक शिक्षा मंडल इस वर्ष 15 अप्रैल से पहले परीक्षा परिणाम घोषित करने की तैयारी में है। संभावित तौर पर रिजल्ट 12 अप्रैल तक जारी किया जा सकता है। स्कूल शिक्षा विभाग के अनुसार सभी आवश्यक प्रक्रियाएं अंतिम चरण में हैं और इस बार पूरी सतर्कता के साथ त्रुटिरहित परिणाम जारी करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बीईओ सुरेश विरमाल ने बताया कि संभावना है कि 4 से 5 दिनो के भीतर बोर्ड परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम घोषित किया जाएगा।

## बस स्टैंड की जगह सड़क पर रोक रहे बसें, जाम लगने से लोग परेशान



**सारंगपुर।** बस स्टैंड के बाहर सड़क पर अव्यवस्थाओं के कारण आए दिन जाम लग रहा है। बस चालकों ने मुख्य सड़क को ही बस स्टैंड बना रखा है। अधिकांश बसें बस स्टैंड की मुख्य सड़क पर देर-देर तक यात्रियों के इंतजार में खड़ी रहती हैं। इससे हर आधे घंटे में जाम की नौबत आ जाती है, इस व्यवस्था को दूर करने के लिए प्रशासन को कोई कारगर कदम उठाने की जरुरत है। ताकि जाम की समस्या न बढ़े। वैसे सारंगपुर नगर का बस स्टैंड लंबे समय से अव्यवस्था का शिकार है। यहां से प्रतिदिन इंदौर, भोपाल, गुना, ग्वालियर, आगर, शुजालपुर, कुरावर के लिए बसें जाती हैं। अधिकतर बसें बस स्टैंड पर आते-जाते समय मुख्य सड़क पर जगह-जगह रूकती हैं। इससे यात्रियों को चढ़ने और उतरने के कारण जाम लग जाता है, लेकिन इन बस चालकों को जाम लगने की समस्या से कतई सरोकार नहीं रहता है। जाम लगने के कारण कई दुर्घटनाएं भी घट चुकी हैं फिर भी प्रशासन इस समस्या को हल करने में रुचि नहीं दिखा रहा है। इस संबंध में एसडीओपी अरविंद सिंह का कहना है कि बस स्टैंड पर जाम लगने की समस्या को दूर करने के लिए आगामी दिनों में बेहतर व्यवस्था बनाई जाएगी ताकि यह समस्या न रहे।

## नगरपालिका ने बंद शुल्क पुनः चालू करने का निर्णय लिया

**महिदपुर।** न.पा. की बजट बैठक न.पा. अध्यक्ष श्रीमती नानीबाई प्रकाश माली की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें नामांतरण प्रकरणों में शुल्क रजिस्ट्री शुल्क का एक प्रतिशत या न्यूनतम 4000 करने का निर्णय लिया। बाजार बैठक सब्जी मण्डी शुल्क जो बंद था पुनः शुरू करने का निर्णय लिया गया जो 10 रुपये प्रतिदिन होगा। पशु पंजीयन शुल्क 10 रुपये से वृद्धि कर 30 रुपये निर्धारित किया गया। पशु वध शुल्क 10 से 50 रुपये किये गये। डॉ. अम्बेडकर भवन, सामुदायिक भवनों का शुल्क प्रतिदिन का तय किया गया। इस प्रकार की वृद्धि पर आपत्तियां 15 दिन में आमंत्रित की गई है। इसके पश्चात नई शुल्क वृद्धि प्रभावशील हो जावेगी।

### भारतीय जनता पार्टी अन्य राजनीतिक दलों की तरह मात्र सत्ता पाने के लिए सत्ता में नहीं आना चाहती - पूर्व विधायक गोयल

# भाजपा राष्ट्रवाद की विचारधारा से संचालित- गोयल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तराना







भारतीय जनता पार्टी अन्य राजनीतिक दलों की तरह मात्र सत्ता पाने के लिए सत्ता में नही आना चाहती बल्कि यह बड़ा आंदोलन का अंग है जो कि राष्ट्रवाद की विचारधारा से संचालित है।जिसका उद्देश्य भारी का सवार्गीण विकास और राष्ट्र का पुनर्निर्माण है।जब हम भाजपा के नाते आंकलन करते है तो हम अपनी उपलब्धियों पर गौरव की अनुभूति करते है।भारतीय जनता पार्टी अपनी विचारधारा कार्य पद्धत्ति ओर कार्यो के कारण एक विशिष्ठ राजनीतिक दल बन गया है।यह बात भाजपा नगर मंडल तराना द्वारा भारतीय जनता पार्टी का 47 वा स्थापना दिवस स्थानिय शर्मा परिसर पर में आयोजित कार्यक्रम में पुर्व विधायक ताराचंद गोयल ने कही।कार्यक्रम में मुख्यातिथ्य एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अब्बास भाई बोहरा,जिला उपाध्यक्ष ज्योति पलोड़,व्यापारी प्रकोष्ठ जिला संयोजक प्रह्लाद जाजू,भाजपा नेता जगदीश वर्मा,स्थापना दिवस कार्यक्रम प्रभारी सुशील डोडिया(रिंकू) के विशेष आतिथ्य एवं मंडल अध्यक्ष आकाश बोड़ाना की मौजूदगी में पार्टी का ध्याजरोहण कर एवं पार्टी के पित्र पुरुष डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय पूर्व प्रधानमंत्री अटल के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।अतिथियों का स्वागत मंडल पदाधिकारीयो द्वारा किया गया।इस अवसर पर राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा स्थापना दिवस के अवसर पर संदेश पत्र जारी किया गया जिसका वाचन मंडल अध्यक्ष बोड़ाना द्वारा किया गया।

इस अवसर पर ज्योति पलोड़,प्रह्लाद जाजू,विजय जायसवाल, नरेंद्र बिलडा,महेश जोशी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।स्थापना दिवस के अवसर पर नगर में निवासरत मीसाबंदी का निवास पर जाकर सम्मान किया गया।एवं कार्यकर्ताओ द्वारा अपने निवास पर पार्टी का ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता,जनप्रतिनिधिगण, मंडल पदाधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन महामंत्री नरेंद्र सोलंकी ने किया। आभार सचिन बोड़ाना ने माना। जानकारी सचिन बोड़ाना ने दी।

### सुसनेर

भाजपा मंडल द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 अंतर्गत आयोजिय प्रशिक्षण शिविर का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। जिसमें मण्डल के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। अंतिम दिन तीन सत्र हुए। पहले सत्र में मीसाबंदी गोवर्धन शुक्ला की अध्यक्षता में मुख्य वक्ता प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी जयदीप पटेल ने बूथ प्रबंधन एवं मन की बात विषय पर सम्बोधित करते हुए सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं से संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने, बूथ स्तर को मजबूत करने और आगामी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया। पटेल ने कहा कि कार्यकर्ताओं के एकजुट होकर कार्य करने से संगठन और अधिक सशक्त बनेगा।

द्वितीय सत्र में वरिष्ठ नेता वेदप्रकाश भट्ट की अध्यक्षता में मुख्य वक्ता वरिष्ठ भाजपा नेता धीरेंद्र पांडे ने भारतीय जनता पार्टी की कार्य पद्दति पर विचार व्यक्त करते हुए कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यशैली और आगामी योजनाओं के बारे में विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। समापन सत्र में जिला उपाध्यक्ष डॉ गजेंद्रसिंह की अध्यक्षता में हुआ, जिसमें मुख्य वक्ता मण्डल प्रभारी श्रीमति आभा अरोड़ा चोपड़ा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अभियान की जानकारी दी और जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने पर जोर दिया।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय, पूर्व विधायक द्वय बद्रीलाल सोनी, राणा विक्रम सिंह, जिला महामंत्री मयंक राजपूत, लोकतंत्र सेनानी अध्यक्ष नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी कैलाश नारायण बजाज, किसान मोर्चा पूर्व जिलाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह काँवल, अजा मोर्चा पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ बीएस वर्मा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष मांगीलाल सोनी व महेश शर्मा, प्रशिक्षण प्रभारी भूपेंद्र शास्त्री, मण्डल अध्यक्ष डॉ सौरभ जैन, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजपाल सिंह कलारिया, सांसद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया, पवन शर्मा, भाजपा नेता महावीर जैन सालरिया, राकेश जैन खूपवाला, पूर्व पार्षद राकेश जैन मेडिकल, महामंत्री कालुसिंह नाहरखेड़ा, अंशुल जैन, विनय शर्मा, गोविंद माली सहित पार्षदगण, मण्डल पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन महामंत्री लखन सेन ने किया। जानकारी दीपक जैन ने दी।

### जिला किसान कांग्रेस ने कृषि उपज मंडी में किसानों के बीच पहुंच कर

# समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी करने एवं गेहूं का भाव 3 हजार करने को लेकर दिया ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान के नेतृत्व में मंगलवार को किसानों एवं कांग्रेस जनो ने कृषि उपज मंडी पहुंचकर किसानों के बीच जाकर मंडी सचिव श्री अरविंद परिहार को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में कहा गया की वर्तमान में प्रदेश के किसानों को गेहू खरीदी एवं समर्थन मूल्य से संबंधित कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत किसान अपनी उपज का विक्रय नहीं कर पा रहा है जिससे उन्हें कृषि संबंधी कार्यों के साथ-साथ आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

ज्ञापन व प्रेस वार्ता में प्रमुख रूप से मांग की गई की गेहूं की एसपी समर्थन मूल्य पर तत्काल खरीदी चालू की जाए,पराली जलाने वाले किसानों पर जो मुकदमे दर्ज किए गए उन्हें निरस्त किया जाए,गेहूं का भाव 3000 रुपए प्रति क्विंटल किया जाए,सोसाइटी ऋण जमा करने की तिथि बढ़ाई जाए,मंडी में व्याप्त व्यवस्था में सुधार किया जाए,फसल विक्रय के बाद तुरंत भुगतान किया जाए ।

ज्ञापन के पूर्व विश्वजीत सिंह चौहान ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि हम आपके माध्यम से विभिन्न मांग कर रहे है पराली जलाने को लेकर जिन किसानों पर प्रकरण दर्ज किए गए हैं उन्हें तत्काल वापस किया जाए क्योंकि अब गेहूं की कटाई आधुनिक पद्धति से होती है इसलिए गेहूं की कटाई मशीन से होने पर खेत में गेहूं के ठूठ रह जाते हैं उन्हें जलाने के अलावा किसान के पास कोई विकल्प नहीं है या तो सरकार उन्हें निशुल्क रूप से मशीन उपलब्ध कराए जिससे वह गेहूं कटाई के बाद खेत साफ कर सके। इसी के साथ कहा कि किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में हम किसानों के हक में लगातार आवाज उठाते रहे है और उठाते रहेंगे किसान को न्याय दिला कर रहेंगे ।

इस अवसर पर शहर अध्यक्ष प्रयास गौतम मनोज राजानी पूर्व महापौर जय सिंह ठाकुर प्रदीप चौधरी तंवर सिंह चौहान भगवान सिंह चावड़ा शोकत हुसैन विक्रम मुकाती सुधीर शर्मा मुकेश पटेल प्रेम पटेल ईश्वर सिंह अकालिया ब्रजराज सिंह महेंद्र सिंह रामगढ़ अशोक गोयल दिलीप सोलंकी इम्तियाज भल्लू अक्षय बाली डॉ रितेश शर्मा पृथ्वीराज पाटीदार रजनीश पटेल राकेश खोवारे सुनील यादव जयराम मालवीय कुंदन पटेल राहुल पटेल श्याम नारियाखेड़ा मोहित धारा सिंह हुकम सिंह राहुल उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन किसान एवं युवा साथी उपस्थित थे।

## ग्रीष्म ऋतु के पूर्व वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की सफाई, नियमित जलप्रदाय जांच

### प्रत्येक मंगलवार को हो रही है जल सुनवाई

**महिदपुर।** ग्रीष्म ऋतु के पूर्व नगरपालिका द्वारा जलप्रदाय के संबंध में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रही हैं। जल कार्य शाखा की टीम द्वारा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की विशेष सफाई की गई है एवं वेस्टेज वाटर ड्रेन की सफाई कर निकासी व्यवस्था को सद्दढ़ किया गया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजा यादव ने चर्चा में बताया कि निकाय के फिल्टर प्लांट प्रयोगशाला में नियमित जांच की जा रही है, जांच रिपोर्ट अनुसार समुचित क्लोरीनेशन, फिल्टरेशन के उपरांत ही नगर में पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। माह में एक बार जलप्रदाय नमूनों की जांच लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उज्जैन की प्रयोगशाला में कराई जा रही है, ताकि पेयजल गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। इसके अतिरिक्त भी नागरिकगण जल नमूनों की जांच नगरपालिका में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित जल सुनवाई में करा सकते हैं। विदित हो कि शासन के निर्देश पालन में प्रत्येक मंगलवार को नगरपालिका में जलसुनवाई का आयोजन कर जल नमूनों की जांच एवं जलप्रदाय से संबंधित शिकायतों को समाधान किया जा रहा है। नगर में अमृत 2.0 योजना के तहत सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्वीकृत है, जिसमें क्षिप्रा नदी में मिलने वाले नालों का पानी का ट्रीटमेंट किया जाना शामिल है, योजना हेतु चयनित निविदाकार द्वारा कार्य की ड्राइंग-डिजाईन तैयार की जा रही है। इसी प्रकार अमृत 2.0 जलप्रदाय योजना अंतर्गत नवीन पाईपलाईन एवं इंटेकवेल स्वीकृत है, जिससे नगर की जलप्रदाय क्षमता का उन्नयन होगा। योजना के कार्यों की ड्राइंग-डिजाईन तैयार अनुमोदन हेतु प्रेषित की गई हैं।



## मुस्कान अभियान में पुलिस की बड़ी सफलता, 8 घंटे में मिली गुमशुदा बालिका

**सुसनेर।** मुस्कान अभियान के तहत सुसनेर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गुमशुदा नाबालिग बालिका को महज 8 घंटे के भीतर सकुशल दस्तयाब कर सराहनीय कार्य किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 6 अप्रैल 2026 को एक महिला द्वारा अपनी नाबालिग बालिका के गुम होने की रिपोर्ट थाना सुसनेर में दर्ज कराई गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर तत्काल जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविन्द्र कुमार बोयट एवं एसडीओपी देवनारायण यादव के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी निरीक्षक अक्षयसिंह बैस के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने क्षेत्र में सघन तलाश अभियान चलाते हुए बस स्टैंड, सार्वजनिक स्थलों एवं संभावित मार्गों पर पूछताछ की। इसके साथ ही आसपास लगे उउळश कैमरों के फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया गया और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्ध गतिविधियों को चिन्हित किया गया। लगातार प्रयासों के चलते पुलिस टीम ने नाबालिग बालिका को थाना कानड़ क्षेत्र से सुरक्षित बरामद कर लिया। इस पूरी कार्रवाई में पुलिस की सजगता, त्वरित समन्वय और तकनीकी संसाधनों के प्रभावी उपयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यवाही में थाना प्रभारी अक्षयसिंह बैस के नेतृत्व में उपनिरीक्षक जितेन्द्र झा, धर्मेन्द्र पाटीदार, प्रधान आरक्षक जगदीश गुजराती, आरक्षक पवन जावरिया, गिरीराज जामलिया एवं महिला आरक्षक मोना राजपूत की सराहनीय भूमिका रही।

## भाजपा का 47 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

**महिदपुर** । विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी का 6 अप्रैल को स्थापना दिवस एवं ध्वजारोहण हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पूजन, दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर शुभारंभ जिला उपाध्यक्ष पंकज यादव,मंडल अध्यक्ष श्रीमती उमा पांडे, महामंत्री दिनेश ग्रोवर ,वरिष्ठ सुधीर मुणत द्वारा किया गया। जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी की स्थापना को लेकर पार्टी आला कमान का संदेश मंडल के मंत्री श्रीपाल राठी द्वारा वाचन किया गया। भारतीय जनता पार्टी के ध्वज का ध्वजारोहण वरिष्ठजनों द्वारा किया गया वंदे मातरम गान के बाद जयकारे लगाए गए । भारतीय जनता पार्टी स्थापना के 47 वी वर्षगांठ के अवसर पर महिदपुर मण्डल द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी के अंतर्गत नगर के वरिष्ठ जनसंघ व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओ , लोकतंत्र सेनानीगण - नरेन्द्र चैधरी , कांतिलाल राठी , बाबूलाल परमार , राजेन्द्र यादव, गिरधारीलाल उथरा का उनके प्रतिष्ठान, निवास पर जाकर दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया गया।

## जनसुनवाई में अनुपस्थित अधिकारियों पर 2-2 हजार का जुर्माना

**ब्यावरा-राजगढ़** । कलेक्टर डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा ने जिला मुख्यालय पर मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में अनुपस्थित रहने पर संबंधित अधिकारियों पर 2-2 हजार रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया है। जिनमें ईई पीडब्ल्यूडी, ईई डब्ल्यूआरडी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजगढ़ पवन अवस्थी, आबकारी अधिकारी रितेश लाल ठाकुर, मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल, जीएम सीसीबी सहकारिता, उप संचालक पशुपालन एवं जिला योजना अधिकारी के.के. राज आदि शामिल है।

## अपहृत नाबालिग बालिका को आरोपी को भोपाल बस स्टैंड से किया गिरफ्तार

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के कुरावर थाना अंतर्गत ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत नाबालिग बालक-बालिकाओं की खोजबीन हेतु कुरावर पुलिस ने लगातार प्रयास किए। जिसके तहत अपहत नाबालिग बालिका को भोपाल बस स्टैंड से सुरक्षित ढूंढकर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग बालिका बिना बताए घर से कहीं चली गई। जिस पर थाना कुरावर में अपराध क्रमांक 103/2026, धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए टीम गठित की और संभावित ठिकानों पर तलाश प्रारंभ की। तकनीकी साक्ष्यों एवं विश्लेषण तथा प्रयासों के फलस्वरूप पुलिस ने भोपाल बस स्टैंड से बालिका को ढूंढ लिया। इस दौरान आरोपी शुभम वंशकार पिता पप्पूलाल वंशकार 20 वर्ष निवासी सूरजपोल, नरसिंहगढ़, जिला राजगढ़ को गिरफ्तार किया। बालिका के कथनों के आधार पर आरोपी के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### पति के साथ बाइक से लौटते समय हुआ हादसा, चार माह पहले ही हुई थी शादी

# कमलिया बायपास पर दर्दनाक हादसा: गर्भवती नवविवाहिता की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



शहर के कमलिया बायपास पर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में 24 वर्षीय गर्भवती नवविवाहिता की मौत हो गई। महिला अपने पति के साथ बाइक से डॉक्टर को दिखाकर वापस गांव लौट रही थी, तभी यह हादसा हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सलमा बी 24 वर्ष, पति शाहरुख खान निवासी अलीसरिया, अपने पति के साथ मोटर साइकिल पर सवार होकर शुजालपुर से गांव लौट रही थी। कमलिया बायपास स्थित एक निजी अस्पताल के समीप उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई, जिससे पीछे बैठी सलमा सड़क पर गिर गई। इसी दौरान सामने से आ रही तूफ ान वाहन क्रमांक एमपी 04- 20बी 5440 की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

### ब्रेक लगाने से बिगड़ा संतुलन

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक के आगे चल रहे एक अन्य वाहन ने अचानक ब्रेक लगाया, जिससे शाहरुख खान ने भी तेज ब्रेक लगाया। इससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया और सलमा सड़क पर गिरकर सामने से आ रही चार पहिया वाहन की चपेट में आ गई। हादसे के बाद वाहन चालक ने भी बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। टक्कर के बाद चार पहिया वाहन भी सड़क से नीचे उतर गया। हादसे के तुरंत बाद गंभीर अवस्था में सलमा को पास के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल शुजालपुर भिजवाया।

### चार माह पहले ही बंधी थी शादी के बंधन में

बताया जा रहा है कि मृतका मूल रूप से बिहार की रहने वाली थी और करीब चार माह पूर्व ही उसका निकाह शाहरुख खान से हुआ था। महिला के गर्भवती होने की भी जानकारी सामने आई है। हादसे की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर फैल गई और बड़ी संख्या में परिजन व ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए।

## सुगन बाई का निधन



**तराना।** तेजाजी मंदिर के पंडा जी तेजकरण भाटी की पत्नी सुगन बाई(70) का निधन हो गया है।मंगलवार को निवास स्थल पांडा कॉलोनी से दोपहर 2 बजे अंतिम यात्रा निकाली गई। जिसमें रहवासी परिजन आदि ने शामिल होकर शांतिवन में श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस साल खरमास 15 मार्च से शुरू हुआ था, जो करीब एक महीने तक रहता है। 14 अप्रैल को सूर्य के मेष राशि में प्रवेश करते ही इसका समापन हो जाएगा। इसके बाद सभी शुभ और मांगलिक कार्य फिर से शुरू हो जाते हैं।



# कब समाप्त हो रहा है खरमास? जानें कब से दोबारा शुरू होंगे मांगलिक कार्यक्रम

हिंदू धर्म में किसी भी शुभ या मांगलिक कार्य को करने से पहले सही मुहूर्त का चयन बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। मान्यता है कि उचित समय पर किए गए कार्य सफल और फलदायी होते हैं। इसी संदर्भ में जब सूर्य देव गुरु ग्रह बृहस्पति की राशियों धनु या मीन में प्रवेश करते हैं, तो खरमास की शुरूआत होती है। यह अवधि वर्ष में दो बार आती है। इस साल खरमास 15 मार्च से शुरू हुआ था, जो करीब एक महीने तक रहता है। 14 अप्रैल को सूर्य के मेष राशि में प्रवेश करते ही इसका समापन हो जाएगा। इसके बाद सभी शुभ और मांगलिक कार्य फिर से शुरू हो जाते हैं।

### कब खत्म हो रहा है खरमास?

पंचांग के अनुसार,14 अप्रैल 2026 को सुबह 9 बजकर 38 मिनट पर सूर्य मेष राशि में प्रवेश करेंगे, जिस-के साथ ही खरमास समाप्त हो जाएगा।

### खरमास में क्यों टालते हैं शुभ कार्य?

ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार जब सूर्य गुरु की राशियों में होता है, तब गुरु ग्रह की स्थिति कमजोर मानी जाती है। इसी कारण इस अवधि में विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, जनेऊ और अन्य संस्कारों जैसे शुभ कार्यों से परहेज किया जाता है। साथ ही नया कारोबार शुरू करना, दुकान खोलना, संपत्ति या वाहन खरीदना भी इस दौरान शुभ नहीं माना जाता।

### अप्रैल 2026 के विवाह मुहूर्त

खरमास खत्म होने के बाद अप्रैल में कई विवाह के लिए शुभ तिथियां मौजूद हैं। इस महीने 15, 20, 21, 25, 26, 27, 28 और 29 अप्रैल को विवाह के लिए शुभ दिन माने गए हैं।

### मई-जुलाई 2026 विवाह मुहूर्त

मई में विवाह के लिए 1, 3, 4, 8, 9, 10, 15, 16, 17, 21, 22 और 23 तारीखें शुभ हैं।

जून में 2, 3, 4, 5, 11, 12, 14, 23, 24 और 30 तिथियां अनुकूल हैं।

जुलाई में 1, 5, 6, 7 और 15 तारीख को विवाह के शुभ योग बन रहे हैं।

### अप्रैल-जुलाई गृह प्रवेश के शुभ मुहूर्त

अप्रैल में 20 तारीख को गृह प्रवेश के लिए अच्छा मुहूर्त है।
मई में 4, 8 और 13 तारीख उपयुक्त मानी गई हैं।
जून में 24, 26 और 27 तारीख शुभ हैं।
जुलाई में 1, 2 और 6 तारीख को गृह प्रवेश किया जा सकता है।

# कुंडली में ये युति बनती है तनाव और डिप्रेशन का कारण, समय रहते करें ये उपाय

ज्योतिष शास्त्र मानता है कि मानसिक उतार-चढ़ाव के पीछे हमारी कुंडली में ग्रहों की स्थिति और उनकी विशेष युति का गहरा असर हो सकता है, जो सीधे हमारे मन और भावनाओं को प्रभावित करती है। आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।




ज्योतिष में यह माना जाता है कि व्यक्ति के जीवन में घटने वाली छोटी-बड़ी घटनाओं का संबंध उसकी कुंडली में मौजूद ग्रहों की स्थिति से जुड़ा होता है। जीवन की खुशियां, परेशानियां और उतार-चढ़ाव सब कुछ किसी न किसी रूप में कुंडली में दिखाई देते हैं। खास बात यह है कि इन समस्याओं के समाधान के संकेत भी उसी कुंडली में छिपे होते हैं।

ज्योतिष के अनुसार जब कुछ ग्रह एक साथ विशेष स्थिति बनाते हैं, तो उसका असर व्यक्ति के मन और व्यवहार पर साफ दिखाई देता है। कई बार यही स्थितियां मानसिक तनाव, बेचैनी और डिप्रेशन जैसी समस्याओं को जन्म देती हैं। आइए जानते हैं कि डिप्रेशन के पीछे कौन से ग्रह जिम्मेदार होते हैं और इससे बचने के लिए कौन से उपाय किए जा सकते हैं।

### राहु-चंद्र की युति और मानसिक प्रभाव

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार चंद्रमा मन और भावनाओं का प्रतिनिधित्व करता है, जबकि राहु को अशुभ और प्रभावशाली ग्रह माना जाता है। जब कुंडली में राहु और चंद्रमा एक साथ आते हैं, तो इसे ग्रहण योग कहा जाता है। यह योग व्यक्ति के मन को अस्थिर बना सकता है, जिससे तनाव, नकारात्मक सोच और निराशा बढ़ने लगती है।

अगर यह युति कुंडली के तीसरे भाव में बनती है, तो इसका प्रभाव और गहरा हो सकता है। व्यक्ति आत्मविश्वास की कमी महसूस करता है, निर्णय लेने में कठिनाई होती है और धीरे-धीरे वह निराशावादी सोच की ओर बढ़ सकता है। ऐसे लोगों में चिड़चिड़ापन बढ़ जाता है और कई बार वे खुद को अकेला महसूस करने लगते हैं।

### इन उपायों से मिल सकती है राहत

- यदि आप लंबे समय से मानसिक तनाव या आत्मविश्वास की कमी महसूस कर रहे हैं, तो ज्योतिष में बताए गए कुछ उपाय सहायक हो सकते हैं।
- भगवान शिव की ऐसी प्रतिमा की पूजा करें, जिसमें वे अपने मस्तक पर चंद्रमा धारण किए हुए हों।
- विशेष रूप से सोमवार के दिन पूजा करना लाभकारी माना जाता है।
- लगातार 7 सोमवार तक यह पूजा करने से सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकता है।
- पूजा के दौरान 'रुद्राष्टकम' का पाठ करने से मन को शांति मिलती है और नकारात्मकता धीरे-धीरे कम होती है।

# दो लड्डू गोपाल घर में रखें या नहीं? जानिए सही तरीका और नियम

कई घरों में लड्डू गोपाल की प्रतिमा को परि-वार के सबसे छोटे सदस्य की तरह मान कर उनकी सेवा की जाती है। लड्डू गोपाल को घर में स्थापित करना एक बड़ी जिम्मेदारी माना जाता है, क्योंकि उनकी सेवा में लापरवाही करने से पूजा का पूर्ण फल नहीं मिलता। हालांकि घर में दो लड्डू गोपाल रखने को लेकर कई तरह की मान्यताएं और भ्रम भी सामने आते हैं। कुछ लोग इसे सही मानते हैं, तो कुछ इसे उचित नहीं समझते। ऐसे में आइए जानते हैं कि घर में एक से अधिक लड्डू गोपाल रखना उचित है या नहीं।

**क्या घर में दो लड्डू गोपाल रखना सही है?:** धार्मिक दृष्टि से घर में लड्डू गोपाल को स्थापित करना शुभ माना जाता है। यदि आप पूरी श्रद्धा और नियमों के साथ उनकी सेवा कर सकते हैं, तो एक से अधिक मूर्तियां रखना भी स्वीकार्य है। आप अपनी क्षमता और सुविधा के अनुसार एक या दो लड्डू गोपाल रख सकते हैं, लेकिन जरूरी है कि दोनों की सेवा समान भाव से की जाए।

**सेवा में समानता रखना जरूरी:** अगर घर में दो लड्डू गोपाल हैं, तो उनकी देखभाल में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। दोनों के लिए अलग-अलग वस्त्र रखें और उन्हें अलग-अलग भोग अर्पित करें। इस तरह की सेवा से पूजा का महत्व बढ़ता है और घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है।

**मूर्ति के आकार का ध्यान रखें:** यदि आप दो लड्डू गोपाल स्थापित कर रहे हैं, तो इस बात का ध्यान रखें कि उनकी मूर्तियों का आकार अलग-अलग हो। एक जैसे आकार की मूर्तियां रखने की बजाय दोनों में थोड़ा अंतर रखना शुभ माना जाता है।

**भोग से जुड़े नियम:** लड्डू गोपाल को दिन में चार बार भोग लगाने की परंपरा है और भोग पूरी तरह सात्विक होना चाहिए। इसमें तुलसी दल जरूर शामिल करें। दही, मक्खन, दूध और मेवे जैसे पदार्थ उन्हें अर्पित करना विशेष रूप से शुभ माना जाता है। साथ ही भोग में समय-समय पर बदलाव करना भी अच्छा माना जाता है।




राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस को 27 रन से हरा दिया। गुवाहाटी के बारसपारा क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में बारिश बाधा बनी, जिसकी वजह से टॉस में देरी हुई और मैच 11-11 ओवर्स का हो सका। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान ने तीन विकेट पर 150 रन बनाए। जवाब में मुंबई की टीम निर्धारित ओरवरों में नौ विकेट पर 123 रन ही बना सकी।

# बारिश से प्रभावित मैच में यशस्वी और वैभव ने मचाया धमाल, मुंबई पर जीत के साथ राजस्थान शीर्ष पर पहुंची

**गुवाहाटी।** राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस को 27 रन से हरा दिया। मंगलवार को गुवाहाटी के बारसपारा क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए आईपीएल 2026 के 13वें मुकाबले में बारिश बाधा बनी, जिसकी वजह से टॉस में देरी हुई और मैच 11-11 ओवर्स का हो सका। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान रॉयल्स ने यशस्वी जायसवाल की तूफानी अर्धशतकीय पारी की मदद से 11 ओवर में तीन विकेट पर 150 रन बनाए। जवाब में मुंबई इंडियंस की टीम 11 ओवर में नौ विकेट पर 123 रन ही बना सकी।

### राजस्थान रॉयल्स शीर्ष पर पहुंची

यह राजस्थान की इस सत्र की लगातार तीसरी जीत है। वहीं, मुंबई को लगातार दूसरी बार हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले टीम को दिल्ली कैपिटल्स ने अरुण जेटली स्टेडियम में हराया था। राजस्थान इस जीत के साथ आईपीएल 2026 की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। उसके खाते में छह अंक और नेट रन रेट 2.403 का है। वहीं, मुंबई सातवें पायदान पर है। उसका नेट रन रेट -0.715 हो गया है।

### जायसवाल का 23 गेंदों में 17वां अर्धशतक

राजस्थान 84 के स्कोर तक अपने दो विकेट खो चुकी थी। यहां से जायसवाल ने कप्तान रियान पराग के साथ तीसरे विकेट के लिए 19 गेंदों में 37 रन जुटाए। रियान 10 गेंदों में तीन बाउंड्री के साथ 20 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद जायसवाल ने शिमरॉन हेटमायर के साथ चौथे विकेट के लिए 13 गेंदों में 29 रन की अटूट साझेदारी करते हुए टीम को 150 के स्कोर तक पहुंचाया। जायसवाल 32 गेंदों में चार छक्कों और 10 चौकों के साथ 77 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि हेटमायर ने सात गेंदों में नाबाद छह रन बनाए। विपक्षी खेमे से गजनफर ने 21 रन देकर दो विकेट निकाले, जबकि शार्दुल ठाकुर ने एक विकेट अपने नाम किया।




### जायसवाल और सूर्यवंशी ने दिलाई आतिशी शुरूआत

बारिश के चलते मैच की पहली गेंद रात 10 बजकर 10 मिनट पर फेंकी गई। इस दौरान 9-9 ओवरों की कटौती हुई। टॉस गंवाकर बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान रॉयल्स के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने वैभव सूर्यवंशी के साथ पांच ओवरों में 80 रन की साझेदारी की। वैभव 14 गेंदों में पांच छक्कों और एक चौके के साथ 39 रन बनाकर आउट हुए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे ध्रुव जुरेल महज दो रन ही टीम के खाते में जोड़ सके।

### ताश के पत्तों की तरह बिखरा मुंबई का बल्लेबाजी क्रम

इसके जवाब में मुंबई इंडियंस ने अपनी पारी के पहले ओवर की अंतिम गेंद पर रेयान रिकेल्टन (8) का विकेट खो दिया। उस समय तक टीम सिर्फ 10 ही रन बना सकी थी। इसके बाद रोहित शर्मा (5) ने सूर्यकुमार यादव (6) के साथ दूसरे विकेट के लिए सिर्फ 10 रन जुटाए। यह टीम निरंतर अंतराल पर विकेट खोती रही। आलम ये रहा कि 46 के स्कोर तक उसके पांच विकेट गिर चुके थे।

यहां से शेरफेन रदरफोर्ड ने नमन धीर के साथ छठे विकेट के लिए 17 गेंदों में 47 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 93 के स्कोर तक पहुंचाया, लेकिन यह साझेदारी टूटते ही टीम फिर से लड़खड़ा गई। नमन धीर और रदरफोर्ड ने 25-25 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। विपक्षी खेमे से नांद्रे बर्गर, संदीप शर्मा और रवि बिश्नोई ने 2-2 विकेट निकाले, जबकि जोफ्रा आर्चर और तुषार देशपांडे को 1-1 सफलता हाथ लगी।

# केकेआर को राहत, कैमरन ग्रीन बल्लेबाजी के अलावा कर सकते हैं गेंदबाजी

**नई दिल्ली।** कैमरन ग्रीन को लेकर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए अच्छी खबर सामने आई है। लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के खिलाफ गुरुवार को होने वाले मैच से पहले ग्रीन अब गेंदबाजी करने के लिए तैयार दिख रहे हैं।कोलकाता और लखनऊ के बीच मुकाबला ईडेन गार्डेन्स में खेला जाएगा। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार, इस मैच में ग्रीन के गेंदबाजी करने की संभावना है, जो टीम के लिए बड़ी राहत मानी जा रही है। ग्रीन ने आईपीएल 2026 के शुरूआती दो मैचों (मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ) गेंदबाजी नहीं की थी। इसके बाद पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच बारिश के कारण अधूरा रह गया था।

दरअसल, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने पहले ही साफ कर दिया था कि ग्रीन लोअर बैक इंजरी से जूझ रहे हैं और उन्हें कुछ समय तक गेंदबाजी से दूर रहना होगा। लेकिन अब लगभग 10झ12 दिन बाद उनकी रिकवरी पूरी हो चुकी है और वे फिर से गेंदबाजी के लिए तैयार हैं।

ग्रीन का प्रदर्शन बल्ले से भी खास नहीं रहा है। उन्होंने अब तक 18, 2 और 4 रन बनाए हैं। आईपीएल ऑक्शन में केकेआर ने उन्हें 25.20 करोड़ रुपये में खरीदा था, जिससे उम्मीदें काफी ज्यादा थीं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान आरोन फिंच ने कहा कि ग्रीन इस समय आत्मविश्वास की कमी से जूझ रहे हैं। उनके मुताबिक, ग्रीन को ऊपर बल्लेबाजी करानी चाहिए।

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाँय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**आवश्यकता है**
(1 )अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी
वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला
और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**आवश्कता हैं**
उद्योगपुरी क्षेत्र हेतु सिक्योरिटी गार्ड, चौकीदार, हाउस कीपर, कंप्यूटर ऑपरेटर
संपर्क उज्जैनः
9893374872

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### पार्किंग को लेकर महिला से हुई थी कहासुनी थाने पहुंचे बीजेपी पार्षद कालरा और समर्थक

**इंदौर।** जूनी इंदौर थाने में मंगलवार रात बीजेपी पार्षद कमलेश कालरा अपने समर्थक सचिन जेसवानी के खिलाफ शिकायत लेकर पहुंचे। सूचना मिलने पर सचिन जेसवानी भी थाने पहुंच गए। हालांकि दोनों पक्ष पुलिस अधिकारियों से मिलकर वापस लौट गए। कुछ दिन पहले सचिन जेसवानी से जुड़ा एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें एक महिला से पार्किंग को लेकर कहासुनी होती दिखाई दी थी। यह वीडियो पमनानी नाम के युवक ने बनाया था, जिसे कालरा का समर्थक बताया जा रहा है। सचिन जेसवानी ने थाने में आवेदन देकर आरोप लगाया था कि महिला ने एक किरायेदार रखा है, जो उनके घर के पास कार पार्क करता है, लेकिन उसकी जानकारी थाने में नहीं दी गई। इसके बाद महिला ने किरायेदार को हटा दिया। वहीं, महिला ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि उसका सचिन से कोई विवाद नहीं है। मंगलवार को कमलेश कालरा उसी महिला के साथ एफआईआर दर्ज कराने पहुंचे थे, लेकिन दोनों पक्ष एसीपी और टीआई से चर्चा के बाद बिना शिकायत दर्ज कराए वापस लौट गए।

### 50 लाख में जमीन की डील हुई, एक्ट्रेस के भाई खुद जमीन दिखाने ले गए थे

**इंदौर।** मुझे परिवार द्वारा सालाना 50 लाख रुपए के किराए पर जमीन देने के लिए सहमति दी गई थी। इस संबंध में रेमन के दोनों भाइयों, उनकी पत्नियों और उनकी मां ने मुझे घर बुलाकर डील तय की थी। एफआईआर दर्ज करने से पहले मेरा पक्ष नहीं सुना गया और सीधे एकतरफा मामला दर्ज कर दिया गया। यह कहना है इंदौर के शराब कारोबारी और क्रिकेट टीम के मालिक सूरज रजक का। सूरज का कहना है कि उनके खिलाफ लगाए गए सभी आरोप पूरी तरह निराधार हैं और रेमन कक्कड़ द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर गलत है। उनका दावा है कि जमीन पर कब्जा करने जैसी कोई घटना कभी हुई ही नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि संबंधित परिवार पहले से ही विवादित रहा है और इस जमीन को लेकर पहले भी किसी अन्य व्यक्ति के साथ सौदा कर पैसे हड़पने का मामला कोर्ट में लंबित है। सूरज रजक ने परिवार के साथ हुई चैटिंग और बातचीत साझा करते हुए बताया कि जमीन किराए पर देने के लिए उन्हें परिवार की सहमति मिली थी। परिवार ने उन्हें बताया था कि जमीन सरकारी है और इस पर विवाद चल रहा है, इसलिए फिलहाल लिखित अनुबंध संभव नहीं है, लेकिन 50 लाख रुपए सालाना किराए पर जमीन देने की बात तय हुई थी। सूरज के मुताबिक, रेमन कक्कड़ के भाई ने उन्हें घर बुलाया था, जहां उनकी मां, दोनों भाई, उनकी पत्नियां और बड़े भाई की बेटी भी मौजूद थीं। सभी की सहमति के बाद ही उन्होंने जमीन पर काम शुरू कराया। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि उनका इरादा कब्जा करने का होता, तो क्या वे इस तरह घर जाकर बातचीत करते।

### पीडब्ल्यूडी के दो अधिकारी 90 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**इंदौर।** भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत इंदौर में लोकायुक्त पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लोक निर्माण विभाग के दो अधिकारियों को 90 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। लोकायुक्त पुलिस के अनुसार, आवेदक राघवेन्द्र सिंह गुर्जर, निवासी रामनगर आदर्शपुरम, ग्वालियर, जो सांई एसोसिएट फर्म में लायजनिंग मैनेजर हैं। उन्होंने शिकायत दर्ज कराई थी। उनकी फर्म ने सितंबर 2025 में राऊ से बामपुरा तक इलेक्ट्रिक सिटिंग का काम 20 लाख रुपए में लिया था, जिसे एक माह में पूर्ण कर दिया गया था। कार्य पूर्ण होने के बाद जीएसटी सहित 17 लाख रुपए का भुगतान लंबित था। शिकायत में बताया गया कि भुगतान जारी करने के एवज में आरोपी बालकुमार जैन (सहायक यंत्री/प्रभारी कार्यपालन अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, विद्युत व यांत्रिकी संभाग इंदौर) ने 4% के हिसाब से 60 हजार रुपए और आरोपी धीरेंद्र कुमार नीमा (सब इंजीनियर/प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी) ने 2% के हिसाब से 30 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की थी। इस प्रकार कुल 90 हजार रुपए की मांग की गई थी। आवेदक ने इसकी शिकायत राजेश सहाय (एसपी, लोकायुक्त) से की। शिकायत के सत्यापन के बाद 7 अप्रैल को ट्रैप दल का गठन किया गया। कार्रवाई के दौरान आरोपी बालकुमार जैन को 60 हजार रुपए और धीरेन्द्र कुमार नीमा को 30 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018 की धारा 7 एवं भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 61(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### प्रेमी संग घर छोड़ कर गई युवती ने वापस लौटकर फांसी लगा ली

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में रहने वाली 23 वर्षीय रिया शर्मा ने मंगलवार शाम अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक, रिया तीन दिन पहले अपने प्रेमी विजय कौशल के साथ घर छोड़कर चली गई थी। मंगलवार दोपहर उसके पिता संजू शर्मा को दोनों एमआर-10 इलाके में मिले, जिसके बाद समझाइश देकर उन्हें घर ले जाया गया। दोपहर में नहाने के बाद रिया से खाने का पूछा, लेकिन उसने इनकार कर दिया। वह हॉल में मां के पास ही बैठी रही। शाम के समय रिया के पिता दूध लेने बाहर गए थे। इसी दौरान रिया ने घर के पीछे के कमरे में खुद को बंद कर फांसी लगा ली। घटना के समय उसकी मां और प्रेमी विजय घर के हॉल में ही मौजूद थे, जबकि भाई पिता के गैरेज पर था। पिता के अनुसार, रिया और विजय के बीच पिछले 4 साल से संबंध थे। विजय शादी की बात को लगातार टालता रहा। इसी बीच परिवार ने रिया के लिए बेंगलुरु में रिश्ता देखा, लेकिन विजय ने इसका विरोध किया। परिजनों ने बताया कि विजय कुछ काम नही करता। उसने रिया से शादी का प्रस्ताव काफी समय पहले रखा था। तब उसे यह कहकर हां की थी कि वह कुछ काम करे तब बेटी का रिश्ता पक्का कर देंगे। लेकिन करीब 4 साल तक विजय टालता रहा। आखिर में रिया ने खुद परिजनो से दूसरा रिश्ता देखने को लेकर बात की। लेकिन विजय ने वहां भी बात नही होने दी ओर रिया को रोक दिया। उन्होने अपनी बेटी के मौत को लेकर विजय ओर उसके परिवार पर आरोप लगाए है। परिजनों का कहना है कि विवाद के दौरान रिया ने पहले अपने हाथ की नस भी काट ली थी। इसके बाद वह विजय के साथ उसके घर गई, लेकिन वहां भी कहासुनी के बाद वापस आ गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि विजय कोई काम नहीं करता था और लगातार शादी टालता रहा, जिससे रिया मानसिक रूप से परेशान थी। फिलहाल बाणगंगा थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### पुलिस की काउंसलिंग के बाद बेटे ने मानी गलती; मां के पैर छूकर माफी मांगी



**इंदौर।** जनसुनवाई के दौरान एक भावुक मामला सामने आया, जहां रोती हुई मां ने अपने ही बेटे के खिलाफ गुहार लगाई। मां ने शिकायत में बताया कि बेटा खर्च नहीं देता, मारपीट करता है और बहू भी प्रताड़ित करती है। एसीपी रूबिना मिजवानी ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मां और बेटे को काउंसलिंग के लिए बुलाया। एसीपी कार्यालय में थाना प्रभारी सुशील पटेल और अनुभवी महिला काउंसलरों की मौजूदगी में पूरे परिवार को बैठाकर दोनों पक्षों की बात सुनी गई। काउंसलिंग के दौरान मां की भावनाओं को समझाते हुए बेटे को उसके कर्तव्यों का एहसास कराया गया। इसके बाद बेटे ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए मां से माफी मांगी। मां ने अपने खर्च के लिए हर महीने 8 हजार रुपए और रहने के लिए दो कमरों के किराए की मांग रखी, जिसे बेटे ने सहर्ष मान लिया। इसके बाद बेटे ने मां के पैर छूकर आशीर्वाद लिया और मिठाई खिलाकर विवाद खत्म किया। इस पहल के बाद बुजुर्ग महिला ने पुलिस का आभार जताया।

#### मालवा मिल क्षेत्र में प्रस्तावित शराब दुकान के विरोध में बड़ी संख्या में रहवासी सड़क पर उतरे

# रिहाइशी इलाके में शराब दुकान खुलने नहीं देंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मालवा मिल क्षेत्र में प्रस्तावित शराब दुकान के विरोध में बुधवार को बड़ी संख्या में रहवासी सड़क पर उतर आए। करीब 4 घंटे बाद भी लोग वहां मौजूद हैं और सड़क पर चूल्हे पर पोहा बनाकर खा रहे हैं। लोगों का कहना है कि रिहाइशी इलाके में शराब दुकान खुलने से माहौल खराब होगा और बच्चों पर भी गलत असर पड़ेगा। स्थानीय लोगों के मुताबिक, यह शराब दुकान किसी दूसरे क्षेत्र से शिफ्ट होकर यहां लाई जा रही है। रहवासियों ने कहा कि वे किसी भी हालत में इसे अपने इलाके में खुलने नहीं देंगे।





इधर, विरोध के बीच बीजेपी पार्षद और एमआईसी मेंबर नंदू पहाड़िया भी 20-25 समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने रहवासियों से बातचीत की। उनकी मांगों का समर्थन करते नजर आए। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया। पुलिसकर्मी पूरे समय हालात पर नजर बनाए रहे, ताकि विरोध के दौरान कोई अप्रिय स्थिति न बने। प्रशासन की ओर से अभी कोई अंतिम निर्णय सामने नहीं आया है, लेकिन रहवासियों ने साफ कर दिया है कि जब तक दुकान का स्थान बदला नहीं जाता, विरोध जारी रहेगा। लोग टेंट लगा रहे थे, जिसे पुलिस ने रुकवा दिया। उधर, आबकारी अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं, पर वे दुकान को लेकर कोई निर्णय नहीं ले पा रहे हैं।

#### तीन साल पहले भी हुआ था विरोध

- रहवासी शिल्पा जैन ने कहा कि दारू पीने वाले कोई अच्छे लोग तो हैं नहीं। दुकान खुली तो हम कैसे रहेंगे। ये पारिवारिक एरिया है। यहीं से स्कूल के बच्चे निकलते हैं। माहौल खराब होगा।
- साल 2022 में भी ऐसा हुआ था। तीन साल पहले भी हंगामा हुआ। फिर अब कैसे दुकान खोल रहे हैं। रातोरात दुकान खोलने की पूरी तैयार कर ली। अनुराधा जैन ने कहा कि 600 मीटर में चार दुकानें पहले से हैं। मालवा मिल, यहां और चरक हॉस्पिटल के सामने हैं। ये पांचवीं दुकान है। इतनी कम दूरी पर इतनी दुकानें ठीक नहीं हैं।

## रेप केस में सजा काट रहे नारायण साईं को तलाक

### इंदौर की फैमिली कोर्ट ने दी मंजूरी, पत्नी को 2 करोड़ रु. भरण-पोषण देने का आदेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में फैमिली कोर्ट ने नारायण साईं और उनकी पत्नी जानकी के बीच लंबे समय से चल रहे वैवाहिक विवाद में तलाक को मंजूरी दे दी है।

कोर्ट ने नारायण साईं को पत्नी को 2 करोड़ रुपए स्थायी भरण-पोषण (एलुमनी) देने का आदेश दिया है। यह मामला करीब आठ साल तक कोर्ट में चला। कोर्ट ने 2 अप्रैल को फैसला सुरक्षित रखने के बाद आदेश पारित किया था, जिसकी जानकारी मंगलवार को पीड़िता के वकील अनुराग गोयल ने दी। बता दें कि नारायण साईं अभी दुष्कर्म के एक मामले में सूरत जेल में बंद है। 24



मार्च को ही उसे इंदौर की फैमिली कोर्ट में पेशी के लिए लाया गया था।

**2008 में शादी, 2013 से अलग रह रहे थे-** याचिका के मुताबिक, जानकी और नारायण साईं की शादी 2008 में हुई थी, लेकिन 2013 से दोनों अलग रह रहे हैं। पत्नी ने पति पर परित्याग का आरोप लगाया और कहा कि लंबे समय से उनके बीच वैवाहिक संबंध नहीं हैं।

**5 करोड़ मांगे, कोर्ट ने 2 करोड़ तय किए-** याचिका में नारायण साईं पर अन्य महिलाओं से संबंध होने के आरोप लगाए गए। साथ ही सूरत की अदालत में दुष्कर्म मामले में सुनाई गई सजा का भी उल्लेख किया गया। पत्नी ने 5 करोड़ रुपए एलुमनी की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद 2 करोड़ रुपए देने का आदेश दिया।

## सरकारी जमीन से हटाया अवैध कब्जा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में आज इंदौर जिला प्रशासन और नगर निगम की टीम ने भू-माफियाओं और अतिक्रमणकारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। जूनी इंदौर तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम पिपल्याराव में करीब 1.784 हेक्टेयर (लगभग 4.4 एकड़) सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इस प्राइम लोकेशन वाली जमीन की बाजार कीमत करीब 100 करोड़ रुपए आंकी जा रही है।

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

## सुप्रीम कोर्ट के वकीलों का बना चालान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

हीरानगर थाना पुलिस ने सोमवार देर रात एमआर-10 चौराहे पर हरियाणा नंबर की कार में सवार सुप्रीम कोर्ट के दो वकीलों और उनके साथियों को रोका। जांच में सभी के शराब के नशे में होने की पुष्टि होने पर पुलिस ने वाहन जब्त कर चालानी कार्रवाई की।

थाना प्रभारी सुशील पटेल अपनी टीम के साथ एमआर-10 रोड पर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान हरियाणा नंबर की कार को रोका गया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के दो वकील अपने साथियों के साथ इंदौर आए थे। पुलिस के अनुसार वाहन सवार लोग शराब के नशे में थे और उन्होंने कार छोड़ने के लिए पुलिस पर दबाव बनाया। उन्होंने अपने वकील होने का परिचय भी दिया, लेकिन पुलिस ने नियमों का हवाला देते हुए वाहन छोड़ने से इनकार कर दिया। टीआई सुशील पटेल ने वकीलों से ड्राइवर बुलाने को कहा, लेकिन शराब की मात्रा अधिक होने के कारण वाहन नहीं छोड़ा गया। इसके बाद सभी लोग टैक्सी से होटल चले गए। मंगलवार को संबंधित वकीलों ने इंदौर के एक वकील की मदद से ड्रिंक एंड ड्राइव का चालान भरकर अपनी कार छुड़वाई। इसके बाद वे कोर्ट में मामलों की पैरवी के लिए पहुंचे। टीआई सुशील पटेल ने बताया कि सोमवार देर रात नशे में वाहन चलाने पर नियमानुसार कार्रवाई की गई थी।

#### इंदौर में टैक्सी चालक ने की खुदकुशी

## पुलिस पर लगाए पीटने और भ्रष्टाचार के आरोप, सब-इंस्पेक्टर निलंबित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

टैक्सी चालक अभिषेक पाटिल ने पुलिस पर मारपीट और रिश्वत के आरोप लगाते हुए आत्महत्या कर ली। वीडियो वायरल होने पर सब-इंस्पेक्टर मनोहर पाल निलंबित कर दिए गए, जबकि मामले की जांच एसीपी को सौंपी गई है।

25 वर्षीय टैक्सी चालक की आत्महत्या के मामले ने गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। युवक ने अपनी जान देने से पहले एक वीडियो बनाकर पुलिस पर मारपीट और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए, जिसके बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सब-इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया है। अभिषेक पाटिल ने मंगलवार को अपने घर में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। इससे पहले उन्होंने एक भावुक वीडियो रिकॉर्ड किया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में उन्होंने अपने साथ हुई कथित घटना और पुलिस के व्यवहार को लेकर गंभीर आरोप लगाए। वीडियो में अभिषेक पाटिल ने बताया कि सोमवार रात राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में उनकी टैक्सी की एक अन्य कार से हल्की टक्कर हो गई थी। उनका आरोप था कि इस मामूली घटना के बाद पुलिस ने दूसरे चालक का पक्ष लिया और कथित रूप से भ्रष्टाचार के चलते उनके साथ मारपीट की। अभिषेक ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस ने उनकी टैक्सी जब्त कर ली, उन्हें धमकाया गया और 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी गई। इन आरोपों के सामने आने के बाद अधिकारियों ने तत्काल संज्ञान लिया और मामले की जांच शुरू की।

STAFF REQUIRED
SUNRISE COLLEGE OF PROFESSIONAL STUDIES
Ingoriya, Ujjain–Badnagar Road
Qualified teaching staff required for BA, B.Com & B.Sc courses.
POSITIONS AVAILABLE:
• Principal
• Assistant Professor
• Lecturer
ELIGIBILITY:
PG, NET/SET, Ph.D (Preferred)
CONTACT (DIRECTOR):
8827448385

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति
सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समय: सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियां व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
नि:शुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

JAYSHREE PHARMACEUTICALS
www.dantavali.com
दंतावली
गम मसाज पाउडर
सिगरेट, बीड़ी तंबाखू एवं गुटखा के कारण होने वाली
दांत एवं मुँह की समस्या
से राहत में सहायक
Dantavali
GUM MASSAGE POWDER
100% NATURAL PRODUCT
इन समस्याओं से राहत में सहायक
दांतों के दाग-धब्बे
दांतों की सड़न
मुँह का पूरा न खुलना
मुँह के छाले
मुँह की दुर्गंध
दांतों की झनझनाहट
गर्म एवं तीखा खाने में तकलीफ
ठंडा एवं खट्टा खाने में तकलीफ
स्टॉकिस्ट/अधिकृत विक्रेता बनने के लिए संपर्क : 77010-10250
Owned By PAGE PRASHANT AGARWAL GROUP OF ENTERPRISES | Powered By | Associated Brand AKSHOBH VEDA

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com